


# शुभ लाभ

खबरें जो सोच बदल दे

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र




Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 | मंगलवार, 24 जून, 2025 | हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित | website : https://www.shubhlabhdaily.com | संपादक : गोपाल अग्रवाल | पृष्ठ : 14 | मूल्य-8 रु. | वर्ष-7 | अंक-173

### ईरान की संसद ने होर्मुज स्ट्रेट बंद करने का फैसला लिया

# विश्व को कच्चे तेल की सप्लाई में आएगी बड़ी रुकावट




**तेहरान, 23 जून (एजेंसियां)।**

ईरान की संसद ने होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस पर अंतिम फैसला अब ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद द्वारा लिया जाएगा। ईरान की संसद ने अमेरिका द्वारा ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर हमला किए जाने के बाद होर्मुज स्ट्रेट बंद करने का फैसला लिया। ईरानी संसद के इस फैसले से पश्चिम एशिया में तनाव काफी बढ़ गया है और दुनियाभर में तेल आपूर्ति को लेकर चिंता बढ़ गई है। ईरान के विदेश मंत्री सईद अब्बास अरागची ने कहा है कि ईरान के पास और भी कई विकल्प हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करना इनमें सबसे प्रभावशाली और खतरनाक विकल्प माना जा रहा है।

### रूस ने ईरान का समर्थन देने का किया खुला ऐलान

### भारत में तेल-गैस के दाम बढ़ने का अंदेशा गहराया

होर्मुज जलडमरूमध्य फारस की खाड़ी को ओमान की खाड़ी से जोड़ता है और यह दुनिया का सबसे अहम तेल व्यापार मार्ग है। इस संकीर्ण समुद्री रास्ते से सऊदी अरब, ईरान, यूएई जैसे देशों का तेल और गैस दुनियाभर में जाता है। इसकी चौड़ाई सबसे संकरे हिस्से में सिर्फ 33 किलोमीटर है, जिससे इसे रोकना या बाधित करना आसान हो जाता है। अमेरिकी ऊर्जा सूचना प्रशासन (ईआईए) के अनुसार वर्ष 2024 में दुनिया के समुद्री तेल व्यापार का 25 प्रतिशत और लिक्विड नैचुरल गैस (एलएनजी) का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा इसी जलडमरूमध्य से होकर गुजरा। अगर ईरान इस जलमार्ग को बंद करता है तो इससे वैश्विक तेल आपूर्ति बाधित होगी और कीमतों में भारी उछाल आ सकता है।

भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक देश है और इसका एक बड़ा हिस्सा मध्य पूर्व से आता है। ईआईए की रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2024 में होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले तेल का 69 प्रतिशत हिस्सा चीन, भारत, जापान और दक्षिण कोरिया को गया। अगर यह रास्ता बाधित होता है तो भारत को तेल मिलना मुश्किल नहीं होगा, लेकिन दाम जरूर बढ़ सकते हैं। भारत रूस, अमेरिका और अफ्रीका जैसे विकल्पों से भी तेल खरीदता है, लेकिन कीमतों में उतार-चढ़ाव का असर पेट्रोल-डीजल से लेकर अन्य उत्पादों पर भी पड़ेगा। इस स्थिति से निपटने के लिए भारत सरकार ने तैयारी शुरू कर दी है। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने कहा है कि भारत फारस की खाड़ी के बाहर से तेल मंगाने की योजना बना रहा है और रिफाइन्ड प्रोडक्टस (जैसे पेट्रोल-डीजल) के निर्यात में कटौती करेगा। अमेरिका द्वारा ईरान पर सैन्य हमले के जवाब में ईरान की संसद ने दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण तेल मार्गों में से एक होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने के पक्ष में मतदान किया। इस कदम ने वैश्विक बाजारों में बेचैनी बढ़ा दी है और कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल ▶10 पर

### मदुरई में हिंदू सम्मेलन के मंच से बोले आंध्र के डिप्टी सीएम

# हिंदुओं के धैर्य को कमजोरी न समझें : पवन कल्याण



**मदुरई, 23 जून (एजेंसियां)।**

### मेरे धर्म का अपमान न करें, यह सेकुलरिज्म नहीं

मदुरई में हिंदू सम्मेलन के दौरान आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने कहा कि अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर हिंदू धर्म और देवी-देवताओं का अनादर गलत है और इसे रोका जाना चाहिए। पवन कल्याण ने फर्जी सेकुलरों पर तीखा हमला किया। हिंदू मुन्नानी द्वारा आयोजित मुरुगा भक्तरगल मानदु कार्यक्रम में बोलते हुए पवन कल्याण ने कहा कि फर्जी सेकुलर तत्व अभिव्यक्ति की आजादी की आड़ में हिंदू देवताओं और आस्थाओं को जानबूझकर निशाना बना रहे हैं। पवन कल्याण ने खुद को प्रतिबद्ध हिंदू बताया और कहा कि उन्हें अपने धर्म के लिए वही सम्मान चाहिए जो दूसरों को मिलता है। पवन कल्याण ने कहा कि धर्मनिरपेक्षता का मतलब सभी धर्मों के साथ समान व्यवहार होना चाहिए, लेकिन आज इसे केवल हिंदू धर्म को छोड़कर बाकी सभी की रक्षा के रूप में पेश किया जा रहा है।

भाजपा नेता के अन्नामलाई और एआईएडीएमके के प्रतिनिधियों समेत कई बड़े नेता और बड़ी संख्या में लोग इस कार्यक्रम में मौजूद थे। पवन कल्याण ने कहा, हिंदू धर्म की जड़ों को नुकसान पहुंचाने की कोशिशें हो रही हैं। इसके लिए धर्मनिरपेक्षता और अभिव्यक्ति की आजादी जैसे शब्द को सुविधाजनक हथियार बना लिया गया है। इसी हथियार से हिदुओं और हिंदू देवताओं को बार-बार निशाना बनाया जा रहा है। ▶10 पर

### मुस्लिम तुष्टिकरण में शर्मो हया के पार ममता सरकार

## पश्चिम बंगाल में रथ यात्रा पर नहीं लगेगा मेला

**कोलकाता, 23 जून (एजेंसियां)।**



### 629 साल पुरानी परंपरा पर ममता ने लगाई रोक

पश्चिम बंगाल की ममता सरकार ने मालदा जिले में होने वाले 629 साल पुराने रथ मेले पर रोक लगा दी है। मालदा जिले के जलालपुर कस्बे में हर साल यह मेला आयोजित होता रहा है। इस बार मेले पर रोक लगाने के ममता सरकार के फैसले से हिंदू आस्था को बड़ा झटका लगा है। मेले का आयोजन श्री महाप्रभु मंदिर के पास होता है, जो करीब एक हफ्ते तक चलता है। रथ यात्रा इसका हिस्सा होती है। प्रशासन ने बहुत मुश्किल से सिर्फ रथ यात्रा की अनुमति दी है, लेकिन मेले पर रोक का फरमान जारी कर दिया गया है। पुलिस का कहना है कि मेले से इलाके में कानून-व्यवस्था की समस्या पैदा हो सकती है। जबकि यह मेला करीब साढ़े छह सौ साल से लगता आया है। पुलिस का कहना है कि पिछले कुछ वर्षों में रथ यात्रा के दौरान असामाजिक तत्वों ने हत्या जैसी कई संगीन वारदातों को अंजाम दिया। इसलिए टीएमसी सरकार के निर्देश पर स्थानीय प्रशासन ने मेला रोकने का फैसला लिया है। हिंदू समुदाय इस फैसले से नाराज है। यह सैकड़ों साल पुरानी परंपरा है, जो पहली बार ममता सरकार रोकने जा रही है। 629 साल पुराने रथ मेले को रोकने के फैसले से आयोजक भी हैरान हैं। उनका कहना है कि यह मेला सिर्फ धार्मिक नहीं, बल्कि इलाके की अर्थव्यवस्था के लिए भी बहुत जरूरी है। इसमें हर जाति और धर्म के लोग शामिल होते हैं।

परिस्थितियों से मजबूर होकर आयोजकों ने अब अदालत का दरवाजा खटखटाने का फैसला किया है। रथ यात्रा समिति के सचिव गौतम मंडल ने कहा, यह मेला बाबर और मुगलों के आने से भी पहले से हो रहा है। इसे सिर्फ वोट बैंक की राजनीति के कारण रोका जा रहा है। टीएमसी के राज्य महासचिव कृष्णेंदु नारायण चौधरी ने पुलिस के फैसले को सही बताया और इसे कानून-व्यवस्था का मामला कहा। वहीं, स्थानीय भाजपा नेता अजय गांगुली ने कहा कि यह फैसला टीएमसी सरकार की असली नीयत दिखाता। उल्लेखनीय है कि अभी पिछले ही दिनों टीएमसी सरकार ने दीघा स्थित जगन्नाथ ▶10 पर

### कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने अपने लेख में कहा

## मोदी की ऊर्जा और इच्छाशक्ति देश की ताकत है

**नई दिल्ली, 23 जून (एजेंसियां)।**



### राष्ट्रीय हितों और विदेश नीति पर एकता जरूरी है

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने एक बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी विदेश नीति की तारीफ की। शशि थरूर का यह बयान उनकी पार्टी लाइन से एकदम अलग है और राहुल गांधी को मिर्ची लगाने वाला है। शशि थरूर का मानना है कि राष्ट्रीय हितों और विदेश नीति पर एकता जरूरी है। भारत की तकनीक, व्यापार और परंपरा की त्रिमूर्ति से एक न्यायसंगत, सुरक्षित और समृद्ध वैश्विक भूमिका निभाई जा सकती है। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वैश्विक स्तर पर भूमिका की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी ऊर्जा, सक्रियता और संवाद करने की इच्छाशक्ति भारत के लिए एक प्रमुख सम्पत्ति है। शशि थरूर की यह टिप्पणी कांग्रेस पार्टी की राहुल-वादी लाइन से मेल नहीं खाती, जो लगातार मोदी सरकार की विदेश नीति की आलोचना करती है। कांग्रेस नेता शशि थरूर का एक लेख प्रकाशित हुआ है, जिसमें उन्होंने हाल ही में हुए ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत की कूटनीतिक पहल को राष्ट्रीय संकल्प और प्रभावी संप्रेषण का उदाहरण बताया।

शशि थरूर ने अपने लेख में लिखा, प्रधानमंत्री मोदी की ऊर्जा, सक्रियता और वैश्विक स्तर पर संवाद की तत्परता भारत की एक बड़ी ताकत है, जिसे और अधिक समर्थन मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले और उसके जवाब में शुरू हुए ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत की कूटनीतिक सक्रियता ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की स्थिति को मजबूत किया।

कांग्रेस नेता ने बताया कि उन्होंने एक सात सदस्यीय बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया, जिसने अमेरिका समेत गयाना, पनामा, कोलंबिया और ब्राजील जैसे देशों की यात्रा की। इन दौरों का उद्देश्य था दुनिया को यह समझाना कि भारत का हमला आतंकवाद के खिलाफ एक आत्मरक्षा का कदम था, न कि किसी राष्ट्र के खिलाफ युद्ध। उन्होंने कहा, हमारी एकजुटता ने दुनिया के सामने एक मजबूत संदेश दिया कि भारत आतंकवाद के मुद्दे पर एक स्वर में बोलता है, चाहे अंदरूनी राजनीति में कितने भी मतभेद हों। ▶10 पर

### पांच विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव का परिणाम

## आम आदमी पार्टी ने जीत ली दो सीटें

**नई दिल्ली, 23 जून (एजेंसियां)।**



आर्यदान शौकत | राजेंद्र चावड़ा | संजीव अरोड़ा | गोपाल इटालिया | अलीफा अहमद

### भाजपा, कांग्रेस और टीएमसी को एक-एक

गुजरात, केरल, पंजाब और बंगाल में हुए उपचुनाव के नतीजे आ गए हैं। गुजरात में आम आदमी पार्टी (आपा) और भाजपा ने एक-एक सीट पर जीत दर्ज की। वहीं, केरल में कांग्रेस ने जीत हासिल की, जबकि बंगाल में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने बड़ी बढ़त लेते हुए सीट पर कब्जा किया। पंजाब में भी आम आदमी पार्टी की जीत हुई है। गुजरात, पंजाब, केरल और पश्चिम बंगाल की की पांच सीटों पर हुए उपचुनाव के नतीजे सोमवार को जारी किए गए। गुजरात की दो सीटों में से एक पर आम आदमी पार्टी और एक पर भारतीय जनता पार्टी को जीत मिली है। वहीं पंजाब में आम आदमी पार्टी, बंगाल में तृणमूल कांग्रेस और केरल में कांग्रेस पार्टी ने बाजी मारी है। ये उपचुनाव 19 जून को कराए गए थे।

केरल में पिनराई विजयन के नेतृत्व वाली एलडीएफ सरकार को बड़ा झटका देते हुए कांग्रेस के यूडीएफ उम्मीदवार आर्यदान शौकत ने नीलांबुर विधानसभा उपचुनाव में एलडीएफ के सीपीआई (एम) के एम स्वराज को 11,077 मतों के बड़े अंतर से हराया। 19 राउंड की मतगणना के बाद शौकत को 77,737 वोट मिले थे, जो सीपीएम के एम स्वराज से 11,077 वोटों की बढ़त थी। यह सीट मुख्यमंत्री पिनराई विजयन की अगुवाई वाली वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलटीएफ) के लिए प्रतिष्ठा से जुड़ी मानी जा रही थी। यह सीट पीवी अनवर के इस्तीफे से खाली हुई थी। भाजपा की तरफ से एडवोकेट मोहन जॉर्ज मैदान में थे।

पंजाब में लुधियाना पश्चिम सीट के लिए हुए उपचुनाव में आम आदमी पार्टी जीत गई। आपा के उम्मीदवार संजीव अरोड़ा ने पहले राउंड से बढ़त बनाए रखी जो आखिरी राउंड तक कायम रही। कांग्रेस के भारत भूषण आशु दूसरे नंबर पर रहे। ▶10 पर

### कार्टून कॉर्नर




### मौसम हैदराबाद

अधिकतम : $31^0$

न्यूनतम : $24^0$

### राहुल गांधी का बयान विवादास्पद तो सोनिया गांधी का लेख

# एक तो बेटा... ऊपर से मां..!

**हिंदी में** पुरानी कहावत है... एक तो करेला, ऊपर से नीम चढ़ा। यही कहावत राहुल गांधी और उनकी माता जी सोनिया गांधी पर लागू होती है। राहुल गांधी अपनी नाबालिग बेवकूफाना बोलियों के कारण हमेशा विवाद में रहते हैं और कांग्रेस पार्टी को हमेशा झेंपने के लिए विवश करते रहते हैं। अब उनकी माता सोनिया गांधी का एक लेख विवाद सृजित कर रहा है। हमास के आतंकियों ने इजराइल में घुस कर जो अमानवीय और घृणित हरकतें कीं, उसका खामियाजा आज पूरा पश्चिम एशिया भुगत रहा है। हमास के घिनौने कृत्य पर सोनिया, राहुल, प्रियंका सब चुप्पी शातिराना चुप्पी साधे रहे। ऊपर से फिलस्तीन प्रेम का दिखावा करने वाला झोला टांगे प्रियंका इजराइल के घाव पर नमक छिड़कने का सार्वजनिक कृत्य करती रहीं। अब सोनिया ने एक अंग्रेजी अखबार में लेख लिख कर ईरान के लिए अपना पूरा ममत्व उड़ेल दिया है। उनका यह ममत्व इजराइली बच्चों और महिलाओं के लिए नहीं था जो हमास आतंकियों के हाथों मारे




गए, अगवा हुए या बलत्कृत हुए। सोनिया गांधी की इस छद्म-मानवीयता पर इजराइल ने बड़ा कटाक्ष किया है। इजराइल का कहना है कि सोनिया गांधी को यह पता ही नहीं है कि देश-दुनिया में क्या हो रहा है। हमास ने इजराइल पर क्या किया और इजराइल के निर्दोष लोगों ने किस तरह की यंत्रणाएं झेलीं। इजराइल के राजदूत रुवेन अजार ने कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के ईरान के पक्ष में लिखे लेख पर सख्त एतराज जताया है। उन्होंने कहा है कि इजराइल ने हमेशा भारत का साथ दिया है और भारत के विपक्षी नेताओं में इतनी भी परिपक्वता नहीं कि वह कूटनीति और अंतरराष्ट्रीय संबंधों की संवेदनशीलता को समझ सके।

**शुभ-लाभ मीमांसा**

भारत में इजराइल के राजदूत रुवेन अजार ने कहा है कि सोनिया गांधी को अपनी बात रखने का अधिकार है, लेकिन उन जैसे नेताओं को क्षेत्रीय (मध्यपूर्व) हालात की जानकारी होनी चाहिए। इस इलाके में तीन दशकों से चल रही ईरानी आक्रामकता को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा, हमें यह देखकर निराशा हुई कि सोनिया गांधी ने 7 अक्टूबर 2023 को इजराइल पर हुए हमास के हमलों की निंदा नहीं की, लेकिन ईरान पर हमले के बाद बिल्कुल बौखला गईं।

▶10 पर



# ईरान ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का दरवाजा खटखटाया कहा-अमेरिका को अपने हिसाब से जवाब दिया जाएगा




**तेहरान, 23 जून (एजेंसियां)।**

**अमेरिकी हमले के बाद ईरान ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का दरवाजा खटखटाया है। ईरान के स्थायी प्रतिनिधि और संयुक्त राष्ट्र में राजदूत अमीर सईद इरावानी ने कहा कि तेहरान के पास खुद का बचाव करने और अमेरिका और इजराइल के जबरदस्त आक्रमण का जवाब देने का वैध अधिकार सुरक्षित है।**

ईरान की समाचार एजेंसी मेहर के अनुसार, इरावानी ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में 15 सदस्यीय निकाय से ईरान के परमाणु स्थलों पर संयुक्त राज्य अमेरिका के हमले का मुद्दा उठाया। उन्होंने निकाय से कहा कि अमेरिका की आक्रामकता गैरकानूनी कृत्य है। ईरान सिर्फ अपना बचाव कर रहा है।

उन्होंने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका इस क्षेत्र में आतंकवाद का समर्थन कर रहा है। उन्होंने कहा कि ईरान के विदेश मंत्री यूरोपीय नेताओं से बातचीत कर रहे थे। अमेरिकी कार्रवाई ने इस वार्ता को महत्वहीन कर दिया। ऐसे में ईरान वार्ता की मेज पर कैसे वापस आ सकता है इरावानी ने कहा कि ईरान अंतरराष्ट्रीय कानून के आधार पर संयुक्त राज्य अमेरिका और उसके प्रॉक्सी इजरायल शासन के खिलाफ खुद का बचाव करने का अपना वैध और पूर्ण अधिकार सुरक्षित रखता है।

इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कोर से संबद्ध ईरान की सरकारी संवाद समितिविदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि अमेरिका को ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमलों के परिणामों की पूरी जिम्मेदारी लेनी होगी। तेहरान को प्रतिक्रिया के के विकल्पों का सहारा लेने का अधिकार है। उन्होंने रविवार को इस्तांबुल में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि अमेरिका ने ईरान के परमाणु स्थलों पर हमला करके सभी अंतरराष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन किया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ईरान अपनी संप्रभुता, स्वतंत्रता और क्षेत्रीय अखंडता से कभी समझौता नहीं करेगा। ईरान के खिलाफ अमेरिका के दावे राजनीतिक हैं। ईरान के आईआरजीसी कुद्स फोर्स के कमांडर शहीद कासिम सुलेमानी की हत्या आतंकवादी कृत्य है।

## न्यूज ब्रीफ

### भारत के पास अब केवल 2 ऑप्शन हैं, अमित शाह के बयान से बौखलाए बिलावल ने दी युद्ध की धमकी

**पाकिस्तान, 23 जून (एजेंसियां)।**

पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो-जरदारी ने भारत को एक और खोखली धमकी देते हुए कहा कि अगर भारत ने सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) के तहत इस्लामाबाद को पानी का उचित हिस्सा देने से इनकार कर दिया तो उनका देश युद्ध की ओर बढ़ जाएगा। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (झझझ) के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी ने नेशनल असेंबली सत्र के दौरान भारत पर निशाना साधा। बिलावल ने इजराइल के ईरान पर हमले की तुलना ऑपरेशन सिंदूर से की।पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने 1960 के समझौते को स्थगित कर दिया है। गृह मंत्री अमित शाह ने पिछले सप्ताह ऐतिहासिक समझौते को कभी बहाल न करने की घोषणा की थी। बिलावल की यह टिप्पणी पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय द्वारा शाह की अंतर्राष्ट्रीय समझौतों के प्रति बेशर्मी से उपेक्षा की आलोचना के दो दिन बाद आई है। बिलावल भुट्टो ने संसद में दिए भाषण में समझौते को निलंबित करने के भारत के फैसले को खारिज किया और पाकिस्तान के हिस्से का पानी लेने की धमकी दी। उन्होंने सिंधु बेसिन की छह नदियों का जिक्र करते हुए कहा कि भारत के पास दो विकल्प हैं: पानी को उचित तरीके से साझा करें या हम सभी छह नदियों से पानी अपने पास पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि सिंधु जल संधि अभी भी प्रचलन में है क्योंकि समझौते को स्थगित नहीं रखा जा सकता। उन्होंने कहा कि सिंधु (सिंधु नदी) पर हमला और भारत का दावा कि सिंधु जल संधि समाप्त हो गई है और स्थगित है। सबसे पहले, यह अवैध है, क्योंकि सिंधु जल संधि स्थगित नहीं है, यह पाकिस्तान और भारत पर बाध्यकारी है, लेकिन पानी रोकने की धमकी ही संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुसार अवैध है।पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के प्रमुख बिलावल भुट्टो ने भी धमकी दी कि अगर भारत ने धमकी पर अमल करने का फैसला किया तो हमें फिर से युद्ध छेड़ना पड़ेगा।

### नेपाल के वामपंथी दलों ने संयुक्त वक्तव्य में ईरान पर हमले के लिए अमेरिका की निंदा की



**काठमांडू।** नेपाल के वामपंथी दलों ने संयुक्त वक्तव्य में ईरान पर हमले के लिए अमेरिका की निंदा की है। संयुक्त वक्तव्य में कहा गया है कि अमेरिकी साम्राज्यवाद ने विश्व शांति पर हमला किया। संयुक्त वक्तव्य में अमेरिका के साथ इजराइल की भी निंदा की गई है। इसमें कहा गया है कि इजराइल अपनी विस्तारवादी नीति नहीं छोड़ रहा है। यह वक्तव्य नेपाल की माओवादी पार्टी सहित राष्ट्रीय जनमोर्चा, नेपाल कम्युनिष्ट पार्टी, एकीकृत समाजवादी पार्टी, क्रांतिकारी कम्यूनिष्ट पार्टी जैसे एक दर्जन दलों ने जारी किया है। वामपंथी दलों ने नेपाल सरकार से हमले के विरोध में बयान जारी करने की मांग की है। साथ ही संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय निकायों से अमेरिका पर दबाव बनाकर हस्तक्षेप करने की मांग की है।

### मुस्लिम देशों ने चेताया कहा- ईरान दहला तो खाड़ी में पानी के लिए मचेगा हाहाकार

**तेहरान।** जंग के परिणाम कई तरह से दिखाई देते हैं। तबाह होते शहर और लाशें तो सभी कोई देती हैं, लेकिन प्रकृति को होने वाला नुकसान तत्काल दिखाई नहीं देता है। जब तक दिखता है तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। ईरान और इजरायल के बीच जारी युद्ध में अमेरिका की एंट्री ने पूरी दुनिया में चिंता में डाल दिया है।कतर ने चेतावनी जारी कर दी है कि अगर ईरान के न्यूक्लियर प्लांट पर हमला हुआ हो, तो खाड़ी क्षेत्र से पानी खत्म हो जाएगा। ईरान के परमाणु कार्यक्रम को रोकने के मकसद से इजरायल की ओर से शुरू किए गए हमलों को मजबूती देने अमेरिका ने रविवार तड़के तीन ईरानी परमाणु केंद्रों पर हमले किए। कतर के प्रधानमंत्री मोहम्मद अल थानी का कहना है कि अगर न्यूक्लियर प्लांट पर हमला हुआ, तो पानी की सप्लाई असुरक्षित हो सकती है। करीब तीन महीने पहले एक इंटरव्यू में उन्होंने यह बात कही थी। उन्होंने कहा था कि खाड़ी के देश फारस की खाड़ी से आने वाले पानी पर निर्भर हैं। उन्होंने कहा था, पानी पूरी तरह से दूषित हो जाएगा। ना पानी होगा, ना मछली कुछ नहीं। इसमें जीवन ही नहीं रहेगा। उन्होंने कहा था, हमारे लोगों के लिए हम जो पानी का इस्तेमाल करते हैं, वो डिसेलिनेशन (नमक हटाकर पानी इंसान के पीने लायक बनाने की प्रक्रिया) से आता है। हमारे पास नदियां नहीं हैं और हमारे पास जलाशय नहीं हैं। देश में तीन दिन में पानी खत्म हो जाएगा। ये हालात सिर्फ कतर नहीं, बल्कि कुवैत और संयुक्त अरब अमीरात के लिए भी हैं।

# तेहरान और तेल अवीव में मिसाइल हमला, अमेरिकी लड़ाकू विमान काम तमाम कर ईरान से लौटे, ट्रंप और स्टारमर ने फोन पर की बात

**तेहरान, 23 जून (एजेंसियां)।**

**अमेरिका के लड़ाकू विमान ईरान में काम तमाम कर वापस लौट गए। इस बीच आज सुबह इजराइल और तेहरान ने एक-दूसरे की सरजमीं पर मिसाइल हमला किया है। ईरान ने तेहरान में हवाई सुरक्षा चाक-चौबंद की है। इजराइल में मिसाइल हमले से पहले सायरन बजने से लोग घरों से निकलकर सुरक्षित आश्रय स्थलों की तरफ चले गए। बताया गया है कि मध्य पूर्व संकट पर अमेरिका ने ब्रिटेन से बात की है। खबर के अनुसार, अर्ध-आधिकारिक ईरानी मीडिया आउटलेट मेहर न्यूज एजेंसी ने कहा कि ईरान ने सोमवार सुबह राजधानी तेहरान पर दोबारा हवाई सुरक्षा सक्रिय की है।**




इससे कुछ समय पहले ईरान ने इजराइल पर मिसाइल दागी। इसे इजराइल की हवाई सुरक्षा ने रोक दिया। इजराइली सेना का कहना है कि ईरान ने इजराइल पर मिसाइलों की बौछार की है।

इजराइल की राष्ट्रीय आपातकालीन चिकित्सा सेवा मैगन डेविड एडोम के प्रवक्ता ने कहा कि हॉटलाइन पर लोगों के घायल होने की कोई कॉल नहीं मिली है। एक इजराइली अधिकारी ने कहा कि ईरान ने केवल एक मिसाइल दागी। उसे निष्क्रिय कर दिया गया। एक वीडियो में ईरानी मिसाइल यरुशलम के आसमान पर नजर आ रही है।

इस बीच जानकारी आ रही है कि इजराइली सेना ने तेहरान के दक्षिण-पूर्व में स्थित एक बड़े सैन्य परिसर परचिन पर हमला किया है। उधर, ईरान में ऑपरेशन मिडनाइट हैमर पूरा करने के बाद मिसौरी में एक अमेरिकी बेस पर एक बी-2 स्टील्थ बॉम्बर को लौटते देखा गया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार शाम कहा था कि ईरान के मिशन पर गए बी-2 स्टील्थ बॉम्बर पायलट सुरक्षित वापस लौट आए हैं। सनद रहे इस अभूतपूर्व अमेरिकी ऑपरेशन में सात स्टील्थ बी-2 बॉम्बर शामिल थे। कुल मिलाकर, 125 से अधिक लड़ाकू विमान शामिल थे। सैन्य विशेषज्ञों के अनुसार, अमेरिका ने ईरान की भूमिगत फोर्डो परमाणु सुविधा को नष्ट कर दिया है।

ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर के कार्यालय डाउनिंग स्ट्रीट ने कहा कि ट्रंप ने रविवार को ब्रिटिश प्रधानमंत्री से मध्य पूर्व संकट के बारे में बात की। डाउनिंग स्ट्रीट के बयान में कहा गया है कि दोनों नेताओं ने मध्य पूर्व की स्थिति पर चर्चा की और ईरान के परमाणु कार्यक्रम से अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा को होने वाले गंभीर खतरे को दोहराया। बयान में कहा गया है कि ट्रंप और स्टारमर जल्द ही आने वाले दिनों में ईरान के संपर्क में रहेंगे।

# सीरिया में हुए धमाके में मरने वालों की संख्या हुई 22, कई घायलों का चल रहा इलाज



**दमिश्क, 23 जून (एजेंसियां)।**

**सीरिया की राजधानी दमिश्क में हुए आत्मघाती हमले में मरने वालों की संख्या 22 हो गई है। इसके अलावा कई घायलों का इलाज चल रहा है, उनकी हालत गंभीर है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक इस भीषण हमले में 22 लोगों की मौत हो गई है।**

वहीं 63 अन्य लोग घायल हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक लोगों ने हमलवार को रोकने की कोशिश भी की थी। लॉरेंस मामारी हमले के समय चर्च के अंदर थे। उन्होंने एएफपी को बताया कि एक शख्स अंदर घुसा और गोलीबारी शुरू कर दी। उन्होंने कहा, लोगों ने उसे रोकने की कोशिश की, लेकिन उसने खुद को उड़ा लिया। 40 वर्षीय ज़ियाद हेलो, जो पास की एक दुकान पर थे, ने कहा कि उन्होंने गोलियों की आवाज सुनी और फिर भीषण धमाका हुआ।

जानकारी के मुताबिक हमलवार ने लोगों की भीड़ से भरी चर्च में खुद को उड़ा लिया। उस वक्त लोग रविवार की प्रार्थना के लिए भारी संख्या में जुटे थे।अधिकारियों के मुताबिक हमलवार आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट से जुड़ा था। हमले के बाद चर्च के अंदर की भयानक तस्वीरें सामने आई हैं जहां बेंचों और फर्श पर खून ही खून दिखाई दे रहे थे। देश के आंतरिक मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि खुद को उड़ाने से पहले हमलवार ने गोलीबारी भी की थी। बयान में कहा गया, दाएश (आईएस) आतंकवादी समूह से जुड़े एक आत्मघाती हमलावर ने ड्वेला इलाके में सेंट एलियास चर्च में घुसते ही गोलीबारी शुरू कर दी। फिर उसने विस्फोटक बेल्ट से खुद को उड़ा लिया। बता दें कि 2011 में देश में गृहयुद्ध शुरू होने के बाद से यह सीरिया में चर्च के अंदर पहला हमला था। इससे पहले सीरिया में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा नई सरकार के लिए सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक बनी हुई है।

## हिज्बुल्लाह ने ईरान के परमाणु स्थलों पर अमेरिकी हमलों की निंदा की



लेबनान स्थित ईरान समर्थित सशस्त्र गुट हिज्बुल्लाह ने अमेरिका द्वारा ईरान के प्रमुख परमाणु ठिकानों पर किए गए हवाई हमलों की तीव्र निंदा की है। संगठन ने इसे शांतिपूर्ण परमाणु प्रतिष्ठानों पर बर्बर और विश्वासघाती हमला करार दिया। हिज्बुल्लाह ने एक आधिकारिक बयान में कहा, यह हमला एक लापरवाह और खतरनाक उकसावे की कार्रवाई है, जो पूरे क्षेत्र में युद्ध के दायरे को और बढ़ा सकती है। संगठन ने ईरान और उसकी नेतृत्व व्यवस्था के साथ पूर्ण एकजुटता व्यक्त की है। हिज्बुल्लाह को अक्टूबर 2023 से इजराइली सैन्य अभियानों के चलते भारी नुकसान झेलना पड़ा है, जिससे उसकी सैन्य क्षमता कमजोर हुई है। इसके बावजूद, संगठन ने अमेरिका के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए ईरान के साथ अपने गठजोड़ को दोहराया है। इस बयान को पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच एक और गंभीर चेतावनी के रूप में देखा जा रहा है, जहां पहले ही इजराइल-ईरान संघर्ष के साथ अमेरिका की सैन्य भागीदारी हालात को विस्फोटक बना रही है।

# चीन ने काटी कन्नी : ईरान के लिए अमेरिका के सामने नहीं आएगा ड्रैगन

**बीजिंग, 22 जून (एजेंसियां)।**

चीन ने अमेरिका के ईरान पर हालिया हमलों की आलोचना तो की है लेकिन उसका रुख साफ तौर पर स्वार्थी और सतर्क दिखाई देता है। इस हमले की आलोचना करते हुए चीन ने कहा कि अमेरिका ने ईरान की परमाणु सुविधाओं पर हमले कर अपनी वैश्विक विश्वसनीयता को नुकसान पहुंचाया है। बीजिंग ने इन हमलों को अंतरराष्ट्रीय परमाणु अप्रसार व्यवस्था के लिए खतरा बताया और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में इस मुद्दे को उठाया। हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि चीन का यह कदम सिर्फ दिखावटी है और वह ठोस कार्रवाई से बच रहा है। वह अमेरिका और इजरायल के खिलाफ ईरान को सीधे तौर पर कोई सैन्य सहयोग देने की बात नहीं कर रहा है। चीन का यह रवैया नया नहीं है। अतीत में भी वह क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर तटस्थ रहकर अपने हित साधता रहा है। उदाहरण के लिए रूस-यूक्रेन संघर्ष में भी चीन ने दोनों पक्षों के साथ संतुलन बनाए रखा और किसी एक का खुलकर समर्थन नहीं किया। ईरान के मामले में भी उसका यही रुख दिख रहा है। वह न तो ईरान के साथ पूरी तरह



खड़ा हो रहा है और न ही अमेरिका के खिलाफ खुलकर सामने आ रहा है। इसकी बजाय वह मध्यस्थता की बात कर अपनी छवि को एक जिम्मेदार वैश्विक शक्ति के रूप में पेश करना चाहता है। चीन और ईरान के बीच गहरे आर्थिक और कूटनीतिक रिश्ते हैं। चीन, ईरान से बड़ी मात्रा में तेल आयात करता है, जो उसकी ऊर्जा जरूरतों का अहम हिस्सा है।

दोनों देश संयुक्त सैन्य अभ्यास भी करते हैं और शंघाई सहयोग संगठन जैसे मंचों पर एक-दूसरे का समर्थन करते हैं। इसके बावजूद चीन ने अमेरिका के खिलाफ कोई सख्त कदम नहीं उठाया। उसने केवल मौखिक निंदा की और मध्यस्थता की पेशकश कर अपनी छवि को चमकाने की कोशिश की। यह रवैया चीन की उस रणनीति को दर्शाता है, जिसमें वह न तो ईरान के साथ अपने रिश्तों को पूरी तरह जोखिम में डालना चाहता है और न ही अमेरिका के साथ टकराव मोल लेना चाहता है। विशेषज्ञों का कहना है कि चीन की यह दोहरी नीति उसके भू-राजनीतिक और आर्थिक हितों से प्रेरित है।

# ईरान में नेतृत्व परिवर्तन की संभावना से ट्रंप ने नहीं किया इनकार

**वाशिंगटन, 23 जून (एजेंसियां)।**

ईरान ने अब तक यह नहीं साफ किया है कि अमेरिका के लड़ाकू विमानों ने उसे किन-किन परमाणु सुविधा केंद्र को नष्ट किया है। अमेरिका के सीधे लड़ाई में कूदन से वह एक कोने में घिरा नजर आ रहा है। इस बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के नेतृत्व में बदलाव का समर्थन करने से इनकार नहीं किया। उन्होंने कहा कि इस समय अधिकारी परमाणु स्थलों पर हमलों का आकलन कर रहे हैं।

इस घटनाक्रम का विश्लेषण किया है। इसमें कहा कि अमेरिका के ईरान के सबसे मजबूत परमाणु स्थलों पर हमला करने के बाद अब शासन के मौलवी नेताओं के सामने एक खतरनाक विकल्प है। मौलवी नेता अमेरिका पर पलटवार करें और दो दुश्मनों (इजराइल और अमेरिका) के साथ युद्ध को बढ़ाने का जोखिम उठाएं। या परमाणु वार्ता पर वापस लौटें। अखबार का कहना है कि परमाणु वार्ता पर वापस लौटने का मतलब यह होगा कि उन्हें संभवत: परमाणु संवर्धन और उनके



बैलिस्टिक-मिसाइल शस्त्रागार पर रियायतें देनी होंगी। यही देश की संप्रभुता के दो स्तंभ हैं।

ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई ने अमेरिकी हमले के बाद अपनी पहली टिप्पणी में अमेरिका का उल्लेख कहीं भी नहीं किया। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में इजराइल पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने कहा कि इजराइल ने एक गंभीर गलती की और इसकी उसे अभी सजा मिल रही है। इजराइल ने ईरान के सैन्य ढांचे के खिलाफ और हमलों की घोषणा की है। ईरान ने इजराइल की ओर एक और मिसाइल हमला किया है।

यूरोप के नेताओं ने ईरान से इस तरह से जवाब न देने का आग्रह किया जिससे क्षेत्र में अस्थिरता पैदा हो। इजराइल के हालिया सैन्य हमलों से ईरान के मिसाइल शस्त्रागार और सैन्य बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है। बावजूद इसके ईरान के पास साइबर हमले और संभवत: आतंकवादी प्रॉक्सी, या होर्मुज जलडमरूमध्य में तेल शिपिंग को बाधित करने जैसे जवाबी हमले करने के अन्य साधन हैं। ईरान कैसे जवाब देगा, इस पर अनिश्चितता ने स्टॉक और तेल बाजारों को किनारे कर दिया, जिससे अमेरिकी वायदा थोड़ा नीचे चला गया। मैक्सार टेक्नोलॉजीज के उपग्रह चित्रों में भूमिगत फोर्डो यूरेनियम-संवर्धन परिसर के ऊपर एक रिज में कई बड़े छेद दिखाई दिए हैं और प्रवेश द्वार मलबे से अवरुद्ध हो गया है। सेंट्रीफ्यूज और अन्य उपकरणों का क्या हुआ, यह संभवत: तभी पता चलेगा जब अंतरराष्ट्रीय निरीक्षक साइट तक पहुंच पाएंगे। इस बीच ईरान के विदेश मंत्री ने कहा कि वह मॉस्को जाने की योजना बना रहे हैं और आगे के परामर्श के लिए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मिलेंगे। अमेरिका के उप राष्ट्रपति जेडी वेंस ने संकेत दिया कि ईरान का समृद्ध यूरेनियम भंडार अभी भी बरकरार है और ईरान के नियंत्रण में है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि इजराइल ईरान के परमाणु खतरे और बैलिस्टिक मिसाइल खतरे को नष्ट करने की दिशा में प्रगति कर रहा है।

## नारायण गुरु और महात्मा गांधी के बीच वार्तालाप के शताब्दी समारोह का शुभारंभ करेंगे मोदी



**नई दिल्ली, 23 जून (एजेंसियां)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश की दो महानतम आध्यात्मिक हस्तियों श्री नारायण गुरु और महात्मा गांधी के बीच ऐतिहासिक वार्तालाप के शताब्दी समारोह का शुभारंभ करेंगे।

प्रधानमंत्री इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को भी संबोधित करेंगे। यह वार्तालाप 12 मार्च 1925 को महात्मा गांधी की यात्रा के दौरान शिवगिरी मठ में हुआ था और यह वैकोम सत्याग्रह, धर्मांतरण, अहिंसा, अस्पृश्यता उन्मूलन, मोक्ष प्राप्ति और दलितों के उत्थान आदि विषयों पर केंद्रित था।श्री नारायण धर्म संघम ट्रस्ट द्वारा आयोजित इस समारोह में आध्यात्मिक गुरु और अन्य सदस्य एक मंच पर देश के सामाजिक एवं नैतिक ताने-बाने को आकार देने वाले दूरदर्शी संवाद पर विचार करेंगे।

यह श्री नारायण गुरु और महात्मा गांधी दोनों द्वारा समर्थित सामाजिक न्याय, एकता और आध्यात्मिक सद्भाव के साझा दृष्टिकोण को श्रद्धांजलि है।

# चुनौतीपूर्ण बनी अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था

**जम्मू, 23 जून (ब्यूरो)।** जम्मू संभाग के इंटरनेशनल बॉर्डर का हीरानगर सेक्टर इस बार अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था के लिए चुनौती साबित हो सकता है। हीरानगर सेक्टर से गुजरने वाला नेशनल हाईवे इंटरनेशनल बार्डर से कुछ ही किमी की दूरी पर है। हीरानगर सेक्टर की संवेदनशीलता को देखते हुए सीमावर्ती इलाकों में भी चौकसी बढ़ा दी गई है। बॉर्डर से लगते गांवों से लेकर हाईवे तक हर गली, हर मोड़, हर मार्ग की कड़ी निगरानी की जा रही है। सुरक्षाबलों द्वारा पैदल गश्त भी बढ़ा दी गई है और स्थानीय स्तर पर खुफिया तंत्र को सक्रिय कर दिया गया है।

इस बार की अमरनाथ यात्रा सुरक्षा के लिहाज से बेहद चुनौतीपूर्ण मानी जा रही है। प्रशासन ने हर स्थिति से निपटने की रणनीति तैयार कर ली है। ड्रोन की मदद से संवेदनशील क्षेत्रों की लगातार निगरानी की जा रही है। हीरानगर सेक्टर के कुछ हिस्सों में हाई-डेफिनिशन सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जो सीधे कंट्रोल रूम को फीड भेज रहे हैं। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और सेना भी हीरानगर के बॉर्डर क्षेत्रों में हाई अलर्ट पर है। इंटरनेशनल बॉर्डर से लगे हुए मार्गों पर स्पेशल चेकिंग प्वाइंट बनाए गए हैं, ताकि किसी भी संभावित घुसपैठ या



आतंकी गतिविधि को पहले ही रोका जा सके।

सभी एजेंसियों के बीच समन्वय स्थापित कर लिया गया है और फील्ड अफसरों को नियमित रूप से ब्रीफिंग दी जा रही है। एक अधिकारी ने कहा कि अमरनाथ यात्रा आस्था का महापर्व है और इसमें किसी भी तरह की बाधा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए सरकार और सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। हीरानगर सेक्टर में हर मोर्चे पर सतर्कता बरती जा रही है ताकि बाबा बर्फानी के दर्शन करने जा रहे श्रद्धालु निश्चिंत होकर अपनी यात्रा पूरी कर सकें।

सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कश्मीर का दौरा कर अमरनाथ यात्रा के लिए की जा रही सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कश्मीर क्षेत्र में तैनात सुरक्षाबलों और अधिकारियों से मुलाकात कर सुरक्षा व्यवस्था और हालात की जानकारी ली। उनकी चर्चा और चिंता का विषय भी इस बार अमरनाथ यात्रा ही थी। जनरल द्विवेदी को मौजूदा ऑपरेशनल स्थिति और रणनीतिक पहलुओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। सेना प्रमुख ने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

इस साल अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू होगी और 9 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन समाप्त होगी। पिछले साल करीब 4.5 लाख तीर्थयात्रियों ने अमरनाथ गुफा के दर्शन किए थे। ऐसे में श्रद्धालुओं की रक्षा के लिए, जम्मू-कश्मीर आपदा प्रबंधन विभाग ने पहलगाम में एक मॉक ड्रिल (अभ्यास) का आयोजन किया। इस अभ्यास में ग्लेशियर फटने से आने वाली बाढ़ जैसी आपदा की स्थिति को दिखाया गया व इससे निपटने के लिए भी अभ्यास किया गया।

## चमलियाल मेले में फिर नहीं बंटेगा शक्कर और शर्बत

**जम्मू, 23 जून (ब्यूरो)।** 26 जून को रामगढ़ सेक्टर में चमलियाल सीमांत पोस्ट पर आयोजित किए जाने वाले बाबा चमलियाल के मेले में इस बार भी लगातार 8वीं बार दोनों मुल्कों के बीच शक्कर और शर्बत बंटने की उम्मीद नहीं है। पाकिस्तानी रेंजरों को न्यौता ही नहीं दिया गया है।

वर्षों पुरानी परंपरा का निर्वहन करते हुए पाकिस्तानी और भारतीय सेनाओं के जवान इस सीमा चौकी पर शक्कर और शर्बत बांट कर उन हजारों लोगों को सुकून पहुंचाते थे, जो चौकी पर स्थित बाबा दिलीप सिंह मन्हास अर्थात बाबा चमलियाल की दरगाह पर माथा टेकने आते थे।

## उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने पंचायत चुनाव की प्रक्रिया पर लगायी रोक



**नैनीताल, 23 जून (एजेंसियां)।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने सोमवार को अपने महत्वपूर्ण निर्णय में प्रदेश में चल रहे त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों की पूरी प्रक्रिया पर रोक लगा दी। साथ ही सरकार से जल्द से जल्द जवाब देने को कहा है।

मुख्य न्यायाधीश जी. नरेन्द्र और न्यायमूर्ति आलोक महरा की खंडपीठ ने वीरेन्द्र सिंह बुटोला और गणेश दत्त कांडपाल की ओर से दायर याचिकाओं पर सुनवाई के बाद आज यह आदेश जारी किए।

याचिकाकर्ताओं की ओर से पृथक पृथक रूप से दायर याचिकाओं में कहा गया कि सरकार ने प्रदेश में चल रहे त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिये जो आरक्षण तय किया है वह गलत है।

सरकार की ओर से जो आरक्षण नियमावली बनायी गयी है उसे गजट नोटिफिकेशन नहीं किया गया है। इसलिये आरक्षण की प्रक्रिया गलत है। इस बिन्दु पर खंडपीठ ने विगत 20 जून को सुनवाई करते हुए सरकार से स्थिति स्पष्ट करने को कहा था।

आज सरकार इस मामले में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पायी। दूसरी ओर सरकार की तरफ से कहा गया कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव घोषित हो गये हैं। उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुसार इसमें अदालत हस्तक्षेप नहीं कर सकती है।

महाधिवक्ता एसएन बाबुलकर की ओर से कहा गया कि पूरी मशीनरी चुनावी प्रक्रिया में व्यस्त है। ऐसे में रोक लगाना गलत है। अधिवक्ता अनिल जोशी ने बताया कि अदालत ने अंत में पूरी चुनावी प्रक्रिया पर रोक लगा दी है। साथ ही सरकार से कहा है कि वह जल्द से जल्द जवाब पेश करे।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव चल रहे हैं। सरकार ने दो दिन पूर्व चुनाव को लेकर अधिसूचना जारी कर दी है।

# अरब देश होंगे अमेरिका और इजराइल का अगला निशाना : फारूक अब्दुल्ला

**श्रीनगर, 23 जून (एजेंसियां)।** नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने सोमवार को अरब देशों को चेतावनी दी कि इजराइल और अमेरिका का अगला निशाना वही होंगे क्योंकि उनके तेल और गैस पर दोनों देशों की नजर है।

उन्होंने कहा, यह उनकी (अमेरिका की) लंबे समय से नीति रही है कि ईरान को परमाणु शक्ति नहीं बनना चाहिए। यहां तक कि क्षेत्र के सुन्नी देश भी इसके खिलाफ हैं, लेकिन उनमें बोलने का साहस नहीं है।

अब्दुल्ला ने यहां नवा-ए-सुबह में पार्टी की बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, आज वे सोचते हैं कि ईरान पर हमला



हुआ है, लेकिन मैं आपके माध्यम से उन्हें चेतावनी देना चाहता हूं कि एक दिन इजराइल उन पर भी हमला करेगा, क्योंकि वे तेल और गैस जैसी उनकी संपत्ति चाहते हैं। इजराइल केवल एक मुखौटा है, अमेरिका उसके ठीक पीछे खड़ा है।

पश्चिम एशिया में युद्ध के विकराल रूप लेने के असर के बारे में पूछे जाने पर जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे सभी देशों की आर्थिक स्थिति पर गंभीर असर पड़ेगा।

उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि (अन्य) विश्व शक्तियां स्थिति पर नजर रख रही हैं। अगर यह (युद्ध) बढ़ता है, तो हर देश की आर्थिक स्थिति बर्बादी की ओर बढ़ जाएगी। उन्हें इसे रोकने की कोशिश करनी चाहिए और मैं प्रार्थना करता हूं कि वे सफल हों, क्योंकि भारत में भी हमारी स्थिति बहुत खराब है।''

जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने की शर्तों को लेकर मीडिया के एक धड़े में आई खबरों पर प्रतिक्रिया देते हुए अब्दुल्ला ने आरोप लगाया कि मीडिया झूठ फैला रहा है।

नेकां नेता ने कहा, उन्हें (शर्तों के बारे में) किसने बताया? क्या उनके समक्ष किसी ने रहस्योद्घाटन किया?

यहां मीडिया झूठ फैलाने में माहिर है, वह सच नहीं बोलता। राज्य का दर्जा जम्मू-कश्मीर के लोगों का अधिकार है। यह उन पर कोई एहसान नहीं है।

## एयर इंडिया विमान को आपात स्थिति में उतारा गया

**नई दिल्ली, 23 जून (एजेंसियां)।** एयर इंडिया के विमानों में तकनीकी खराबी की घटनाएँ कम नहीं हो रही हैं और सोमवार को दिल्ली से जम्मू जाने वाले एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान में तकनीकी समस्या आने के कारण उड़ान भरने के तुरंत बाद वापस उतारना पड़ा।

एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि सोमवार 23 जून को दिल्ली से जम्मू के लिए संचालित होने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान आईएक्स 2564 को उड़ान भरने के बाद वापस दिल्ली उतारना पड़ा।

उन्होंने कहा कि तकनीकी समस्या के कारण मूल विमान के दिल्ली लौटने के बाद हमारी दिल्ली-जम्मू उड़ान को संचालित करने के लिए एक वैकल्पिक विमान की व्यवस्था की गई।

## ईरान के बाद इजराइल से भी निकाले जा रहे भारतीय, 160 लोगों का पहला बैच जॉर्डन पहुंचा

**नई दिल्ली, 23 जून (एजेंसियां)।** ईरान और इजरायल के बीच बढ़ते संघर्ष और इजरायली हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण वाणिज्यिक उड़ानों के पूर्ण निलंबन के मद्देनजर, इजरायल और जॉर्डन में भारतीय मिशनों ने ऑपरेशन सिंधु के तहत पहले बैच को सफलतापूर्वक निकाला है। रविवार को दूतावासों के संयुक्त प्रयास से 160 भारतीय नागरिकों को इजरायल से जॉर्डन पहुंचाया गया।

निकाले गए लोगों का समूह शेख हुसैन ब्रिज के ज़रिए जॉर्डन में सुरक्षित रूप से प्रवेश कर गया, जो तेल अवीव से लगभग 120 किलोमीटर दूर है। आव्रजन और सीमा संबंधी औपचारिकताओं के बाद, समूह को सीमा से 120 किलोमीटर दूर अम्मान हवाई अड्डे पर ले जाया गया, जहाँ सोमवार सुबह रवाना होने वाले विशेष निकासी विमानों के ज़रिए उनके भारत लौटने की व्यवस्था की गई।

तेल अवीव में भारतीय दूतावास ने पहले ही चौबीसों घंटे काम करने वाला नियंत्रण कक्ष स्थापित कर दिया था और भारतीय नागरिकों को ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण करने का निर्देश दिया था।

निकासी की प्राथमिकताएँ चिकित्सा आपात स्थिति, छोटे बच्चों, महिलाओं और छात्रों की उपस्थिति जैसे मानदंडों के आधार पर निर्धारित की गई थीं। दूतावास के अधिकारियों ने यात्रा व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने के लिए पंजीकृत व्यक्तियों से फ़ोन और ईमेल के ज़रिए संपर्क किया। अम्मान में भारतीय दूतावास ने निकाले गए लोगों के आवास और परिवहन का जिम्मा संभाला। इजरायल और जॉर्डन दोनों सरकारों ने भारतीय नागरिकों के सुचारू और सुरक्षित पारगमन को सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण सहायता प्रदान की। विदेश मंत्रालय ने अम्मान से दिल्ली के लिए विशेष उड़ानों की भी व्यवस्था की, और दक्षिणी इजरायल में रहने वाले भारतीयों को समायोजित करने के लिए मिस्र से अतिरिक्त उड़ानों की योजना बनाई जा रही है।

मिशन ने इस बात पर जोर दिया कि ऑपरेशन सिंधु अपने प्रवासी समुदाय की सुरक्षा और भलाई के लिए भारत की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इजरायल में 40,000 से अधिक भारतीय रहते हैं, इसलिए सरकार स्थिति पर बारीकी से नज़र रख रही है। यह निकासी भारत के पिछले सफल अभियानों जैसे ऑपरेशन गंगा, देवी शक्ति, कावेरी और अजय की याद दिलाती है।

### यूपी में 24 हजार पदों पर होंगी पुलिस भर्तियां

# 4543 दारोगा की भर्ती की हो रही तैयारी

**लखनऊ, 23 जून (एजेंसियां)।** यूपी पुलिस में भर्ती की तैयारी हो रही है। कुल 24 हजार पदों में करीब साढ़े चार हजार पद दारोगाओं के हैं। इनकी भर्ती पहले होगी। प्रदेश पुलिस में उपनिरीक्षक (दारोगा) नागरिक पुलिस के 4543 पदों पर भर्ती की कवायद जल्द शुरू होगी। उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड दारोगा सीधी भर्ती की कवायद जल्द शुरू करने जा रहा है। प्रदेश पुलिस में जल्द करीब 24 हजार पदों पर भर्ती होनी है, जिसमें 4543 दारोगा के पद भी शामिल हैं। फिलहाल सिपाहियों से पहले दारोगा भर्ती को तवज्जो देने की तैयारी है।

मालूम हो कि डीजीपी मुख्यालय द्वारा भर्ती बोर्ड को 19220 सिपाही एवं उसके समकक्ष पदों तथा उपनिरीक्षक एवं उसके समकक्ष 4543 पदों पर सीधी भर्ती के लिए प्रस्ताव भेजा जा चुका है। बोर्ड ने इन दोनों पदों पर भर्ती के लिए पहले अप्रैल माह के तीसरे सप्ताह में विज्ञप्ति जारी करने की घोषणा की थी, हालांकि इसमें लगातार विलंब होता जा रहा है।

दारोगा भर्ती में शासन ने आयु सीमा में 3 वर्ष की छूट देने का प्रस्ताव बीते दिनों मंजूर कर लिया है, जिससे भर्तियों का रास्ता साफ हो चुका है। वहीं सिपाही भर्ती के लिए कुछ बिंदुओं पर शासन से सहमति मांगी गई है। शासन से अभी तक सहमति नहीं मिलने की वजह से इसमें और



विलंब होने के आसार हैं। इस दरम्यान दारोगा के पदों पर सीधी भर्ती की प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी तेजी से जारी है। सूत्रों की मानें तो अगले माह इसकी विज्ञप्ति जारी की जा सकती है।

इसी तरह कारागार विभाग में भी जेल वार्डर की भर्ती का इंतजार बढ़ता जा रहा है। इसका प्रस्ताव बीते दिनों कारागार विभाग द्वारा भर्ती बोर्ड भेजा जा चुका है। बोर्ड ने जेल वार्डर के 2833 पदों पर सीधी भर्ती के लिए अप्रैल माह के तीसरे सप्ताह में विज्ञप्ति जारी करने की घोषणा की थी, हालांकि इसकी प्रक्रिया अभी तक शुरू नहीं की जा सकी है। जेल वार्डर की भर्ती से भी कारागार विभाग में रिक्त पदों को भरा जा सकेगा। खासकर नई जेलों में इनकी तैनाती की जा सकेगी। उपनिरीक्षक के जिन पदों पर भर्ती होनी है उनमें 4242 उप निरीक्षक नागरिक पुलिस, 106 उपनिरीक्षक पीएसी महिला वाहिनी (नागरिक पुलिस), 135 उपनिरीक्षक सशस्त्र पुलिस और 60 उपनिरीक्षक विशेष सुरक्षा बल शामिल हैं।

# पहलगाम आतंकी हमले के चारों हत्यारों के मारे जाने तक ऑपरेशन सिंदूर जारी रहना चाहिए : ओवैसी

**नई दिल्ली, 23 जून (एजेंसियां)।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा है कि भारत को ऑपरेशन सिंदूर तब तक जारी रखना चाहिए जब तक कि पहलगाम आतंकी हमले के चारों हत्यारे मारे नहीं जाते।

एक टीवी कार्यक्रम के दौरान ओवैसी ने चेतावनी दी कि अगर पाकिस्तान ने दोबारा हिमाकत की तो बहुत महंगा साबित होगा इस बार।

ओवैसी ने कहा कि अगर भारतीय सशस्त्र बल चाहते तो पाकिस्तान के सभी नौ एयरबेस को पूरी तरह तबाह कर सकते थे, लेकिन उन्होंने सिर्फ रनवे को निशाना बनाया। यह उनके लिए एक संदेश था कि यह तो बस ट्रेलर था और उन्हें सावधान रहना चाहिए। हमारी सेना ने पाकिस्तान को करारा जवाब दिया और दुश्मन को मैसेज मिल गया। यही वजह है कि उनके डीजीएमओ ने हमारे डीजीएमओ को फोन कर सैन्य कार्रवाई रोकने की गुहार लगाई।

एआईएमआईएम नेता, जो सऊदी अरब, कुवैत, बहरीन और अल्जीरिया जैसे इस्लामी देशों में सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थे, ने कहा कि पाकिस्तान हमेशा झूठ फैलाता है। उसकी सेना ड्रामेबाज़ी करती है। पाकिस्तान के आर्मी चीफ ने अपने प्रधानमंत्री को चीनी सेना की कई साल पुरानी ड्रिल की फर्जी तस्वीर दिखाकर बेवकूफ बनाने की कोशिश की। उनके प्रधानमंत्री ने टैंक पर खड़े होकर कैमरे के लिए पोज़ दिया, लेकिन इस संघर्ष में टैंकों का इस्तेमाल हुआ ही नहीं। सिर्फ पुंछ में, उन्होंने नागरिक इलाकों पर गोले बरसाए, जिसमें एक मस्जिद के इमाम और जुड़वां बहनों सहित कई नागरिक मारे गए। पाकिस्तान कभी भी भारत के साथ जंग नहीं जीत सकता। भविष्य में भी नहीं, इंशा अल्लाह।

ओवैसी ने कहा पाकिस्तान के प्रधानमंत्री (शहबाज़ शरीफ) ने खुद कहा कि वह स्विमिंग ट्रंक पहनकर तैर रहे थे जब उन्हें खबर मिली कि भारत ने उनके नौ हवाई अड्डों पर हमला किया है। एक विदेशी पत्रकार ने मुझसे पूछा कि यह कैसे हुआ। मैंने मज़ाक में कहा कि हमने नमाज़-ए-फ़ज्र से पहले 'अल्लाहु अकबर' का नारा लगाया और हमला कर दिया।

ओवैसी ने कहा कि पाकिस्तान



एक नाकाम मुल्क है और हमेशा ऐसा ही रहेगा। उसकी सेना और डीप स्टेट भारत के लिए खतरा बने रहेंगे। पाकिस्तान की सेना दुनिया की इकलौती ऐसी सेना है जो रियल एस्टेट और होटलों का कारोबार करती है। पाकिस्तान की सेना का एकमात्र मकसद इस्लाम की रक्षा के नाम पर अपनी गलतियों को छिपाना है, लेकिन उसका असली मकसद सांप्रदायिक तनाव भड़काकर भारत को अस्थिर करना है।

एआईएमआईएम सुप्रीमो ने कहा पाकिस्तान की तरफ से खतरा तब तक कम नहीं होगा जब तक उसकी सेना देश पर कब्जा जमाए रखेगी। वह आतंकी गुटों का समर्थन करती रहेगी। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि वह कामयाब न हो।

ट्रम्प के साथ आसिम मुनीर के लंच पर जब रजत शर्मा ने ओवैसी से पूछा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर को व्हाइट हाउस में लंच पर क्यों बुलाया, ओवैसी ने जवाब दिया: आसिम मुनीर को पाकिस्तान के लोगों को बताना चाहिए कि उन्होंने ट्रम्प के साथ क्या सौदा किया है। जब ट्रम्प ने मुनीर को लंच पर बुलाया, तो उन्होंने ज़रूर उनसे (ईरान-पाक) बॉर्डर पर कुछ करने के लिए कहा होगा। उन्हें नाचने के लिए मजबूर किया जाएगा, और वे (अमेरिका) उन्हें नचाएंगे। व्हाइट हाउस में मुफ्त का लंच नहीं मिलता। यह जगज़ाहिर है कि अमेरिका की पहुंच पाकिस्तान के ज़्यादातर ठिकानों तक है, जबकि भारत में हम किसी भी दूसरे देश को अपने ठिकानों तक पहुंच नहीं देते।

ट्रम्प के युद्धविराम करवाने के दावे पर व्यापार सौदों की पेशकश कर भारत-पाकिस्तान के बीच सीज़फ़ायर करवाने के ट्रंप के दावों के बारे में पूछे जाने पर ओवैसी ने कहा: सबसे पहले, मुझे नहीं लगता कि ट्रम्प को ज़्यादा जानकारी है। भारत का अमेरिका के साथ रणनीतिक रिश्ता है और ट्रम्प 'बके जा रहे हैं, बके जा रहे हैं'। हमारे प्रधानमंत्री ने उनसे आधे घंटे तक बात की, हमारे विदेश सचिव ने उनका वीडियो जारी किया। फिर भी ट्रम्प ने दावा किया कि उन्होंने व्यापार सौदों की पेशकश कर जंग रोकी।

ओवैसी ने कहा: पाकिस्तान का अमेरिका के साथ व्यापार मुश्किल से 4 बिलियन डॉलर का है, जबकि भारत का अमेरिका के साथ व्यापार 180 बिलियन डॉलर का है। अगर भारत अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार संधि पर सहमत होता है, तो लक्ष्य 500 बिलियन डॉलर का है। वे (अमेरिका) 5 बिलियन की ट्रेड चाहते हैं या 500 बिलियन की? मुझे लगता है कि पाकिस्तान के क्रिप्टो कनेक्शन की वजह से वह (ट्रम्प) बकवास कर रहे हैं। जहां तक गोलीबारी बंद करने की बात है, मेरी शिकायत यह है कि इसके बारे में हमारे प्रधानमंत्री या हमारी सरकार को ऐलान करना चाहिए था, न कि ट्रम्प से दुनिया को यह पता चलनी चाहिए थी। यह हमारी सरकार है, हमारा देश है, और हमें दूसरे देश के नेता से यह सब पता चला। ओवैसी ने आगे कहा, अगर ट्रम्प दावा करते हैं कि उन्होंने हमारी जंग रोकी, तो वे इज़रायल के फ़िलिस्तीन पर हमले क्यों नहीं रोक रहे? अगर उनके पास इतनी ताकत है, तो ईरान-इज़रायल जंग और रूस-यूक्रेन जंग को भी खत्म करवा दें।

# मीना कुमारी की बायोपिक में नजर आ सकती हैं कियारा आडवाणी!



मीना कुमारी की बायोपिक की घोषणा के बाद से ही कई बड़ी एक्ट्रेसेस इस फिल्म का हिस्सा बनने की दौड़ में हैं। अब खबर है कि इस आइकोनिक रोल के लिए मेकर्स ने कियारा आडवाणी को अप्रोच किया है। इस मेगाबजट फिल्म के राइट्स सिद्धार्थ पी. मल्होत्रा ने सारेगामा और अमरोही परिवार के साथ मिलकर खरीदे हैं। बड़े स्तर पर बनाई जा रही इस फिल्म को लेकर पहले से ही जबरदस्त चर्चा है। सूत्रों के मुताबिक, फिल्म की टीम मानती है कि मीना कुमारी जैसी दिग्गज अदाकारा का किरदार निभाने के लिए कियारा एक बेहतरीन चॉइस हैं। स्क्रिप्ट कियारा को सुनाई जा चुकी है और उन्हें कहानी काफी पसंद भी आई है। हालांकि अभी उन्होंने आधिकारिक तौर पर हामी नहीं भरी है। अगर कियारा इस प्रोजेक्ट के लिए हां करती हैं, तो यह उनकी प्रेग्नेंसी के बाद शूट होने वाली पहली फिल्म हो सकती है, जो इस प्रोजेक्ट को और खास बना देती है।

कियारा के अपकमिंग प्रोजेक्ट्स पर नजर डालें तो 'वार 2', 'टॉक्सिक' और अब मीना कुमारी की बायोपिक उनकी फिल्मों की लाइनअप वाकई दमदार दिख रही है। अब एक बड़ा सवाल ये भी है कि फिल्म में कमाल अमरोही का किरदार कौन निभाएगा? क्योंकि मीना कुमारी और कमाल अमरोही की कहानी में उनकी केमिस्ट्री ही फिल्म की जान होगी। आपकी क्या राय है – कमाल अमरोही का रोल कौन निभाए, जो कियारा के साथ इस कहानी में जान डाल सके?



# नोरा फतेही पेरिस फैशन वीक में एक बार फिर मन्त्रमुग्ध करने को तैयार

पिछले अक्टूबर में अपनी वायरल उपस्थिति से इंटरनेट पर धमाल मचाने के बाद, ग्लोबल स्टार नोरा फतेही एक बार फिर पेरिस फैशन वीक में लौट रही हैं–और यह खबर फैशन जगत में खासा उत्साह पैदा कर रही है। नोरा फतेही फैशन की दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित मंचों में से एक पर वापसी कर रही हैं, जहाँ वे फ़ेरेल विलियम्स द्वारा डिज़ाइन की गई लुई वुइत्तों मेन्स स्प्रिंग–समर 2026 कलेक्शन में शामिल होंगी।

उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में कहा, हम फिटिंग्स और ङ्क्त के लिए निकल रहे हैं और इस बार भी धमाल मचाएंगे, बिल्कुल पिछले साल की तरह हम अपनी फिटिंग्स का –ङ्मठ भी करने वाले हैं। क्या आप तैयार हैं? इस पोस्ट ने एक और यादगार फैशन मोमेंट के लिए माहौल तैयार कर दिया। उनकी पिछली पेरिस फैशन वीक उपस्थिति ने दुनियाभर की मीडिया की सुर्खियाँ बटोरी थीं विशेषकर उनका सफेद बॉडी–कॉन ड्रेस और स्टेटमेंट ट्रेंच कोट वाला लुक, जो शालीनता और साहसिकता का अनोखा मेल था।

यह एक ऐसा क्षण था जो वायरल हो गया, जिसने दुनिया भर के फैशन प्रेमियों को आकर्षित किया और ग्लोबल फैशन आइकन के रूप में उनकी स्थापित मजबूत किया। अब जब वे एक बार फिर फैशन की राजधानी में लौट रही हैं, तो उम्मीदें आसमान छू रही हैं। अपनी बेबाक स्टाइल, आत्मविश्वास से भरी एलीगेंस और बॉलीवुड ग्लैमर को हाइ फैशन से जोड़ने की काबिलियत के साथ, नोरा फतेही सीमाओं को तोड़ती जा रही हैं और एक ग्लोबल सेंसेशन की नई परिभाषा रच रही हैं।₹उनकी यह वापसी सिर्फ रैम्प वॉक के बारे में नहीं है – यह उनकी यात्रा का जश्न है। यह पूरे आत्मविश्वास और प्रामाणिकता के साथ विश्व मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करने के बारे में है। हालांकि फैशन ही एकमात्र ऐसा मंच नहीं है जिस पर नोरा राज कर रही हैं।

जेसन डेरुलो के साथ उनके अंतर्राष्ट्रीय संगीत सहयोग स्नेक ने पहले ही 130 मिलियन व्यूज़ पार कर लिए हैं, जिससे उनकी उपलब्धियों में एक और उपलब्धि जुड़ गई है। उन्होंने अमेरिकन म्यूज़िक अवार्ड्स में कस्टम टॉम फ़ोर्ड लुक में भी सबका ध्यान खींचा और वैनिटी फेयर ऑस्कर आफ्टर पार्टी में ऑस्कर डे ला रेंटा में सबको चौंका दिया।

बिलबोर्ड फ़ीचर से लेकर एल्योर में दमदार उपस्थिति तक, नोरा फतेही स्टारडम के नियमों को फिर से लिखना जारी रखती हैं। वायरल मोमेंट्स और तेजी से बढ़ते ग्लोबल फैनबेस के साथ, पेरिस फैशन वीक में उनकी वापसी सिर्फ एक फैशन मोमेंट नहीं–बल्कि यह एक सांस्कृतिक बयान है।

# फिल्म मालिक के लिए राजकुमार राव ने तीन महीने तक बढ़ाई दाढ़ी : निर्देशक पुलकित



फिल्म अभिनेता राजकुमार राव अपनी आने वाली फिल्म मालिक की तैयारी में जुटे हुए हैं। फिल्म में अपने किरदार को मजबूत बनाने के लिए अभिनेता ने 80 दिन से भी ज्यादा समय तक दाढ़ी बढ़ाई, ताकि उनका लुक स्क्रीन पर दमदार लगे। फिल्म के निर्देशक पुलकित ने बताया कि उन्होंने ऐसा इसलिए करवाया क्योंकि वह चाहते थे कि राजकुमार राव के किरदार में एक दमदार और ताकतवर अहसास नजर आए। इस तरह का लुक फिल्म में उनके किरदार को असरदार और असली बनाएगा।

पुलकित ने कहा, हम चाहते थे कि राजकुमार राव के किरदार में एक ऐसी ताकत दिखे जो अंदर से आए, कुछ ऐसा जो सच्चा, थोड़ा रफ और बिना बनावट के लगे। राजकुमार ने इस किरदार के लिए खुद को शारीरिक और भावनात्मक रूप से पूरी तरह से झोंक दिया। उन्होंने करीब तीन महीने तक दाढ़ी बढ़ाई, ताकि उनका किरदार वास्तविक लगे।

उन्होंने आगे कहा कि जो कुछ अभी टीजर में दिखा है, वह तो सिर्फ शुरुआत है, इस किरदार में और भी बहुत कुछ है। राजकुमार ने इस किरदार में ऐसा कुछ किया है जो वाकई बहुत खास है। फिल्म में उनका किरदार लोगों को जरूर पसंद आएगा।

राजकुमार राव ने फिल्म में अपने किरदार के लिए पूरी मेहनत और दिल से तैयारी की है। उन्होंने ऐसा रफ लुक अपनाया है, जिससे गंभीरता झलकती है। उनके इस नए लुक ने फैंस को हैरान कर दिया। हाल ही में फिल्म मालिक का टीजर रिलीज हुआ, जिसमें राजकुमार राव का सबसे अलग और नया अवतार देखने को मिला। यह फिल्म एक खतरनाक अंडरवर्ल्ड की दुनिया पर आधारित है, जहां ताकत, लालच और जिंदा रहने की जंग चलती है। टीजर में राजकुमार राव को एक बेरहम गैंगस्टर के रूप में दिखाया गया है। उनका यह बदला हुआ अंदाज दर्शकों को काफी पसंद आ रहा है।

फिल्म में पहली बार राजकुमार राव और मानुषी छिल्लर की जोड़ी देखने को मिलेगी। इसमें मेधा शंकर, अनिल झमाझम और ऋषि राज भसीन अहम भूमिका निभाते नजर आएंगे। मालिक 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## फातिमा सना ने पांच दिन में सीखी सर्फिंग, बोलीं

# थोड़ा–थोड़ा आ गया

अभिनेत्री फातिमा सना शेख ने अपनी श्रीलंका छुट्टियों के दौरान सर्फिंग सीखने का मजेदार अनुभव साझा किया। सोशल मीडिया पर पोस्ट कर उन्होंने बताया कि सिर्फ पांच दिनों में सर्फिंग में हाथ आजमाया और थोड़ा–थोड़ा सीख भी लिया। फातिमा ने इंस्टाग्राम पर सर्फिंग की तस्वीरें और वीडियो पोस्ट किए। एक फोटो में वह सर्फबोर्ड के साथ पोज देती दिखीं, जबकि वीडियो में वह समुद्र की लहरों पर सर्फिंग करती नजर आईं।

उन्होंने पोस्ट के साथ कैप्शन में लिखा, 5 दिन में सर्फिंग सीखने की कोशिश की और थोड़ा–थोड़ा सीख भी लिया। मैंने दोस्त अदिति सागर के साथ सर्फिंग का अचानक प्लान बनाया और हम दोनों ने शुरुआत की। सना ने आगे बताया, आखिरी से दूसरी स्लाइड में वीडियो है। अगर आप श्रीलंका में सर्फिंग सीखना चाहते हैं, तो चंदू बेस्ट टीचर हैं। मैंने पहले कभी सर्फिंग नहीं की थी, लेकिन उन्होंने मुझे बोर्ड पर खड़ा कर दिया। फातिमा की इस पोस्ट को फैंस खूब पसंद कर रहे हैं, उनकी मेहनत की तारीफ कर रहे हैं।सना फातिमा के अपकमिंग प्रोजेक्ट की बात करें तो वह जल्द ही फिल्म निर्देशक अनुराग बसु की फिल्म 'मेट्रो... इन दिनों' में दिखेंगी, जो 4 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह फिल्म आधुनिक रिश्तों, प्यार, दिल टूटने की कहानी पर आधारित है। फिल्म में सना फातिमा के साथ आदित्य रॉय कपूर, सारा अली खान, अली फजल, पंकज त्रिपाठी, कोंकणा सेन शर्मा, अनुपम खेर और नीना गुप्ता भी अहम भूमिकाओं में हैं। इसके अलावा, फातिमा वेब सीरीज 'तीन कौवे' में पावेल गुलाटी और सिद्धांत गुप्ता के साथ नजर आएंगी।




# मेरे ससुराल वाले दुनिया के सबसे अच्छे लोग, सोनाक्षी सिन्हा ने गिनाई वजह




अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा और उनके पति जहीर इकबाल की शादी को सोमवार को एक साल पूरा हो गया। इस मौके पर सोनाक्षी ने कहा कि उनके ससुराल वाले दुनिया के सबसे अच्छे लोग हैं। वे उन्हें खूब प्यार करते हैं और हर वक्त उनका साथ देते हैं। सोनाक्षी ने अपनी शादी की सालगिरह के मौके पर इंस्टाग्राम स्टोरीज में एक तस्वीर शेयर की। इस तस्वीर में सभी सालगिरह का जश्न मनाते दिख रहे हैं।

तस्वीर में जहीर इकबाल बैठे हुए हैं और उनके चारों तरफ पिंक, सिल्वर और वाइट कलर के गुब्बारे लगे हुए हैं। उन गुब्बारों पर लिखा है, 'वी लव यू'।

सोनाक्षी ने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, दुनिया के सबसे अच्छे ससुराल वाले, पहले तो मुझे यह लड़का दिया फिर ढेर सारा प्यार दिया।

सोनाक्षी और जहीर की शादी 23 जून को मुंबई में हुई। उनकी पहली मुलाकात एक पार्टी में हुई थी, जो बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान ने रखी थी।

दिलचस्प बात यह है कि सोनाक्षी और जहीर, दोनों ने ही अपने फिल्मी करियर की शुरुआत सलमान खान के साथ ही की थी।

सोनाक्षी ने फिल्मी करियर की शुरुआत सलमान खान के साथ सुपरहिट फिल्म 'दबंग' से की थी, तो जहीर ने भी पहला फिल्मी कदम सलमान खान के प्रोडक्शन में बनी फिल्म 'नोटबुक' से रखा था।बताया जा रहा है कि सोनाक्षी और जहीर ने 7 साल तक एक–दूसरे को डेट किया और शादी से पहले एक साल तक साथ में भी रहे।

वर्कफ्रंट की बात करें तो सोनाक्षी जल्द ही फिल्म 'निकिता रॉय' में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म को उनके भाई कुश सिन्हा ने डायरेक्ट किया है। फिल्म को निकी भगनानी और विक्की भगनानी मिलकर बना रहे हैं।

'निकिता रॉय' फिल्म 27 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। शुरुआत में यह फिल्म 30 मई को रिलीज होने वाली थी, लेकिन बाद में इसकी रिलीज की तारीख बदलकर 27 जून कर दी गई।

# सोनम कपूर ने दान किए अपने बाल, दिखाई नए लुक की झलक

अभिनेत्री और फैशन आइकन सोनम कपूर ने अपने लंबे काले बालों को काटकर 12 इंच चैरिटी के लिए दान किए। सोनम ने सोशल मीडिया पर अपने नए लुक की झलक दिखाई।सोनम ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वह हेयरकट करवाती नजर आईं। वीडियो में उन्होंने अपने नए लुक को दिखाया और अपने घने, लंबे बालों का श्रेय जेनेटिक्स, यानी अपने पिता अनिल कपूर को दिया।वीडियो में सोनम कहती नजर आईं, हेलो दोस्तों, मैंने अपने 12 इंच बाल काटने का फैसला किया। यह वीडियो में ज्यादा नहीं लग रहा, लेकिन यह एक फुट बाल है। मेरे बाल जेनेटिक्स वजह से घने और काले हैं। यानी पिता अनिल कपूर की वजह से बहुत लंबे और घने हैं।

उन्होंने आगे बताया, मुझे लगा कि अब समय है कि मैं अपने बाल काटकर चैरिटी के लिए दान कर दूं। मेरे हेयर स्टाइलिस्ट पीट, पिछले कुछ सालों से मेरे बालों की देखभाल कर रहे हैं, उन्होंने मेरे साथ मिलकर यह फैसला लिया। मेरे बाल अब भी लंबे हैं, लेकिन मैं गर्मियों के लिए फ्रेश महसूस कर रही हूं। लव यू फ्रेंड्स!

सोनम ने शेयर किए वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा, 12 इंच बाल काटकर दान करने का फैसला लिया! पीट, थैंक्यू। डैड (अनिल कपूर) जीन के लिए शुक्रिया। वर्कफ्रंट की बात करें तो सोनम जल्द ही फिल्म 'बैटल ऑफ बिट्टोरा' में नजर आएंगी। यह फिल्म अनुजा चौहान के 2010 के उपन्यास पर आधारित है, जिसमें दो उभरते राजनेताओं की प्रेम कहानी दिखाई जाएगी, जो एक–दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ते हैं। इस फिल्म का निर्माण अनिल कपूर फिल्म एंड कम्युनिकेशन नेटवर्क के बैनर तले होगा।हाल ही में सोनम ने अपने गानों 'प्रेम रतन धन पायो' और 'अभी तो पार्टी शुरू हुई है' के यूट्यूब पर एक अरब से ज्यादा व्यूज होने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने बताया कि 'प्रेम रतन धन पायो' का टाइटल ट्रैक रिलीज होने पर वीडियो हर जगह थे। ङ्क




# आषाढ़ गुप्त नवरात्रि 26 से

हिंदू पंचांग के अनुसार पहली गुप्त नवरात्रि आषाढ़ शुक्ल पक्ष प्रतिपदा से नवमी तिथि तक मनाई जाती है। इस वर्ष आषाढ़ गुप्त नवरात्रि 26 जून से प्रारंभ हो रही है। इस गुप्त नवरात्री के अवसर पर 10 महाविद्याओं की पूजा की जाती है। यह समय महाकाली एवं भगवान शिव यानी कि शाक्त और शैव की पूजा करने वालों के लिए विशेष माना जाता है। तंत्र साधक इस दौरान विशेष साधनाएं करते हैं। पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि इस वर्ष आषाढ़ गुप्त नवरात्रि इस साल 26 जून से आषाढ़ गुप्त नवरात्रि की शुरुआत हो रही है और 4 जुलाई को समापन होगा। इन नवरात्रों में 10 महाविद्याओं की पूजा करने का विशेष विधान शास्त्रों में बताया गया है। इस दौरान तंत्र विद्या का विशेष महत्व है। गुप्त नवरात्रि में दस महाविद्याओं की पूजा-अर्चना की जाती है। इसी कारण गुप्त नवरात्रि का पर्व हर कोई नहीं मनाता है। इस समय की गई साधना जन्मकुंडली के समस्त दोषों को दूर करने वाली तथा चारों पुरुषार्थ धर्म, अर्थ, काम और कोक्ष को देने वाली होती है। इसका सबसे महत्वपूर्ण समय मध्य रात्रि से सूर्योदय तक अधिक प्रभावशाली बताया गया है। आषाढ़ माह में पड़ने वाली नवरात्रि को भी गुप्त नवरात्रि कहा जाता है। इस दौरान प्रतिपदा से लेकर नवमी तक मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा-अर्चना की जाती है। गुप्त नवरात्रि में साधक महाविद्याओं के लिए खास साधना करते हैं।

नवरात्रि का पावन त्योहार आदिशक्ति मां दुर्गा को समर्पित माना गया है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, साल भर में कुल चार नवरात्रि आते हैं। जिसमें से दो चैत्र व शारदीय और दो गुप्त नवरात्रि होती हैं। आषाढ़ मास में पड़ने वाले नवरात्रि को आषाढ़ गुप्त नवरात्रि कहा जाता है। गुप्त नवरात्रि में 10 महाविद्याओं मां काली, तारा देवी, त्रिपुर सुंदरी, भुवनेश्वरी, माता छिन्नमस्ता, त्रिपुर भैरवी, मां धुम्रावती, मां बंगलामुखी, मातंगी और कमला देवी की पूजा की जाती है।

**आषाढ़ गुप्त नवरात्रि तिथि**

वैदिक पंचांग के अनुसार गुरुवार 25 जून को शाम 04 बजे से आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि शुरू होगी। सनातन धर्म में उदया तिथि मान है। इसके लिए 26 जून से गुप्त नवरात्र की शुरुआत होगी। वहीं, आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि का समापन 26 जून को दोपहर 01:24 मिनट पर होगा।

आषाढ़ शुक्ल प्रतिपदा तिथि प्रारंभः बुधवार, 25 जून 2025 को शाम 04:00 बजे

प्रतिपदा तिथि समापनः गुरुवार 26 जून 2025 को दोपहर 01:24 बजे

उदया तिथि में आषाढ़ गुप्त नवरात्रिः गुरुवार, 26 जून 2025

**आषाढ़ नवरात्रि घट स्थापना**

प्रतिपदा तिथि में घट स्थापना यानी मां के आवाहन से ही नवरात्रि का अनुष्ठान शुरू होता है। इस साल घट स्थापना का शुभ मुहूर्त द्वि स्वभाव वाले मिथुन लग्न के दौरान है।





डॉ. अनीष व्यास
भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक
पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान,जयपुर-जोधपुर
मो.9460872809

मिथुन लग्न प्रारंभः 26 जून 2025 को सुबह 04:33 बजे

मिथुन लग्न समापनः 26 जून 2025 को सुबह 06:05 बजे तक

कलश स्थापना मुहूर्तः सुबह 4.33 बजे से 6.05 बजे तक (कुल 1 घंटा 32 मिनट की अवधि)

घटस्थापना अभिजित मुहूर्तः सुबह 10:58 बजे से 11:53 बजे तक

अवधिः 00 घण्टे 55 मिनट

**शुभ योग**

गुप्त नवरात्र के पहले दिन यानी घटस्थापना तिथि पर ध्रुव योग का संयोग बन रहा है। इसके साथ ही सर्वार्थ सिद्धि योग का भी संयोग है। इन योग में मां दुर्गा की पूजा करने से साधक की हर मनोकामना पूरी होगी। साथ ही जीवन में सुखों का आगमन होगा।

ध्रुव योगः रात 11:40 बजे तक

सर्वार्थ सिद्धि योगः सुबह 08:46 बजे से 27 जून को सुबह 05:35 बजे तक

**10 महाविद्याओं की साधना**

भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक डा. अनीष व्यास ने बताया कि गुप्त नवरात्रि में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों के साथ दस महाविद्या की भी पूजा की जाती है।

मां काली मां तारा मां त्रिपुर सुंदरी मां भुवनेश्वरी मां छिन्नमस्ता मां त्रिपुर भैरवी मां धूमावती मां बगलामुखी मां मातंगी मां कमला

**गुप्त नवरात्रि की तिथियां**

प्रतिपदा तिथि- घटस्थापना और मां शैलपुत्री की पूजा
द्वितीया तिथि - मां ब्रह्मचारिणी पूजा
तृतीया तिथि - मां चंद्रघंटा की पूजा
चतुर्थी तिथि - मां कूष्मांडा की पूजा
पंचमी तिथि - मां स्कंदमाता की पूजा
षष्ठी तिथि - मां कात्यायनी की पूजा
सप्तमी तिथि - मां कालरात्रि की पूजा
अष्टमी तिथि - मां महागौरी की पूजा
नवमी तिथि - मां सिद्धिदात्री की पूजा
दशमी- नवरात्रि का पारण

**गुप्त नवरात्रि में करते हैं विशेष साधना**

आषाढ़ की गुप्त नवरात्रि का तंत्र-मंत्र और सिद्धि-साधना के लिए विशेष महत्व होता है। ऐसी मान्यता है कि तंत्र मंत्र की सिद्धि के लिए इस समय की गई साधना शीघ्र फलदायी होती है। इस नवरात्रि में मां काली, तारा देवी, त्रिपुर सुंदरी, भुवनेश्वरी, माता छिन्नमस्ता, त्रिपुर भैरवी, माँ ध्रूमावती, माँ बगलामुखी, मातंगी और कमला देवी की पूजा की जाती है।

# वृषभ राशि वाले इन राशियों के साथ शादी में हमेशा रहेंगे खुश

विवाह और रिश्तों को आने वाली आजकल की खबरें चौंका देने वाली हैं। जिसके चलते पुरुष हो या स्त्री हर कोई शादी के नाम से भी डरने लगा है। सभी के मन में यह सवाल आता है कि आखिर किसके साथ उनकी जोड़ी बन सकती है और वैवाहिक जीवन खुशहाल बना रहेगा। इस उलझन को थोड़ा कम करने के लिए हम आपको सभी 12 राशियों के बारे में यह जानकारी देंगे कि किस राशि की जोड़ी किसके साथ जीवनभर मजबूत बनी रह सकती है। इनमें से मेष के बाद अब हम आपको वृषभ राशि के बारे में बताने जा रहे हैं। 21 अप्रैल से 20 मई के बीच जन्में लोगों की राशि वृषभ होती है, जिसके स्वामी ग्रह शुक्र होते हैं। शुक्र को भौतिक सुख, प्रेम, सौंदर्य, धन और वैभव का प्रतीक माना जाता है। इन सभी का प्रभाव वृषभ राशि के जातकों के जीवन में भी देखने को मिलता है। ये लोग बहुत आकर्षक होते हैं और इनका मन रचनात्मक कार्यों में अधिक लगता है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि वृषभ राशि वालों की आखिर किस राशि के साथ सबसे बेहतरीन जोड़ी बन सकती है?

**मेष राशि के साथ संबंध**

इस राशि वालों को जीवन में रोमांच और बदलाव पसंद आते हैं। वहीं, वृषभ राशि वालों को अनुभव इकट्ठा करने के साथ धीमी गति से आगे बढ़ना पसंद होता है और ये स्थिरता को ज्यादा महत्व देते हैं। मेष राशि का व्यक्तित्व इससे बिल्कुल अलग होने के कारण दोनों के बीच समस्याएं आ सकती हैं। ऐसे में अगर वृषभ और मेष राशि की जोड़ी बनती है तो इन दोनों के लिए एक दूसरे को समझना एक मुश्किल कार्य हो सकता है।

**वृषभ राशि के साथ संबंध**

वृषभ राशि वाले वृषभ राशि के साथ एक मजबूत और मधुर रिश्ता बना सकते हैं। ये दोनों ही थोड़े जिद्दी स्वभाव के होते हैं , जिससे कभी-कभी आपस में मनमुटाव या बहस हो सकती है। लेकिन इनका वैवाहिक जीवन सुखद और खुशहाल बना रह सकता है। ये दोनों ही एक दूसरे के प्रति वफादार रहते हैं और एक दूसरे की जरूरतों को भी अच्छी तरह समझ पाते हैं। यह रिश्ता विश्वास, वफादारी और समझदारी के साथ लंबा चल सकता है।

**मिथुन राशि के साथ संबंध**

इस राशि के जातक आजाद सोच रखने वाले होते हैं और जीवन में मौज-मस्ती करना पसंद करते हैं। दूसरी ओर वृषभ राशि को स्थिरता और सुरक्षा ज्यादा प्रिय होती है। दोनों के विपरीत व्यक्तित्व होने के कारण इनके रिश्ते में समस्याएं



और झगड़े पैदा हो सकते हैं। ऐसे में इनका रिश्ता सफल होना थोड़ा मुश्किल हो सकता है। लेकिन अगर दोनों राशियां अपने मतभेदों को दूर करके एक दूसरे की भावनाओं को समझें और सहयोग करें, तो रिश्ता सफल बनाया जा सकता है। हालांकि, इसके लिए दोनों को अपनी सोच पड़ अडिग रहने होगा।

**कर्क राशि के साथ संबंध**

वृषभ राशि वालों की कर्क राशि के साथ अच्छी जोड़ी बन सकती है। कर्क राशि वाले बेहद आकर्षक होते हैं और दूसरों की मदद करने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। साथ ही, ये लोग बहुत जिम्मेदार होते हैं। जिसके चलते वृषभ राशि वाले भी कर्क राशि वालों का सम्मान और सराहना करते हैं। कर्क राशि वृषभ राशि की भावनाओं को संतुलन और सही दिशा दिखाने में मदद कर सकती है। वहीं, वृषभ राशि कर्क राशि को हर मोड़ पर सहयोग प्रदान कर सकता है।

**सिंह राशि के साथ संबंध**

वृषभ और सिंह राशि वालों का रिश्ता बेहद अच्छा चल सकता है। लेकिन इसके लिए इन दोनों को अपने रिश्ते को मजबूत बनाए रखने पर ज्यादा ध्यान देना होगा। ये दोनों ही लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए दृढ़ता सा आगे बढ़ते हैं। ऐसे में कई बार सफलता की सीढ़ी चढ़ते वक्त इन दोनों के बीच में टकराव हो सकता है। लेकिन अगर वृषभ और सिंह राशि वाले आपसी समझ को बरकरार रखें, तो एक साथ मिलकर बड़ी सफलता हासिल कर सकते हैं।

**कन्या राशि के साथ संबंध**

इस राशि के जातक और वृषभ राशि वाले साथ में एक अच्छी जोड़ी बना सकते हैं। ये दोनों ही एक दूसरे के लिए अनुकूल होते हैं। वृषभ राशि वालों को कन्या राशि बहुत आकर्षक लग सकती है। वहीं, कन्या राशि वाले वृषभ राशि के व्यक्तित्व की ओर आकर्षित होते हैं। ऐसे में ये दोनों एक संतुलित रिश्ता हमेशा बनाए रख सकती हैं। दोनों हर मोड़ पर एक दूसरे का साथ देंगे और इनके बीच रोमांस भी हमेशा बना रहेगा।

**तुला राशि के साथ संबंध**

इस राशि के लोग वृषभ राशि के साथ अच्छा रिश्ता बना सकते हैं। इन दोनों के स्वामी ग्रह शुक्र होते हैं, जिन्हें प्रेम, धन-वैभव और सौंदर्य का प्रतीक माना जाता है। ऐसे में ये दोनों राशियां एक दूसरे की ओर कुछ समय के लिए बहुत ज्यादा आकर्षित होती हैं। लेकिन कुछ वक्त के बाद दोनों के बीच टकराव हो सकते हैं। ऐसे में मामलों को सुलझाना भी मुश्किल होता है। अगर वृषभ और तुला राशि एक दूसरे को समझने और सहयोग करने में कामयाब होती है, तो इस रिश्ते में हमेशा प्रेम और रोमांस बना रहा सकता है।

**वृश्चिक राशि के साथ संबंध**

वृषभ राशि वालों का स्वभाव स्थिर और व्यावहारिक होता है। वहीं, वृश्चिक राशि के लोग तीव्र और भावनात्मक माने जाते हैं। अगर ये दोनों राशियां एक दूसरे को समझने में कामयाब हो जाती हैं तो इनका वैवाहिक जीवन भी खुशहाली बना रह सकता है। वृषभ और वृश्चिक राशि दोनों ही विपरीत स्वभाव की होती हैं, जिसके कारण कभी-कभी इनके बीच कुछ समस्याएं पैदा हो सकती हैं। लेकिन एक दूसरे की भावनाओं को समझने से ये हर परिस्थिति को संभाल सकते हैं। इन लोगों का रिश्ता जुनून और विश्वास पर आधारित रहकर एक स्थायी रिश्ता बन सकता है।

**धनु राशि के साथ संबंध**

माना जाता है कि वृषभ और धनु राशि के लोग बिल्कुल अलग-अलग व्यक्तित्व के होते हैं। यही इनके रिश्ते में सबसे बड़ी समस्या बन सकता है। वृषभ राशि पृथ्वी तत्व से संबंधित होती है, जिसे स्थिरता और सुरक्षा पसंद होती है। वहीं, धनु राशि वाले अग्नि तत्व से संबंधित होते हैं। इन्हें स्वतंत्रता पसंद आती है। दोनों की सोच अलग होने से कुछ समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। लेकिन अगर ये जुनून और सहजता के बीच संतुलन बनाने का प्रयास करें, तो वैवाहिक जीवन शांति गुजर सकता है।

**मकर राशि के साथ संबंध**

जिन लोगों की राशि मकर होती है उन्हें दीर्घकालिक योजना बनाना ज्यादा पसंद आता है। ये अपने हर काम को दृढ़ता से करना पसंद करते हैं। यही खूबियां वृषभ राशि वालों को बेहद आकर्षक लग सकती हैं। ये दोनों एक दूसरे को करियर में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। साथ ही, एक दूसरे की भावनाओं को भी अच्छी तरह समझ पाते हैं। ऐसे में इनके विवाह में परेशानियां आने की बहुत कम संभावनाएं होती हैं। किसी बात पर मनमुटाव होने पर भी ये लोग बहुत आसानी से एक-दूसरे को मना लेते हैं।

**कुंभ राशि के साथ संबंध**

वृषभ राशि वालों का रिश्ता अगर कुंभ राशि के साथ जुड़ता है, तो इन्हें कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। कुंभ राशि वालों को स्वतंत्रता के साथ जीवन जीना पसंद होता है और ये बदलाव की तलाश करते रहते हैं। वहीं, वृषभ राशि वाले स्नेह और सुरक्षा को ज्यादा महत्वपूर्ण समझ सकते हैं। दोनों के अलग विचार होने के कारण इनके बीच समस्याएं आना संभव है। दोनों का अलग-अलग स्वभाव रिश्ते को थोड़ा कठिन और चुनौतीपूर्ण बना सकता है। अगर से आपसी समझ न बना पाएं रिश्ते में बार-बार समस्याएं आने लगती हैं।

**मीन राशि के साथ संबंध**

अगर वृषभ राशि के जातकों का विवाह मीन राशि के साथ होता है, तो यह इनका जीवन खुशहाल बना रह सकता है। साथ ही, दोनों के बीच तालमेल और प्रेम बना रहता है। वृषभ राशि के लोग अपने साथ के प्रति हमेशा वफादार रहते हैं और उनकी भावनाओं को भी समझते हैं। वहीं, मीन राशि वाले थोड़े भावनात्मक और संवेद-नशील स्वभाव के होते हैं। ऐसे में ये दोनों साथ में एक अच्छा रिश्ता बरकरार रख सकते हैं। इन लोगों का रिश्ता मस्ती और रोमांस से भी भरा रहता है। साथ ही, मीन राशि वाले वृषभ राशि को सपने दिखाना सीखा सकते हैं और उन पर पूरा भरोसा रखते हैं।

# नजर से बचने के आसान उपाय



कभी-कभी ऐसा होता है कि हम अचानक बीमार पड़ जाते हैं या अचानक हमारे जीवन में परेशानियां खड़ी हो जाती हैं। हंसते-खेलते हमारे जीवन में परेशानियां आ जाती हैं। यह सब किसी की बुरी नजर या बुरी ऊर्जा के प्रभाव से हो सकता है।वैसे तो बुरी नजर से बचने के टोटके और उपाय लगभग हर संस्कृति में किए जाते हैं। भारतीय संस्कृति में भी इनका अहम रोल है। सदियों से बुरी नजर से बचने के लिए हजारों उपाय किए जाते हैं। नकारात्मकता से खुद को बचाने के लिए वास्तु में भी कई उपाय बताए गए हैं जिससे आप अपने और अपने घर को एक सुरक्षा कवच से ढक सकते हैं। ऐसा करके न केवल आप उन बुरी नजरों को दूर भगा सकते हैं बल्कि सकारात्मकता को आकर्षित कर सकते हैं। क्या है वह तरीके चलिए जानते हैं।

**दरवाजे पर बनाएं स्वास्तिक**

अगर आप धार्मिक मान्यताओं को मानने वाले इंसान हैं तो आपके लिए सबसे अच्छा होगा कि आप अपने दरवाजे पर एक स्वास्तिक बनाने साथी होली से नौ ग्रहों की 9 बिंदिया बना लें।

**दरवाजे पर टांगें फिटकरी**

अगर आप धार्मिक उपायों से परहेज करते हैं तब आप वास्तु टिप्स के अनुसार फिटकरी को काले कपड़े में बांधकर दरवाजे पर टांग सकते हैं।

**लौंग का पानी**

अपने में गेट पर लौंग का पानी छिड़क सकते हैं। ऐसा करने से भी बुरी नजर आपके घर में प्रवेश नहीं कर पायेगी।

**तांबे का स्वास्तिक**

घर की दक्षिण पूर्व दिशा में आप एक तांबे का स्वास्तिक लगा सकते हैं। यह घर को बुरी नजर और नकारात्मकता से बचाता है। वास्तु के अनुसार ईशान कोण को बहुत महत्व दिया गया है। अगर आप ईशान कोण को हल्का और व्यवस्थित रखते हैं तो बुरी नजर से बचाव होगा।

**इस दिशा में जलाएं दीपक**

अगर आप ईशान कोण में देसी घी का दीपक जलाते हैं और उसमें लौंग और कपूर डालकर जलाते हैं तो यह घर की नेगेटिविटी को दूर करता है।

**आंगन में तुलसी**

वास्तु के अनुसार माना जाता है कि जिसके घर के आंगन में तुलसी का पौधा होता है वहां नकारात्मक ऊर्जाएं और किसी की बुरी नजर प्रवेश नहीं हो पाता इसलिए घर के आंगन में तुलसी का पौधा होना अत्यंत आवश्यक है।

**नमक का छिड़काव**

आप अपने घर के मुख्य दरवाजे पर नमक के पानी का छिड़काव कर सकते हैं या फिर नमक से भरा एक कांच का बर्तन घर के मुख्य द्वार पर रख सकते हैं। इससे बुरी नजर और नेगेटिविटी आपके घर में प्रवेश नहीं करेगी।

# जुलाई के महीने में यह दो बड़े ग्रह चलेंगे व्रकी चाल, इन राशियों की चांदी

जल्द ही जुलाई का महीना शुरू होने वाला है। जुलाई के महीने में कई बड़े गोचर होंगे। लेकिन 2 ग्रह ऐसे हैं जो सीधी नहीं बल्कि उल्टी चाल चलेंगे। ज्योतिष शास्त्र में उल्टी चाल को व्रकी कहा जाता है। जब कोई ग्रह अपनी सामान्य दिशा से उल्टी दिशा की ओर चलता है तो उसे व्रकी दिशा कहते हैं।

साल 2025 में जुलाई माह को ज्योतिष की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हिंदू पंचांग के अनुसार इस माह में दो बड़े ग्रह न्याय के देवता शनि देव और ग्रहों के राजकुमार बुध व्रक्री चाल चलेंगे। ग्रहों की व्रकी चाल को ज्योतिष शास्त्र में अहम माना जाता है।

**बुध व्रकी-** ग्रहों के राजकुमार बुध ग्रह जुलाई के महीने में उल्टी चाल चलेंगे। बुध ग्रह कर्क राशि में व्रकी होंगे।18 जुलाई, 2025 शुक्रवार को रात 10.13 मिनट पर बुध उल्टी चाल चलेंगे। बुध की यह



चाल अगले 25 दिन तक रहेगी यानि बुध ग्रह 11 अगस्त 2025, सोमवार को 12.59 मिनट के दिन कर्क राशि में मार्गी होंगे।

**शनि व्रकी-** वहीं शनि ग्रह 13 जुलाई को मेष राशि में व्रकी होने वाले हैं, शनि की व्रकी चाल 138 दिन तक रहेगी। शनि 13 जुलाई को सुबह 9.36 मिनट पर व्रकी होंगे। शनि के व्रकी होने का असर सभी 12 राशियों पर पड़ेगा। 28 नवंबर, 2025 शुक्रवार को शनि मेष राशि में मार्गी होंगे। इस दौरान अच्छे कर्म करने वालों को सुभ फल की प्राप्ति होगी, वहीं किसी का बुरा ना चाहें और करें।

**वृषभ राशि -** वृषभ राशि वालों को बुध और शनि की व्रकी चाल से लाभ होगा। इस दौरान करियर में नए मौके मिलेंगे। अच्छे कर्म करें, लोगों का भला सोचे और करें। आपको फल अपने आप मिलेगा। काम में आ रही अड़चने दूर होंगी। भाग्य का साथ मिलेगा।

**मिथुन राशि -** मिथुन राशि वालों को इन दो ग्रहों की व्रकी चाल से लाभ होगा। करियर में ग्रोथ होगी। सोशल लेवल पर मान-सम्मान मिलेगा। माता-पिता की सेवा करें। आपकी वाणी से आपको लाभ होगा। आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर होगी।

**कन्या राशि -** कन्या राशि वालों को लाभ मिलेगा। इस दौरान आपकी आर्थिक स्थिति पहले के मुकाबले बेहतर होगी। धन लाभ हो सकता है। अनावश्यक खर्चों से बचें।

संपादकीय

# ट्रंप का 'नोबेल' दर्द

**अमरीका** के राष्ट्रपति ट्रंप नोबेल शांति पुरस्कार के लिए इतना क्यों छटपटा रहे हैं? क्या उनके आग्रह पर ही पाकिस्तान ने उनके नाम की सिफारिश की है? क्या यह हास्यास्पद नहीं है कि जिस देश में आदर्श लोकतंत्र नहीं है और सेना ही सरकार को हांकती है, जिस देश को आतंकवाद की पनाहगाह माना जाता रहा है, जो देश पैसा लेकर किसी भी देश के खिलाफ 'जेहाद' करता रहा हो, जिस देश का रक्षा मंत्री कबूल करता हो कि हमने 30 साल में आतंकियों को पाला-पोसा है, उस देश ने नोबेल शांति पुरस्कार राष्ट्रपति ट्रंप को देने की सिफारिश की है? क्या राष्ट्रपति ट्रंप ने शांति, स्थिरता, मानवता, सौहार्द के लिए अमूल्य, अतुलनीय प्रयास किए हैं? यदि अमरीकी राष्ट्रपति खुद को नोबेल शांति पुरस्कार के योग्य मानते हैं, तो मध्य-पूर्व में ही, ईरान के इर्द-गिर्द, अमरीका के 16 बड़े सैन्य अड्डे क्यों हैं? करीब 60 एकड़ क्षेत्र में घातक, संहारक विमान और 51,000 से अधिक सैनिक क्यों तैनात हैं? क्या यह भी शांति के लिए बंदोबस्त किया गया है? कमोबेश अमरीका की सीमाएं वहां से काफी दूर हैं। यह अमरीका का साम्राज्यवाद ही है। बुनियादी तौर पर अमरीका हिंसक, युद्धोन्मादी, जनसंहारक देश है। राष्ट्रपति ट्रंप दावा कर रहे हैं कि उन्होंने रवांडा-कांगो के बीच समझौता करवा दिया है, जो सोमवार से प्रभावी हो जाएगा। मिस्र और इथियोपिया में शांति स्थापित कराई है। कोसोवो और सर्बिया के बीच युद्ध रुकवाया है। उन्होंने 15वीं बार यह दावा भी किया है कि भारत और पाकिस्तान के दरमियान हालिया संघर्ष को खत्म कराने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। पाकिस्तान ने भी अपनी सिफारिश में लिखा है कि भारत के साथ संघर्ष में राष्ट्रपति ट्रंप का हस्तक्षेप एक वास्तविक शांतिदूत के रूप में उनकी भूमिका और बातचीत के माध्यम से संघर्ष के समाधान के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह पूरी तरह गलत प्रमाणपत्र है। भारत ने पाकिस्तान के साथ कब बातचीत की थी? सैन्य अफसरों का संवाद युद्धविराम के लिए महज औपचारिकता था। नोबेल पुरस्कार कमेटी को ऐसी छद्म और फर्जी सिफारिश करना ही अपराध है। यदि राष्ट्रपति ट्रंप वाकई 'शांतिदूत' हैं, तो फलस्तीन के गाजा में हमले अब भी जारी क्यों हैं? वह रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त क्यों नहीं करवा पाए? यह तो ट्रंप का मुख्य चुनावी मुद्दा था। इराक, सीरिया, लीबिया, लेबनान, यमन, अफगानिस्तान आदि देशों में अमरीका की युद्धबाज के तौर पर और खुद राष्ट्रपति ट्रंप की क्या भूमिका रही है? मौजूदा इजरायल-ईरान युद्ध को ही लें। बीते 10 दिन से भीषण हमले जारी हैं। करीब 700 मौतें हो चुकी हैं। ईरान के 12 से अधिक सैन्य जनरल मार दिए गए हैं। परमाणु वैज्ञानिक भी मारे गए हैं। कितनी इमारतें और प्रतिष्ठान खंडहर कर दिए गए हैं, उनका डाटा अभी उपलब्ध नहीं है। राष्ट्रपति ट्रंप कहते हैं कि वह इजरायल को युद्ध छोडने को नहीं कहेंगे। यह कौनसा शांतिकर्म है? ट्रंप बार-बार बयान बदल रहे हैं। अमरीका युद्ध में संलिप्त भी है और राष्ट्रपति ट्रंप ने दो सप्ताह के बाद कोई फैसला लेने की बात कही है। वह दावा करते रहे हैं कि ईरान परमाणु बम बना रहा है, जबकि उनकी सरकार में राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड ने कहा है कि ईरान का परमाणु कार्यक्रम 2003 में ही बंद करा दिया गया था, लिहाजा ईरान परमाणु बम कैसे बना सकता है? ट्रंप ने उनके बयान को खारिज कर दिया, तो तुलसी को भी सफाई देनी पड़ी। यदि ट्रंप वाकई 'शांतिदूत' हैं, तो उनका परमाणु बम से क्या लेना-देना? उनके प्रयास होने चाहिए कि युद्ध अविलंब खत्म हो, लेकिन अमरीका की नीयत के मद्देनजर रूस और चीन को चेतावनी देनी पड़ रही है कि अमरीका युद्ध में घुसने की कोशिश न करे। राष्ट्रपति ट्रंप का नोबेल पुरस्कार के लिए दर्द बार-बार बयां हो रहा है कि वह कितना, कुछ भी कर लें, लेकिन उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिलेगा। उनकी यह छटपटाहट इसलिए भी घनीभूत होती है, क्योंकि 2009 में तत्कालीन अमरीकी राष्ट्रपति बराक ओबामा को नोबेल शांति पुरस्कार दिया गया था।

> बुनियादी तौर पर अमरीका हिंसक, युद्धोन्मादी, जनसंहारक देश है। राष्ट्रपति ट्रंप दावा कर रहे हैं कि उन्होंने रवांडा-कांगो के बीच समझौता करवा दिया है, जो सोमवार से प्रभावी हो जाएगा। मिस्र और इथियोपिया में शांति स्थापित कराई है। कोसोवो और सर्बिया के बीच युद्ध रुकवाया है। उन्होंने 15वीं बार यह दावा भी किया है कि भारत और पाकिस्तान के दरमियान हालिया संघर्ष को खत्म कराने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। पाकिस्तान ने भी अपनी सिफारिश में लिखा है कि भारत के साथ संघर्ष में राष्ट्रपति ट्रंप का हस्तक्षेप एक वास्तविक शांतिदूत के रूप में उनकी भूमिका और बातचीत के माध्यम से संघर्ष के समाधान के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह पूरी तरह गलत प्रमाणपत्र है।

कुछ अलग

## भारतीय देशभक्त 'लू'

**लू** का होना और लू का चढना दो अलग-अलग परिस्थितियों का होना है। लू जहां होती है, दिखाई नहीं देती, लेकिन असर करती है। दूसरे पर चढ़े तो हमारी सोच देख लेती है। गर्मियों में लू का चढना एक आशावान मुहावरा हो सकता है, लेकिन जो सर्दियों में अपने दिमाग पर लू चढ़ा ले, उसकी तारीफ करनी होगी। तारीफ होती ही उनकी, जिनके दिमाग पर लू होती है। आप देख सकते हैं हमारे देश में किस-किस की तारीफ हो रही, समझ लो कि वहीं लू सा माहौल है। वैसे लू अपने आप में एक आर्ट है और इस आर्ट में हमारी जिंदगी का चित्रण हर उस झुग्गी-झोंपड़ी तक होता है जहां मुफ्त का अनाज भी अकेला-अकेला सोता है। देश में लू चलती रहेगी, इसलिए हमने पूरे विश्व से सबसे अधिक आबादी पैदा की। ये सुसरे स्कैंडिनेवियन कंट्री भला हमारी तरह लू की ऊर्जा में क्या जी पाएंगे। हमारे यहां लू न हो तो गन्ने का सारा रस बेकार जाएगा। फिर प्याज से रोटी खाने का रिवाज ही खत्म हो जाएगा। कौन तब लुंगी में पूरे शरीर को समेट पाएगा। लू न होती तो महात्मा गांधी दो कपड़ों में आजादी कैसे हासिल करते। देश की आर्थिक खुशहाली में लू का भी रोल है। आधी आबादी बिना कपड़ों के खुले आकाश के नीचे रह पाती है, तो इसमें लू की रुह का साथ है। घर से बाजार और चुनाव से सरकार तक लू का चमत्कार है।

### भारतीय एआई पेशेवरों की जरूरत देश और दुनिया में तेजी से बढ़ रही

# तेजी से बढ़ता भारत का एआई बाजार

डा. जयंती लाल भंडारी

> भारत में एआई में बढ़ता निवेश, स्टार्टअप्स की लहर, डिजिटल तंत्र और दमदार प्रतिभा आधार एआई बाजार की रफ्तार को बढ़ावा दे रहे हैं। ऐसे में भारत का एआई बाजार दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ते एआई बाजारों में रेखांकित हो रहा है। यह बात महत्वपूर्ण है कि दुनिया का 16 फीसदी एआई टैलेंट भारत के पास है और भारत अमरीका के बाद दूसरे स्थान पर है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में अभी 6 लाख से अधिक एआई प्रोफेशनल्स हैं। इनकी संख्या वर्ष 2027 तक तेजी से बढ़कर 12.5 लाख पर पहुंच जाने की उम्मीद है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि विभिन्न क्षेत्रों के उद्योग-कारोबार स्थानीय चुनौतियों को हल करने, नवाचार को बढ़ाने और प्रतिस्पर्धा लाभ बढ़ाने के लिए एआई तेजी से अपना रहे हैं। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि बढ़ती हुई वैश्विक औद्योगिक और कारोबारी चुनौतियों के बीच एआई विकल्प नहीं बल्कि जरूरत बन गया है।

**हाल** ही में 11 जून को बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत का आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) बाजार 2027 तक 3 गुना से ज्यादा बढक़र 17 अरब डालर तक पहुंचने का अनुमान है। भारत में एआई में बढ़ता निवेश, स्टार्टअप्स की लहर, डिजिटल तंत्र और दमदार प्रतिभा आधार एआई बाजार की रफ्तार को बढ़ावा दे रहे हैं। ऐसे में भारत का एआई बाजार दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ते एआई बाजारों में रेखांकित हो रहा है। यह बात महत्वपूर्ण है कि दुनिया का 16 फीसदी एआई टैलेंट भारत के पास है और भारत अमरीका के बाद दूसरे स्थान पर है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में अभी 6 लाख से अधिक एआई प्रोफेशनल्स हैं। इनकी संख्या वर्ष 2027 तक तेजी से बढक़र 12.5 लाख पर पहुंच जाने की उम्मीद है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि विभिन्न क्षेत्रों के उद्योग-कारोबार स्थानीय चुनौतियों को हल करने, नवाचार को बढ़ाने और प्रतिस्पर्धा लाभ बढ़ाने के लिए एआई तेजी से अपना रहे हैं। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि बढ़ती हुई वैश्विक औद्योगिक और कारोबारी चुनौतियों के बीच एआई विकल्प नहीं बल्कि जरूरत बन गया है। ऐसे में भारतीय कंपनियां परंपरागत विकास की डगर को पार करने और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए एआई का उपयोग लगातार बढ़ा रही हैं। यही कारण है कि इन दिनों एआई विषय पर प्रकाशित हो रही विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि जहां भारत में तेज आर्थिक विकास में एआई की भूमिका प्रभावी हो गई है, वहीं भारतीय एआई पेशेवरों की जरूरत देश और दुनिया में तेजी से बढ़ रही है। हाल ही में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इंस्टीट्यूट ऑफ इकॉनमिक ग्रोथ नई दिल्ली में कहा कि एआई को अपनाने वाले उद्योग भारत को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के अनुमान के मुताबिक 2028 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में बड़ी भूमिका निभाएंगे। इसी तरह केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय द्वारा हाल ही में जारी 'भारत की एआई क्रांति : विकसित भारत के लिए एक रोडमैप' नामक रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2047 तक भारत को 23.25 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाए जाने के लक्ष्य के मद्देनजर एआई पेशेवरों की अहम भूमिका होगी। गौरतलब है कि गूगल की एआई अवसर एजेंडा नामक रिपोर्ट में कहा गया है कि इस समय भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था, तकनीकी प्रतिभा और जीवंत स्टार्टअप ईकोसिस्टम के चलते भारत एआई से लाभान्वित होने की बेहतर स्थिति में है। भारत में एआई प्रौद्योगिकी को अपनाए जाने से उत्पादकता में धीरे-धीरे वृद्धि हो रही है। अब उद्योग, कृषि, स्वास्थ्य, सर्विस सेक्टर तथा अन्य क्षेत्रों में एआई के अधिक उपयोग से भारत को 2030 तक 33.8 लाख करोड़ का आर्थिक लाभ हो सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि एआई के प्रति एक




व्यापक और जिम्मेदार दृष्टिकोण भारत में महत्वपूर्ण आर्थिक विकास और सामाजिक प्रगति को संभव बना सकता है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस में फरवरी 2025 में आयोजित आर्टिफिशियल इंटेलिजेस (एआई) एक्शन शिखर सम्मेलन 2025 की सह अध्यक्षता करते हुए कहा है कि यद्यपि दुनिया में यह आशंका है कि एआई की वजह से नौकरियां खत्म होंगी, लेकिन इतिहास गवाह है कि प्रौद्योगिकी के कारण नौकरियां खत्म नहीं होती, बल्कि उसकी प्रकृति बदल जाती है और नई तरह की नौकरियां सृजित होती हैं। इसलिए हमें एआई संचालित भविष्य के लिए अपने लोगों को हाईस्किल्ड बनाते हुए नए काम के तरीकों के लिए उन्हें तैयार करने में निवेश करने की जरूरत है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि भारत की नई पीढ़ी डिजिटल दौर के एआई कामों में लगातार अपना योगदान बढ़ा रही है। ओपन एआई के सीईओ सैम आल्ट मैन के मुताबिक एआई के लिए दुनिया में भारत दूसरा सबसे बड़ा बाजार है। गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई के मुताबिक भारत एआई के क्षेत्र में दुनिया का नेतृत्व कर सकता है। माइक्रोसाफ्ट के सीईओ सत्या नडेला के मुताबिक भारत की गणित में दक्ष नई पीढ़ी के लिए एआई के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। इस समय जहां भारत की प्रतिभा संपन्न एआई से सुसज्जित नई पीढ़ी भारत के विकास में बड़ा योगदान दे रही है, वहीं भारत के टैलेंट का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है। भारत के प्रोफेशनल दुनिया की बड़ी कंपनियों के जरिए ग्लोबल ग्लोब में अपना अभूतपूर्व योगदान दे रहे हैं। भारत की एआई हाईस्किल्ड नई पीढ़ी सेवा निर्यात (सर्विस एक्सपोर्ट) से विदेशी मुद्रा की बड़ी कमाई करने वाली आर्थिक शक्ति के रूप में भी उभरकर दिखाई दे रही है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि एआई हाईस्किल्ड मैनपावर के सरल और किफायती रूप से उपलब्ध होने के कारण भारत में बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) की तेजी से नई स्थापनाओं के साथ सेवा निर्यात तेजी से बढ़ रहा है। भारत की नई पीढ़ी के लिए देश ही नहीं, दुनिया में एआई से जुड़ी नौकरियों में अवसर बढ़ रहे हैं। पिछले दिनों विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) सम्मेलन 2025 के तहत प्रकाशित रिपोर्ट 'भविष्य की नौकरियों' में कहा गया है कि वैश्विक स्तर पर वर्ष 2030 तक 17 करोड़ नई एआई नौकरियां पैदा होंगी, जबकि 9.2 करोड़ परंपरागत नौकरियां समाप्त होने का अनुमान है, जिसके परिणामस्वरूप 7.8 करोड़ अधिक नई नौकरियां पैदा होंगी। तकनीकी उन्नति, जनसांख्यिकीय बदलाव, भू-आर्थिक तनाव और आर्थिक दबाव इन परिवर्तनों के कारण नई हाई स्किल्ड एआई नौकरियों को रफ्तार मिलेगी और इससे दुनिया भर में उद्योगों और व्यवसायों को नया रूप मिलता हुआ दिखाई देगा। ऐसे में सबसे तेजी से बढ़ती जिन नौकरियों की भूमिकाएं होंगी, उनमें प्रमुखतया एआई बड़े डेटा विशेषज्ञ, मशीन लर्निंग विशेषज्ञ और साइबर सुरक्षा प्रबंधन विशेषज्ञ शामिल हैं। यहां यह उल्लेखनीय है कि जहां देश एआई मिशन के तहत एआई हाईस्किल्ड मेनपॉवर के लिए तेजी से कदम बढ़ा रहा है, वहीं एक फरवरी को प्रस्तुत वर्ष 2025-26 के केंद्रीय बजट में देश के युवाओं को हाईस्किल्ड बनाने और भारत को वैश्विक कौशल केंद्र बनाने की दिशा में सरकार ने बड़े कदम उठाए हैं। एआई से जुड़ी हुई तीन नई कौशल विकास योजनाएं तेजी से कार्यान्वित हो रही हैं। इसमें कोई दोमत नहीं हैं कि अब तक भारत में उत्पादकता उतनी तेजी से नहीं बढ़ी है जितनी तेजी से विकास की महत्वाकांक्षा है। इस प्रवृत्ति को बदलने के लिए, उन क्षेत्रों की पहचान करने का प्रयास किया गया है जहां सरकार और निजी क्षेत्र दोनों द्वारा धन के उपयुक्त निवेश से एआई का उपयोग किया जा सके। यद्यपि देश में भारतजेन, देविका, सूत्र, ऐरावत, सर्वम-1, चित्रलेखा, एवरेस्ट-1 जैसे कई एआई मॉडल्स के लिए पेशेवर काम कर रहे हैं, पर अब भारत के द्वारा शीघ्रतापूर्वक खुद का जनरेटिव एआई मॉडल विकसित करना जरूरी है। हमें देश की नई पीढ़ी को एआई हाई स्किल्स डेवलपमेंट की विशेषज्ञता के लिए और अधिक तेजी से प्रवृत्त करना होगा। उच्च शिक्षा खासकर इंजीनियरिंग शिक्षा में बड़े बदलाव पर ध्यान देना होगा। कंप्यूटर विज्ञान, आर्टिफिशिएल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, साइबर सुरक्षा, डाटा विज्ञान, क्लाउड कंप्यूटिंग और ब्लॉकचेन जैसे संबंधित क्षेत्रों के लिए बड़ी संख्या में दक्ष इंजीनियर तैयार करने होंगे, ताकि एआई संचालित नए दौर के नौकरी बाजार की मांगों को पूरा किया जा सके। हम उम्मीद करें कि सरकार दुनिया की सर्वाधिक युवा आबादी वाले भारत में नई पीढ़ी को नए उच्च डिजिटल गुणवत्ता वाले एआई स्किल्स से सुसज्जित करने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ेगी। साथ ही हम उम्मीद करें कि देश की ऐसी नई एआई पीढ़ी देश की आर्थिक तस्वीर संवारने की संभावनाओं को साकार करने की डगर पर आगे बढ़ते हुए देश को 2028 तक तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था और 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के परिप्रेक्ष्य में प्रभावी भूमिका निभाते हुए दिखाई देगी।

देश दुनिया से

# योग सिंधू में संघ की जलधारा

**भारत** की सनातन संस्कृति की तरह योग भी सनातन है, अविरल है। यह तो संभव है कि आकाश के तारे गिन लिए जाएं या धरती के कणों की सही-सही संख्या का पता लगा लिया जाए परन्तु योग के सिंधू में कितनी जलधाराएं मिलीं, कितने नद समाहित हुए इसका अनुमान लगाना भी असंभव है। इन्हीं अनन्त जलराशियों में शामिल है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, जिसका उद्देश्य व्यक्ति उत्थान से राष्ट्रोत्थान रहा है और संघ ने योग को अपने इस काम का साधन बनाया है। सृष्टि के प्रारम्भ से ही भगवान शिव को 'योगेश्वर' माना गया है। अनेक योग परंपराएँ जैसे नाथयोग, हठयोग, मंत्रयोग, लययोग, राजयोग, आदि सभी भगवान शिव से ही प्रारंभ मानी जाती हैं। गुरु गोरखनाथजी के सम्प्रदाय में शिव को 'आदिनाथके रूप में पूजा जाता है और ध्यान मुद्रा में उनकी उपासना की जाती है। नाथ संप्रदाय में योग को शिवविद्या या महायोगविद्या कहा गया है, जिसमें आत्मा और ब्रह्मांड के सामरस्य की अनुभूति प्रमुख है। शिवगीता में भगवान शिवजी ने भगवान राम को योग का दिव्य उपदेश दिया, जब वे सीता-वियोग से व्याकुल थे। उन्होंने आत्मज्ञान, चित्त की एकाग्रता, और भौतिक आसक्ति से विरक्ति का विस्तार से निरूपण किया। भगवान शिव को ध्यानमग्न योगी के रूप में भी दर्शाया गया है, जिनका ध्यान जीवन के परम लक्ष्य 'मोक्षकी ओर उन्मुख करता है। वेदों में वर्णित शिवसंकल्पसूक्त योग के लिए वैदिक प्रेरणा का आधार है, जो भगवान शिव की चेतना और व्यापक दृष्टिकोण को दर्शाता है। रामायणकाल में महर्षि वसिष्ठ ने भगवान श्रीराम को गहन अद्वैत वेदान्त के सिद्धांतों के माध्यम से योग का मार्ग बताया है। राम को उपदेश करते हुए महर्षि वसिष्ठ कहते हैं – द्वौ क्रमौ चित्तनाशस्य योगो ज्ञानं च राघव। योगो



वृत्तिनिरोधो हि ज्ञानं सम्यगवेक्षणम॥
(योगवासिष्ठ)

महर्षि वसिष्ठ योग के अत्यंत प्राचीन और समग्र दृष्टा माने जाते हैं। वे सप्तर्षि-मंडल में स्थित रहकर आज भी विश्वकल्याण में लगे हुए हैं। महाभारत में योग को आत्मसाधना और अंतःकरण की शुद्धि का मार्ग माना गया है। महर्षि वेद व्यासजी ने ध्यानयोग के लिए द्वादश साधनों (देश, कर्म, आहार, दृष्टि, मन आदि) के संयम को अनिवार्य बताया है। इसके शान्ति पर्व में ऋषियों को योग की 12 विधियों से ध्यानयोग का अभ्यास करते बताया गया है। भगवान श्रीकृष्ण को भी 'योगेश्वर' कहा गया है क्योंकि वे न केवल योग के आचार्य हैं बल्कि स्वयं योग के मूर्तिमान स्वरूप भी हैं। भगवद्गीता को स्वयं भगवान की साक्षात योगयुक्त वाणी कहा गया है, जो आज भी अज्ञान और मोह का नाश कर आत्मबोध करा सकती है। श्रीकृष्ण ने अर्जुन को विभिन्न योगों का उपदेश दिया – कर्मयोग, ज्ञानयोग, भक्ति योग, और ध्यानयोग। 'समत्वं योग उच्यते' और 'योगः कर्मसु कौशलम' जैसे श्लोक योग को जीवन की कुशलता और समत्व की दशा से जोड़ते हैं। इसी तरह महर्षि पतंजलि, महर्षि चरक, आदिगुरु शंकराचार्य जी से लेकर आधुनिक काल के योग गुरुओं, शिक्षकों व साधकों सहित अनेक ज्ञात-अज्ञात जलनद योग के सिंधू को अपने ज्ञान से समृद्ध करते रहे हैं। इन्हीं जलधाराओं में एक सम्मानित नाम है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का जो अपने जन्म से ही भारतीय संस्कृति व अपने सांस्कृतिक मानबिन्दुओं की पुनस्थापना के काम में लगा है। संघ की स्थापना 1925 में डॉ. हेडगेवार द्वारा की गई थी, जिनका उद्देश्य था राष्ट्रभक्ति, शारीरिक और मानसिक विकास और आत्मानुशासन के माध्यम से भारत के युवाओं को संगठित करना। योग को संघ के आद्यात्मिक और शारीरिक प्रशिक्षण के अनिवार्य भाग के रूप में अपनाया गया। संघ की शाखाओं में सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, ध्यान और आसनों का नियमित अभ्यास कराया जाता है। योग और संघ का संबंध केवल शारीरिक स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आत्मनियंत्रण, सामाजिक सेवा, समरसता और आध्यात्मिक जागरण से भी जुड़ा है। संघ संस्थापक डॉ. हेडगेवार स्वयं योग साधक थे और उन्होंने शाखा पद्धति में योग को अनिवार्य रूप से जोड़ा। संघ के दूसरे सरसंघचालक श्रीगुरुजी ने भी योग को आंतरिक तप और अनुशासन के अंग के रूप में देखा। उनका कहना था, 'यदि स्वास्थ्य-रक्षा तथा रोग-प्रतिकार करने के लिए योगासनों के अभ्यास की ओर लोगों ने ध्यान दिया तो सर्वसाधारण जनता के स्वास्थ्य में सुधार हो कर उनका औषधियों पर होने वाला व्यय कम होगा तथा सब दृष्टि से उनका कल्याण होगा।' योग केवल आत्मोन्नति का साधन नहीं बल्कि समाजोद्धार और राष्ट्रनिर्माण का भी पथ है। यही दृष्टिकोण संघ द्वारा अपनाया गया। संघ के प्रमुख शिक्षा वर्गों में योगासन और ध्यान की विधिवत शिक्षा दी जाती है। योग के माध्यम से स्वयंसेवकों में संयम, साहस और शारीरिक स्फूर्ति का विकास किया जाता है, ताकि वे सेवाकार्यों में तत्पर रह सकें। आज भी संघ की हजारों शाखाओं में योगाभ्यास अनिवार्य गतिविधियों में शामिल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक स्वयंसेवक के रूप में संघ से जुड़े रहे हैं।

आप का नजरिया

# सुविधाओं से ज्यादा सैलानी

**पर्यटक** सीजन की धूम में हिमाचल की आर्थिकी का तूफान घोषित रूप से बता रहा है कि प्रमुख स्थल पूरी तरह पैक हैं। पर्यटन अगर रिकार्ड है, तो हिमाचल अटल टनल से लेकर शिमला-मनाली के माल तक और मकलोडगंज से कसौली-डलहौजी तक इन दिनों खचाखच भरा है। ऐसे में सवाल यह है कि क्या खचाखच भरना ही पर्यटन की सफलता है। हो सकता है किसी अछूते स्थान पर दर्जनों होटल इकाइयां बन कर चल पड़ें, लेकिन क्या इनकी अनुमति देने से पहले वहां की मौलिक सुविधाओं को सुनिश्चित किया जाता है। हिमाचल में धड़ाधड़ उभरते नए पर्यटक स्थल दरअसल ऐसी इकाइयों का नाम है जहां सिर्फ रहने की व्यवस्था है, नागरिक सुविधाओं का पूरी तरह अभाव है। इतना ही नहीं वन विभाग भी जहां शुल्क लेकर ट्रैकिंग करवा रहा है, वहां भी यह सुनिश्चित नहीं है। त्रियूंड जाने वाले महिला सैलानियों की यह शिकायत रहती है कि रास्ते में रेन शैड, पानी तथा प्रसाधन जैसी सुविधाएं नहीं हैं। इस साल जंजैहली व तीर्थन घाटी, चूड़धार व शिकारी देवी तथा अन्य स्थानों जैसे बीड़-बिलिंग इत्यादि में भारी संख्या में केवल टूरिस्ट ही नहीं पहुंच रहे, बल्कि वाहन व गंदगी भी पसर रही है। पूरे हिमाचल में पर्यटन के बाइप्रोडेक्ट के रूप में ट्रैफिक जाम, गंदगी, नशा, अपराध तथा अफरातफरी का आलम भी शिरकत कर रहा है। यह इसलिए कि टूरिज्म योजनाओं को केवल होटल इकाइयों की बंद मुट्ठी में भर लिया। सुविधाओं के मानदंड में व्यापार का स्वभाव, होटल, ट्रैवल व परिवहन संगठनों के सरोकार तथा स्थानीय जनता की स्वीकारोक्ति भी जरूरी हो जाती है। पर्यटक सीजन के उफान पर स्थानीय जनता की सुविधाओं और जरूरतों की छीना-झपटी ही नहीं होती, बल्कि कुछ वस्तुओं की आपूर्ति व उनके मूल्यों पर भी प्रतिकूल असर होता है। ऐसे में एक राज्य स्तरीय पर्यटन विकास प्राधिकरण के तहत सैलानियों की तादाद का मूल्यांकन, आवश्यक अधोसंरचना, सुविधा व परिवहन के संचालन की जिम्मेदारी से जोडऩा होगा। पर्यटकों का पंजीकरण एक ऐप के जरिए प्रवेश द्वार पर ही होना चाहिए, ताकि उनके लिए आवश्यक निर्देश, सुरक्षित मार्गों की जानकारी, पर्यटक स्थलों और वहां उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी व ठहरने की प्रमाणित व्यवस्था की उचित सूचना भी दी जाए। अब समय आ गया है कि हम पर्यटकों को अलग-अलग सर्किटों के मार्फत पूरा प्रदेश घुमाएं। हिमाचल एक बार नहीं, बार-बार की अवधारणा में पर्यटकों की यात्रा को सुनिश्चित करने में मदद की जाए। प्रमुख पर्यटक व धार्मिक स्थलों से आठ-दस किलोमीटर पहले सारे पर्यटक वाहनों को महापार्किंग सुविधा देते हुए रोकें तथा आगे का सफर सार्वजनिक परिवहन मोड या रज्जु मार्गों से करवाया जाए। इस दिशा में परवाणु-तारादेवी रोप-वे प्रोजेक्ट एक आशा पैदा करता है, लेकिन आने वाले समय में ऐसी परियोजनाओं पर ही पर्यटन का वास्तविक विकास निर्भर करेगा। 'हिमाचल ऑन रोप-वे' की अवधारणा ट्रैफिक जाम व पर्यटक केंद्रो को भीड़तंत्र से बचा सकता है। प्रदेश को कुछ मार्गों को पर्यटक मार्गों के रूप में सुदृढ़ करना है। इस दिशा में मकलोडगंज-डलहौजी मार्ग की रूपरेखा एक विकल्प हो सकती है। प्रदेश में ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए चौराहों का विकास, ट्रैफिक नियंत्रण लाइट्स तथा मुख्य मार्गों से हटकर बस स्टॉप तथा बस स्टैंड का निर्माण करना होगा। सुविधाओं की परिधि में हमें पर्यटन के हर दिन का शेड्यूल बनाना होगा। दिन भर पर्यटक घूम लेता है, लेकिन शाम को रेस्तरां या बार के बाहर परिवार के साथ शाम को यादगार बनाने के लिए इवेंट प्लानिंग, पार्कों और खुले मैदानों का विकास, जल स्रोतों या कृत्रिम झीलों का विकास, रंगमंच व संगीत-नृत्य की प्रस्तुतियों के लिए सभागारों का विकास तथा स्थान विशेष पर उपलब्ध सायं टहलने के समय की सीमा को ग्रीष्मकाल में बढ़ाना होगा। उदाहरण के लिए कला संग्रहालयों, शहीद स्मारकों व मुख्य बाजारों तथा धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम को गर्मियों से दस-ग्यारह बजे तक खुला रखना होगा।

> हिमाचल में धड़ाधड़ उभरते नए पर्यटक स्थल दरअसल ऐसी इकाइयों का नाम है जहां सिर्फ रहने की व्यवस्था है, नागरिक सुविधाओं का पूरी तरह अभाव है। इतना ही नहीं वन विभाग भी जहां शुल्क लेकर ट्रैकिंग करवा रहा है, वहां भी यह सुनिश्चित नहीं है। त्रियूंड जाने वाले महिला सैलानियों की यह शिकायत रहती है कि रास्ते में रेन शैड, पानी तथा प्रसाधन जैसी सुविधाएं नहीं हैं। इस साल जंजैहली व तीर्थन घाटी, चूड़धार व शिकारी देवी तथा अन्य स्थानों जैसे बीड़-बिलिंग इत्यादि में भारी संख्या में केवल टूरिस्ट ही नहीं पहुंच रहे, बल्कि वाहन व गंदगी भी पसर रही है।

दृष्टि कोण

# बढ़ती विमान दुर्घटनाओं का कारण क्या है?

**सरकार** को यह बात ध्यान में रखनी होगी कि विमान सेवा, रेल सेवा और सड़क परिवहन को विस्तार देने और वुशल बनाने के लिए अपने मूल बहुत ढांचे को सुदृढ़ करना होगा और इन विभागों में खाली पड़े रित्त स्थानों को अपने चयन आयोगों के माध्यम से चुने गए वुशल कर्मचारियों से भरना होगा और निजीकरण करके अपने उत्तरदायित्व से पल्ला झाड़ने से काम नहीं चलेगा। बसंत वुमार अभी अहमदाबाद में भीषण विमान दुर्घटना में अपनी जान गंवा चुके लोगों की डेड बॉडी उनके परिवार के लोगो को सौंपने का काम पूरा हो नहीं हुआ था कि केदारनाथ में 7से अधिक तीर्थ यात्रियों की हेलिकाप्टर व्रौश हो जाने के कारण हुईं मौत ने लोगो का दिल झग़झोर दिया है। अहमदाबाद हादसे में जहाज के अंदर बैठे लोगों और जिस होस्टल पर जहाज गिरा कल मिलकर लगभर 300 लोगो की जान गईं थी और हेलिकॉप्टर व्रैश में भी रोज रोज 10-12 लोगों का मौत का शिकार होना आम बात हो गईं है। इन हादसों ने हमारे ऐविएशन उद्योग की सुरक्षा पर ही सवालिया निशान खड़े कर दिए है। सभी इस बात से परिचित है कि भारत में विमानन सेक्टर में बड़ी तेजी से बढ़ोत्तरी हो रही है। आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2019 में घरेलू उड़ानों में यात्रियों की संख्या 13.7 करोड़ थी जो वर्ष 2024 में बढ़कर 22.87 करोड़ से अधिक हो गईं। उसी तरह से घरेलू रूटों की संख्या भी भी वर्ष 2023 तक 823 हो गईं है। लोगों की आय बढ़ने और अपने गंत्वय स्टेशन पर जल्दी पहुंचने की प्रवृत्ति ने भी हवाईं यात्रा से सफर करने वालों की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि कर दी है पर इधर वुछ समय से हवाईं यात्रा के दौरान हादसों ने लोगों के मन में हवाईं यात्रा पर आशंका भी पैदा कर दी है। इन हादसों ने विमानन सेक्टर की इमेज पर भी धक्का लगा है। अहमदाबाद हादसे का शिकार हुए बोइंग



787अमेरिकी विमान कम्पनी का सबसे आधुनिक वाइड -बॉडी जेड है। यह दुर्घटना ऐसे वत्त हुईं जब विमान कम्पनी अपनी नैरो बॉडी 737 मैक्स 8 से जुड़े हादसों के कारण अपनी ख़राब हो रही प्रतिष्ठा को सुधारने का प्रयास कर रही थीं और एयर इंडिया के निजीकरण के बाद सरकार के निजीकरण के पैसले को उचित ठहराने का प्रयास कर रही थीं। क्योंकि निजीकरण के पीछे एयर लाइन सेवा में देरी और समय की पाबन्दी का पालन न होने के कारण का तर्व दिया जाता था। निजीकरण के पात इसका नियंत्रण टाटा ग्रुप के पास आ गया। पर यह मान लिया जाए कि सेवा की गुणवत्ता में सुधार लाने और दुर्घटनाओं के कमी लाने का एक मात्र विकल्प निजीकरण ही है। जहां तक विमानन सेवा और रेल सेवा के निजीकरण करके प्राइवेट कम्पनियों के हाथों सौंपना का प्रश्न है तो इस तरह के पैसले का एक ही असर देखने को मिला है कि इन क्षेत्रों में सेवाओं का विस्तार हुआ है जहां विमानन सेवा में जहाजों कि संख्या और यात्रियों की संख्या में वृद्धि हुईं है वहीं रेल सेवा में प्राइवेट एजेंसियों को उतारने का यही फायदा हुआ कि बंदे भारत जैसे महंगी और लक्जरी गाड़िया आ गईं है। पर निजीकरण के पैसले से होने वाली दुर्घटनाएं में कमी नहीं आईं हैं बल्कि ये बढ़ रही हैं। देश की विमानन वंपनियों को यह ध्यान देना चाहिए कि दुनियों में वुछ ऐसी एयरलाइंस है जैसे ऑस्ट्रेलिया की क्वांटास , दुबईं की एमिरेट्स और अमेरिका की अलास्का जिनके पास हजारों बेमानी का बेड़ा है और हर साल करोड़ों यात्री इनमें सफर करते हैं पर इनके दशकों के इतिहास में उनके साथ एक भी हादसा नहीं हुआ है पर भारत में हादसे रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। आार्यं है कि एयर इंडिया के विमान के हादसे से करीब तीन माह पूर्व एक संसदीय समिति ने भारत में विमानन सुरक्षा और नियामक निगरानी के के लिए जिम्मेदार संस्थानों में कर्मचारियों की भारी कमी के बारे में चेताया था पर सरकार ने इस पर कोईं गौर नहीं किया। मार्च 2025 की एक रिपोर्ट में परिवहन, पर्यटन और संस्वृति पर स्थानीय समिति ने कहा कि डायरेक्टर जनरल ऑफ सिविल एविएशन में 53™ से अधिक पद खली पड़े हैं यानि यहां 1692 स्वीवृति पड़ो में 814 पद खाली पड़े हैं यह उस दफ्तर का हाल है जो देश में जहाजों के उड़ान भरने और उतरने वाले हर विमान की सुरक्षित के लिए जिम्मेदार है।

## आज का राशिफल

**मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ**

जिन्हें आप चाहते हैं, उनके साथ उपहारों का लेन-देन करने के लिए अच्छा दिन है। नौकरी पेशा से जुड़े लोगों को आज कार्यक्षेत्र में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। आज आप न चाहते हुए भी कोई गलती कर बैठेंगे जिसकी वजह से आपको अपने सीनियर्स की डांट सहनी पड़ सकती है। कार-ोबारियों के लिए दिन सामान्य रहने की उम्मीद है। जो लोग अब तक किसी काम में व्यस्त थे आज उन्हें अपने लिए समय मिल सकता है लेकिन घर में किसी काम के आ जाने से आप फिर से व्यस्त हो सकते हैं।

**वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो**

आपके द्वारा धन को बचाने के प्रयास आज असफल हो सकते हैं हालांकि आपको इससे घबराने की जरूरत नहीं है स्थिति जल्द ही सुधरेगी। ऐसे विवादास्पद मुद्दों पर बहस करने से बचें, जो आपके और प्रियजनों के बीच गतिरोध पैदा कर सकते हैं। ऐसे लोगों से साथ जुड़ें जो स्थापित हैं और भविष्य के रुझानों को समझने में आपकी मदद कर सकते हैं। प्रेमी को वक्त देने की कोशिश करेंगे लेकिन किसी ज़रूरी काम के आ जाने के कारण आप उनको समय दे पाने में कामयाब नहीं हो पाएंगे।

**मिथुन – क,कि,कु,घ,ङ,छ,के,को,ह**

रुका हुआ धन मिलेगा और आर्थिक हालात में सुधार आएगा। जीवनसाथी ज़िंदगी में बदलाव लाने में मदद करेगा। दिन को ख़ास बनाने के लिए स्नेह और उदारता के छोटे-छोटे तोहफ़े लोगों को दें। आज कार्यक्षेत्र में आपके किसी प्रयास काम की तारीफ़ हो सकती है। आपके काम को देखते हुए आज आपकी तरक़्क़ी भी संभव है। कारोबारी आज अनुभवी लोगों से कारोबार को आगे बढ़ाने की सलाह ले सकते हैं। बेवजह की उलझनों से दूर होकर आज आप किसी मंदिर पर अपना खाली समय बिता सकते हैं। आपका जीवनसाथी आज ऊर्जा और प्रेम से भरपूर है।

**कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो**

अगर आप सूझ-बूझ से काम लें, तो आज अतिरिक्त धन कमा सकते हैं। आपकी उपलब्धी परिवार के सदस्यों को उत्साह से भर देगी और आप अपनी कामयाबी की फेहरिस्त में एक नया मोती जड़ेंगे। दूसरों के सामने आदर्श स्थापित करने के लिए ख़ुद को बेहतर बनाने की कोशिश जारी रखें। काम की अधिकता के बावजूद भी आज कार्यक्षेत्र में आपमें ऊर्जा देखी जा सकती है। जिन लोगों के घर वाले शिकायत करते हैं कि वो घरवालों को पर्याप्त समय नहीं देते वो आज घरवालों को समय देने के बारे में सोच सकते हैं लेकिन ऐन वक्त पर किसी काम के आने की वजह से ऐसा नहीं हो पाएगा।

**सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे**

आज आपके ऑफिस का कोई सहकर्मी आपकी कीमती वस्तु चुरा सकता है इसलिए आज आपको अपना सामान ध्यान से रखने की जरूरत है। परिवार की स्थिति आज वैसी नहीं रहेगी जैसा आप सोचते हैं। आज घर में किसी बात को लेकर कलह होने की संभावना है ऐसी स्थिति में खुद पर काबू रखें। कुछ लोगों को कार्यक्षेत्र में तरक्क़ी मिलेगी। शाम के वक्त आज आप किसी करीबी के घर वक्त बिताने जा सकते हैं लेकिन इस दौरान आपको उनकी कोई बात बुरी लग सकती है और आप तय समय से पहले वापस लौट सकते हैं।

**कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो**

हृदय-रोगियों के लिए सतर्कता के साथ योगा प्राणायाम करना चाहिए आज के दिन आपको धन लाभ होने की पूरी संभावना है लेकिन इसके साथ ही आपको दान-पुण्य भी करना चाहिए क्योंकि इससे आपको मानसिक शांति मिलेगी। विवाद, मतभेद और दूसरों की आपमें कमियां निकालने की आदत को नज़रअन्दाज़ करें। नयी परियोजनाओं और ख़र्चों को टाल दें। खाली वक्त में आज कुछ रचनात्मक कर सकते हैं। आपके जीवनसाथी की कामकाज को लेकर व्यस्तता आपकी उदासी का कारण बन सकती है।

**तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते**

अपना मूड बदलने के लिए किसी सामाजिक आयोजन में शिरकत करें। चंद्र की स्थिति की वजह से आज आपका धन बेवजह की चीजों पर खर्च हो सकता है। अगर आपको धन संचय करके रखना है तो अपने जीवनसाथी या माता पिता से इस बारे में बात करें। बच्चों का स्कूल से जुड़ा काम पूरा करने के लिए मदद देने का वक़्त है। यह उन उम्दा दिनों में से एक दिन है जब कार्यक्षेत्र में आप अच्छा महसूस करेंगे। आज आपके सहकर्मी आपके काम की तारीफ करेंगे और आपके बॉस भी आपके काम से ख़ुश होगा। कारोबारी भी आज कारोबार में मुनाफ़ा कमा सकते हैं।

**वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू**

सबकी मदद करने की आपकी इच्छा आपको बुरी तरह थकाएगी। आज आपको पैसों से जुड़ी कोई समस्या आ सकती है जिसे सुलझाने के लिए आप अपने पिता या पितातुल्य किसी आदमी से सलाह ले सकते हैं। घरेलू मोर्चे पर समस्या खड़ी हो सकती है, इसलिए तोल-मोल कर ही बोलें। वरिष्ठ सहकर्मी और रिश्तेदार मदद का हाथ बढ़ाएंगे। आज के दिन यात्रा, मनोरंजन और लोगों से मिलना-जुलना होगा। आज आप अपने जीवनसाथी से काफ़ी आत्मीय बातचीत कर सकते हैं।

**धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे**

जल्दी ही बीमारी से उबरने की संभावना है। समय और धन की कद्र आपको करनी चाहिए नहीं तो आने वाला वक्त परेशानियों भरा रह सकता है। कार-ोबारी जितना हो अपने कारोबार से जुड़ी बातों को किसी से शेयर न करें। अगर आप ऐसा करते हैं तो आप बड़ी मुश्किल में पड़ सकते हैं। इस राशि के उम्रदराज जातक आज के दिन अपने पूराने मित्रों से खाली समय में मिलने जा सकते हैं। आपके आस-पास के लोग कुछ ऐसा कर सकते हैं, जिसके चलते आपका जीवनसाथी आपकी तरफ़ फिर से आकर्षित महसूस करेगा।

**मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि**

क़िस्मत के भरोसे न बैठें और अपनी सेहत सुधारने के लिए ख़ुद मेहनत करें, क्योंकि हाथ पर हाथ रखे रहने से कुछ नहीं होने वाला। अब वक़्त आ गया है कि आप अपना वज़न क़ाबू में करें और स्वस्थ रहने के लिए नियमित व्यायाम का सहारा लें। दिन के उत्तरार्ध में ज़्यादा तनाव न लें और आराम करें। कामकाज के मोर्चे पर आज का दिन काफ़ी अच्छा रहने वाला है। ज़रूरत के वक़्त आपका जी-वनसाथी आपके परिवार की अपेक्षा अपने परिवार को ज़्यादा तरजीह देता हुआ नज़र आ सकता है।

**कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द**

ज़रूरत से ज़्यादा खाने से बचें और सेहतमंद रहने के लिए नियमित व्यायाम करें। इस राशि के कारोबारियों को आज अपने घर के उन सदस्यों से दूर रहना चाहिए जो आपसे पैसा मांगते हैं और फिर लौटाते नहीं हैं। ऐसे दोस्तों के साथ बाहर जाएँ जो आपके हालात और ज़रूरतों को समझते हैं। यात्राओं से व्यावसायिक संबंधों में सुधार होगा। आज आपको अपने ससुराल पक्ष से कोई बुरी खबर मिल सकती है जिसके कारण आपका मन दुखी हो सकता है और आप काफी समय सोच विचार करने में गंवा सकते हैं। आपका जीवनसाथी आज आपके लिए कुछ बहुत ख़ास करने वाला है।

**मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची**

आपका आकर्षक बर्ताव दूसरों का ध्यान आपकी तरफ़ खींचेगा। आज आपकी कोई चल संपत्ति चोरी हो सकती है इसलिए जितना हो सके इनका ध्यान रखें। ऐसे दोस्तों के साथ बाहर जाएँ, जो सकारात्मक और मददगार स्वभाव के हैं। आज प्यार के मामले में सामाजिक बंधन तोड़ने से बचें। कार्यालय में सबकुछ आपके पक्ष में जाता नज़र आ रहा है। यह ऐसा दिन है जब आप खुद को समय देने की कोशिश करते रहेंगे लेकिन आपको अपने लिए समय नहीं मिल पाएगा। आप अपने जीवनसाथी को समझने में आपसे ग़लती हो सकती हैं।

## आज का पंचांग

दिनांक : 24 जून 2025, मंगलवार
विक्रम संवत : 2082
मास : आषाढ़,कृष्ण पक्ष
तिथि : चतुर्दशी रात्रि 07:02 तक
नक्षत्र : रोहिणी दोपहर 12:55 तक
योग : शूल प्रातः 09:35 तक
करण : विष्टि प्रातः 08:36 तक
चन्द्रराशि : वृषभ रात्रि 11:46 तक
सूर्योदय : 05:43 , सूर्यास्त 06:53 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 05:55 , सूर्यास्त 06:48 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 05:46 , सूर्यास्त 06:42 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 05:36, सूर्यास्त 06:43 ( विजयवाडा )

**शुभ चौघड़िया**

चल : 09:00 से 10:30
लाभ : 10:30 से 12:00
अमृत : 12:00 से 01:30
राहुकाल : सायं 03:00 से 04:30
दिशाशूल : उत्तर दिशा
उपाय : गुड खाकर यात्रा का आरंभ करें
दिन विशेष : भद्रा प्रातः 08:34 तक

* पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें *

पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com

# कुलपति विश्वविद्यालयों में कौशल विकास पर दें विशेष जोर : सैनी



**चंडीगढ़, 23 जून (एजेंसियां)।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के विश्वविद्यालयों के नवनियुक्त कुलपतियों से युवाओं की रोजगार क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से कौशल विकास कार्यक्रमों पर विशेष जोर देने का आह्वान किया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विश्वविद्यालयों को शिक्षा और रोजगार के बीच के अंतर को कम करने के लिए उद्योगों के साथ मिलकर काम करना चाहिए। प्रत्येक विश्वविद्यालय को अपने कम से कम 10 प्रतिशत कार्यक्रम औद्योगिक भागीदारों के सहयोग से चलाने चाहिए।

उन्होंने कहा कि इस पहल से राज्य के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। साथ ही विभिन्न उद्योगों की उभरती जरूरतों को पूरा किया जा सकेगा।मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आज यहां अपने निवास स्थान संत कबीर कुटीर में प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के नवनियुक्त कुलपतियों के साथ बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। विश्वविद्यालयों को राज्य सरकार के पूर्ण मार्गदर्शन, संसाधन और समर्थन का आश्वासन देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा को एक ऐसे राज्य में बदलना होगा जो न केवल डिग्री प्रदान करे बल्कि अपने युवाओं को सार्थक दिशा और उद्देश्य भी प्रदान करे। मुख्यमंत्री ने हरियाणा के प्रत्येक जिले में एक मॉडल स्किल कॉलेज और एक मॉडल स्किल स्कूल स्थापित करने के राज्य सरकार के विजन को रेखांकित किया।

ये संस्थान छात्रों को विशेष कौशल शिक्षा प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे, उन्हें प्रतिस्पर्धी जॉब -मार्किट में सफल होने के लिए व्यावहारिक विशेषज्ञता से लैस करेंगे। उन्होंने एक कुशल कार्यबल को बढ़ावा देने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया जो आधुनिक उद्योगों की मांगों के अनुरूप है और हरियाणा के समग्र आर्थिक विकास में योगदान देता है। नायब सिंह सैनी ने राज्य के कुलपतियों से हरियाणा को वैश्विक स्तर पर ऊंचा उठाने के लिए संस्थागत रैंकिंग बढ़ाने का आह्वान करते हुए शोध आउटपुट, रोजगार के अवसरों, संस्थागत रैंकिंग और शिक्षा की समग्र गुणवत्ता में सुधार की दिशा में प्रयास तेज करने का आग्रह किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए पूरी ईमानदारी से काम करने और निष्पक्ष, गैर-भेदभावपूर्ण दृष्टिकोण अपनाने के महत्व पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि कुलपतियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हरियाणा की उपस्थिति बढ़ाने के लिए अपने-अपने संस्थानों की रैंकिंग और रेटिंग बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए। नैतिक नेतृत्व के महत्व पर जोर देते हुए इस बात पर बल दिया गया कि ईमानदारी, निष्पक्षता और गैर-भेदभावपूर्ण दृष्टिकोण के साथ काम करना जरूरी है। यह न केवल अकादमिक उत्कृष्टता के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि अधिक समावेशी और टिकाऊ संस्थागत संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए भी महत्वपूर्ण है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री ने इसे एक ऐतिहासिक दस्तावेज बताया और शिक्षण संस्थानों में इसके त्वरित और प्रभावी कार्यान्वयन की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया। सैनी ने कुलपतियों से नवाचार और समग्र विकास को बढ़ावा देने के लिए एनईपी के प्रमुख आयामों के साथ अपनी रणनीतियों को संरेखित करने का आह्वान किया। उन्होंने विश्वविद्यालयों से विकसित भारत-विकसित हरियाणा के विजन को साकार करने की दिशा में अपना ज्यादा से ज्यादा योगदान देने का आग्रह किया, ताकि राज्य और राष्ट्र की सामाजिक-आर्थिक प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में उच्च शिक्षा संस्थानों में अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए हरियाणा राज्य अनुसंधान कोष (एचएसआरएफ) की स्थापना की गई है। इसमें 20 करोड़ रुपये की शुरुआती आवंटन के साथ, एचएसआरएफ अपनी तरह का पहला कोष है जो नवीन अनुसंधान प्रयासों को प्रोत्साहित करने के लिए समर्पित है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि विश्वविद्यालय इस निधि का अधिकतम प्रयोग गांवों की सामाजिक समस्याओं और चुनौतियों से निपटने संबंधी शोध कार्यों पर करें।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस निधि का रणनीतिक रूप से उपयोग ग्रामीण समुदायों के विकास और कल्याण में योगदान देने वाले प्रभावशाली अध्ययनों को बढ़ावा देने के लिए किया जाना चाहिए। छात्रों को न केवल अकादमिक रूप से, बल्कि नैतिक और सामाजिक रूप से भी भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार किया जाना चाहिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सभी विश्वविद्यालयों और उनके संबद्ध कॉलेजों को नैक मान्यता प्राप्त करने का आग्रह करते हुए उच्च शिक्षा में गुण-वत्ता-आश्वासन के महत्व पर जोर दिया।

## मनोहरलाल ने बाबा बंदा सिंह बहादुर लोहगढ़ फाउंडेशन ट्रस्ट के कार्यालय का किया उद्घाटन



**चंडीगढ़, 23 जून (एजेंसियां)।** केंद्रीय आवासन, शहरी मामले और ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस व्यासपुर, यमुनानगर में बने बाबा बंदा सिंह बहादुर लोहगढ़ फाउंडेशन ट्रस्ट के कार्यालय का उद्घाटन रविवार को रिबन काटकर किया। इस अवसर पर केंद्रीय ऊर्जा मंत्री की अध्यक्षता में बाबा बंदा सिंह बहादुर लोहगढ़.ट्रस्ट के सदस्यों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में लोहगढ़ स्मारक की निर्माण प्रक्रिया शुरू किए जाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में स्मारक की निर्माण प्रक्रिया की निगरानी के लिए मॉनिटरिंग कमेटी एवं एक्सपर्ट कमेटी एवं सिख विरासत से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के संबंध में चर्चा की गई।

बैठक में हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल को निगरानी समिति का अध्यक्ष नामित किया गया। मॉनिटरिंग कमेटी का उद्देश्य सिख विरासत को प्रतिबिंबित करने वाले स्मारक की निर्माण प्रक्रिया की समय-समय पर जांच करना एवं आवश्यक सुझाव दिया जाना रहेगा। बाबा बंदा सिंह बहादुर लोहगढ़ फाउंडेशन ट्रस्ट की एक्सपर्ट कमेटी का कार्य इतिहास से स्मारक से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं एवं अन्य घटनाओं को उजागर करना अथवा शोध के द्वारा इसको सशक्त बनाने में अपनी भूमिका का निर्वहन करना होगा।

## आत्मरक्षा की ट्रेनिंग बच्चों को सशक्त और आत्मविश्वासी बनाती है : बड़ौली

**चंडीगढ़, 23 जून (एजेंसियां)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि आत्मरक्षा की ट्रेनिंग बच्चों को सशक्त बनाती है जिससे बच्चों में आत्मविश्वास पैदा होता है। उन्होंने कहा कि शारीरिक, आत्मिक व सामाजिक उन्नति के द्वारा ही बच्चे भविष्य में स्वयं का, समाज तथा राष्ट्र का विकास कर सकते हैं। बड़ौली रविवार को सोनीपत के राई स्पोर्ट्स स्कूल में भारत लोक शिक्षा परिषद एवं खेल विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित ''शक्ति वीर समापन समारोह'' को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने युवाओं का उत्साहवर्धन किया और नशे से दूर रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर सोनीपत के मेयर राजीव जैन, जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सेल्फ डिफेंस जैसे कार्यक्रमों से युवाओं खासकर बेटियों को आत्मरक्षा की शानदार ट्रेनिंग देकर उन्हें सशक्त और आत्मविश्वासी नागरिक के रूप में तैयार किया जा रहा है यह स्वागत योग्य है।

## बिजली की बढ़ी दरों को तुरंत वापस ले सरकार : दीपेन्द्र हुड्डा

**चंडीगढ़, 23 जून (एजेंसियां)।** सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने बिजली की बढ़ी हुई दरों को तुरंत वापस लेने की मांग करते हुए कहा कि पहले ही महंगी बिजली दरों ने उपभोक्ताओं की कमर तोड़ रखी है, ऐसे में बिजली के दामों में बेतहाशा बढ़ोत्तरी समझ से परे है। उन्होंने प्रदेश सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि बीजेपी सरकार ने पिछले 11 वर्षों में जब बिजली का कोई नया प्लांट लगाया नहीं तो बिजली की दरें क्यों बढ़ा रही है? उन्होंने कहा कि कि कांग्रेस की हुड्डा सरकार ने अपने 10 साल के कार्यकाल में 4 थर्मल पॉवर प्लांट और एक परमाणु संयंत्र लगवाकर पावर सरप्लस राज्य बनाया फिर भी कभी बिजली के दाम नहीं बढ़ाये, उल्टे किसानों के लिये बिजली के रेट कम किये। ङ्ग



किसानों के 1600 करोड़ के बिजली के बिल माफ किए और उनके कार्यकाल में पूरे देश में सबसे सस्ती बिजली हरियाणा में मिलती थी।

उन्होंने कहा कि अचानक बिजली दरें बढ़ने से लोगों के घर पर चार से पाँच गुना बढ़े हुए बिल पहुँचने लगे हैं। सरकार ने बिजली के रेट बढ़ाकर और फिक्स चार्ज में भी 75 रुपए प्रति किलो वाट की वृद्धि करके बिजली बिल को चार से पाँच गुना तक बढ़ा दिया। विभिन्न कैटेगरी के लिए बनाए गए स्लैब में भी चुपचाप बदलाव कर दिया गया। हरियाणा में बिजली के रेट बढ़ने से करीब 81 लाख उपभोक्ता सीधे तौर पर प्रभावित हो रहे हैं। लोगों के घरों का पूरा बजट बिगड़ गया है।सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि भूपेंद्र हुड्डा के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने प्रदेश में 4 थर्मल पॉवर प्लांट और एक परमाणु बिजली संयंत्र लगाकर न केवल प्रदेश की बिजली उत्पादन क्षमता बढ़ाई बल्कि निजी कंपनियों के साथ सस्ती दरों पर दीर्घकालीन समझौता कर हरियाणा को 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराने का प्रबंध किया।

## कल्पना अग्रवाल ने संभाला टोंक जिला कलेक्टर पद का कार्यभार



**टोंक, 23 जून (एजेंसियां)।** भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी कल्पना अग्रवाल ने सोमवार को टोंक जिले की नई जिला कलेक्टर और जिला मजिस्ट्रेट के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया। वह जिले की 68वीं कलेक्टर और महिला के रूप में तेरहवीं कलेक्टर बनी हैं। टोंक की निवर्तमान जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा का स्थानांतरण टोंक से निदेशक चिकित्सा विभाग, जयपुर कर दिया गया है। उनके स्थान पर कोटपूतली-बहरोड़ की जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल को नियुक्त किया गया है। कार्यभार ग्रहण करने के बाद, नवनियुक्त जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने कहा कि उनका विशेष ध्यान राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचाने पर रहेगा।

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामरतन सौकरिया, मुख्य कार्यकारी अधिकारी परशुराम धानका, उपखंड अधिकारी टोंक हुक्मीचंद रोहलानिया सहित कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## संविधान बचाओ रैली : कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर साधा निशाना, वादे पूरे न करने का आरो

**बारा, 23 जून (एजेंसियां)।** आज बारां में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के नेतृत्व में संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, कांग्रेस विधायक, प्रत्याशी, पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।

गोविन्द सिंह डोटासरा ने इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेसजनों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सत्ता में आने से पहले किए गए वादों की समीक्षा करने का आह्वान किया। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी ने बेरोजगारी खत्म करने, महंगाई कम करने, किसानों की आय दोगुनी करने (2022 तक), पाकिस्तान को लाल आँख दिखाने और विदेश नीति सुधारने जैसे कई वादे किए थे, लेकिन 11 साल बाद भी एक भी वादा पूरा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने केवल संविधान की गरिमा कम करने और देश के लोकतंत्र को कमजोर करने का काम किया है।डोटासरा ने केंद्र सरकार पर युवाओं और किसानों के लिए कोई कार्य न करने का आरोप लगाया और कहा कि किसानों को 15 महीने तक सड़कों पर संघर्ष करना पड़ा। उन्होंने एऊ और इनकम टैक्स जैसी संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग का भी जिक्र किया, जिसे उन्होंने विपक्षी दलों की आवाज दबाने का प्रयास बताया। डोटासरा ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की दृढ़ता का हवाला देते हुए मोदी सरकार की विदेश नीति को विफल बताया, जिसके कारण देश पर संकट आने पर कोई भी देश भारत के पक्ष में खड़ा नहीं हुआ।

### बिजली कटौती पर गरमाई सियासत

## जनसुनवाई के बीच गहलोत ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पर साधा निशाना

**जयपुर, 23 जून (एजेंसियां)।** राजस्थान में बिजली कटौती के मुद्दे पर सियासी तापमान लगातार चढ़ता जा रहा है। सोमवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जब जनसुनवाई कर रहे थे, उसी दौरान पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोशल मीडिया पर तीखा हमला बोला। गहलोत ने मुख्यमंत्री को सीधे तौर पर घेरते हुए लिखा कि जनता की आवाज सरकार तक पहुंचाना विपक्ष की जिम्मेदारी है, लेकिन अफसोस इस बात का है कि मुख्यमंत्री इसे आलोचना समझ बैठते हैं। उन्होंने साथ में कई समाचारों की कटिंग भी पोस्ट की।

गहलोत ने लिखा- मेरे लिए यह आश्चर्य का विषय है कि भीषण गर्मी के दौरान प्रदेशभर में हो रही बिजली कटौती की खबर मुख्यमंत्री तक नहीं पहुंची। सरकार का इतना बड़ा सूचना तंत्र, इंटेलिजेंस, मंत्री, विधायक, पार्टी कार्यकर्ता और मीडिया होते हुए भी जनता की पीड़ा मुख्यमंत्री तक न पहुंचे, यह हैरान करने वाली बात है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने आगे तंज कसते हुए कहा कि खुद भाजपा के विधायक भी बिजली संकट को लेकर धरने की चेतावनी दे चुके हैं। साथ ही उन्होंने पिछले एक माह में अखबारों में छपी बिजली कटौती से जुड़ी खबरों की कटिंग भी पोस्ट की और उम्मीद जताई कि मुख्यमंत्री अब इस मुद्दे पर जागरूक होकर भविष्य के लिए बेहतर कार्ययोजना तैयार करेंगे। गहलोत के इस हमले से प्रदेश की सियासत में हलचल तेज हो गई है। हालांकि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओर से अब तक इस पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने की नियमित जनसुनवाई

## जनसेवा ही संकल्प के सिद्धांत पर कार्य कर रही राज्य सरकार

**जयपुर, 23 जून (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार 'जनसेवा ही संकल्प' के सिद्धांत पर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री द्वारा नियमित रूप से की जा रही जनसुनवाई में जनता और सरकार के मध्य सीधा संवाद स्थापित हो रहा है। जनसुनवाई में परिवादी मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी पीड़ा रखते हैं तथा मुख्यमंत्री भी प्रत्येक परिवादी को आत्मीयता से सुनकर मौके पर ही उनकी समस्याओं का समाधान कर रहे हैं।



मुख्यमंत्री ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर हुई जनसुनवाई में आमजन की परिवेदनाओं को व्यक्तिशः विस्तार से सुना तथा अधिकारियों को उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी परिवादियों की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण करें, जिससे आमजन को शीघ्र राहत मिल सके।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़े में पंजीकरण कराकर जरूरतमंद लें योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पात्र व्यक्तियों को योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए 24 जून से प्रदेशभर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा मनाया जाएगा। इसके तहत जरूरतमंद व्यक्ति को महत्वपूर्ण विभागों की योजनाओं एवं आवश्यक कार्यों के माध्यम से लाभान्वित किया जाएगा। उन्होंने आमजन से इस अभियान के तहत लगने वाले शिविरों में पंजीकरण कराकर इसका अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि आमजन अपने परिचितों को भी इस अभियान से जुड़कर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित करें। भूतपूर्व सैन्य अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को भेंट किया सिंदूर का पौधा जनसुनवाई के दौरान भूतपूर्व सैन्य अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को सिंदूर का पौधा भेंट किया। ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना द्वारा प्रदर्शित अदम्य साहस एवं शौर्य के लिए सैन्य अधिकारियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया। इस अवसर पर जिला कुश्ती संघ के पदाधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री को प्रदेश में कुश्ती खेल को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न सुझाव दिए, जिस पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को इस संबंध में सकारात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज, कृषि, गृह, राजस्व, सिंचाई, परिवहन, पशुपालन, जयपुर विकास प्राधिकरण, नगर निगम, शिक्षा, चिकित्सा, पेयजल, मनरेगा, ऊर्जा सहित विभिन्न विभागों की आमजन से जुड़ी परिवेदनाओं को सुना और उनका मौके पर ही निस्तारण किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और आमजन उपस्थित रहे।

### ऊर्जा मंत्री ने साफ-साफ कहा

# यूपी में बिजली का होगा निजीकरण

## सरकारी कर्मचारी आरपार करने के मूड में



लखनऊ, 23 जून (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने साफ-साफ कहा कि उत्तर प्रदेश में बिजली का निजीकरण होगा। उन्होंने माना कि राज्य की बिजली व्यवस्था ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि जितनी अच्छी व्यवस्था बिजली की होनी चाहिए उतनी नहीं है। लिहाजा, बिजली विभाग का निजीकरण जनता के हित में है।

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि वर्तमान में 24 घंटे बिजली आपूर्ति, बिलिंग और कर्मचारियों का व्यवहार जनता के प्रति उचित नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिजली विभाग के कर्मचारी निजीकरण का विरोध नहीं कर रहे हैं। कुछ नेता अपनी राजनीति चमकाने के लिए विरोध कर रहे हैं। एके शर्मा ने निजीकरण के फायदे गिनाते हुए सड़क और एयरपोर्ट का उदाहरण दिया। उन्होंने टेलीफोन सेवाओं का भी जिक्र किया। कहा कि पहले फोन कनेक्शन के लिए लंबी लाइन लगती थी। आज जब चाहें तब कनेक्शन मिल जाता है। मंत्री ने बताया कि बिजली विभाग के निजीकरण पर मंथन चल रहा है। इससे जनता को निर्बाध बिजली आपूर्ति के साथ कई समस्याओं का समाधान मिलेगा। शर्मा ने कहा, आपने देखा होगा कि पहले सरकार रोड बनाती थी। एयरपोर्ट चलाती थी। उस समय के रोड और एयरपोर्ट कैसे थे। जब निजीकरण हुआ, तो आज के एयरपोर्ट और हाईवे देख लीजिए। यही नहीं टेलीफोन में पहले कनेक्शन लेने के लिए वर्षों लाइन लगती थी। निजीकरण हुआ, तो तेजी से मिलने लगा। आज हर आदमी के हाथ में मोबाइल है। निजीकरण के बहुत फायदे हैं।

ऊर्जा मंत्री की इस घोषणा पर प्रदेश के बिजली कर्मियों ने सरकार को आगाह करते हुए कहा कि निजीकरण हुआ तो उत्तर प्रदेश लालटेन युग में लौट जाएगा। यूपी के बिजली कर्मचारियों ने साफ किया है कि वह 9 जुलाई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल करेंगे। इसमें बिजली कर्मचारियों के अलावा दूसरे विभागों के कर्मचारी भी शामिल होंगे। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति की ओर से राजधानी में आयोजित महापंचायत ने निर्णय लिया कि प्रदेश में बिजली कंपनियों के निजीकरण के विरोध में 9 जुलाई को देश के 27 लाख बिजलीकर्मी एक दिन की राष्ट्रव्यापी सांकेतिक हड़ताल करेंगे। बिजलीकर्मी, रेल कर्मचारी, राज्य कर्मचारी, किसान और उपभोक्ता व्यापक आंदोलन का हिस्सा बनेंगे। इसकी तैयारी के तहत 2 जुलाई को देशभर में व्यापक विरोध किया जाएगा। समिति ने चेतावनी दी कि इसके बाद भी प्रबंधन ने फैसला नहीं बदला तो जेल भरो आंदोलन की शुरुआत की जाएगी। अगले चरण में इसकी भी तिथि घोषित की जाएगी।

प्रदेश में बिजली निजीकरण का फैसला पहले भी दो सरकारें वापस ले चुकी हैं। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने निजीकरण का फैसला वापस लेने की मांग की है, क्योंकि विद्युत नियामक आयोग ने निजीकरण के फैसले में कई आपत्तियां निकली हैं। इन आपत्तियों से स्पष्ट हो गया है कि निजीकरण का प्रस्ताव ही गलत है। उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग द्वारा 2006 में उपभोक्ता परिषद की याचिका पर तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायम सिंह की सरकार में निजीकरण के तहत सेस फ्रेंचाइजी का फैसला वापस हुआ था। यह फ्रेंचाइजी लखनऊ के ग्रामीण क्षेत्र माल, मलिहाबाद, काकोरी से संबंधित था। जिस दिन उसका टेकओवर किया जा रहा था, उसी दिन विद्युत नियामक आयोग द्वारा पूरे मामले पर रोक लगा दी गई थी। ऐसे में सरकार ने फैसला वापस ले लिया। इसी तरह वर्ष 2014 में जब पांच शहरों में बिजली के निजीकरण का मामला तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के कार्यकाल में कैबिनेट से पास हुआ था। मगर उपभोक्ता परिषद की याचिका पर विद्युत नियामक आयोग द्वारा अवमानना नोटिस जारी किए जाने के बाद उसे भी वापस कर लिया गया था। उपभोक्ता परिषद ने आगाह किया है कि यदि जबरन प्रदेश में बिजली का निजीकरण हुआ तो उसके दो नुकसान होंगे। एक तो बिजली के दाम कई गुना बढ़ जाएंगे दूसरी तरफ गांवों की बिजली व्यवस्था फिर से लालटेन युग में लौट जाएगी।

अब वर्तमान में जब विद्युत नियामक आयोग के सामने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन का पूरा मसौदा वित्तीय और विधिक सलाह के लिए पेश किया गया तो उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग ने उसमें बड़े पैमाने पर वित्तीय और सांविधानिक कमियां उजागर करते हुए अपनी अंतिम रिपोर्ट पेश कर दी है।

### राकेश प्रताप सिंह, अभय सिंह और मनोज पांडेय पर कार्रवाई

# समाजवादी पार्टी ने तीन विधायकों को निकाला

### राम को गाली देने वाले स्वीकार्य नहीं : मनोज पांडेय



लखनऊ, 23 जून (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी ने गोसाईंगंज से विधायक अभय सिंह, गौरीगंज से विधायक राकेश प्रताप सिंह और ऊंचाहार से विधायक मनोज कुमार पांडेय को पार्टी निकाल दिया है। इन विधायकों पर सांप्रदायिक और विभाजनकारी सियासत को बढ़ावा देने के साथ-साथ किसान विरोधी, महिला विरोधी, युवा विरोधी और व्यापार विरोधी नीतियों का समर्थन करने का आरोप है।

समाजवादी पार्टी ने जानकारी दी है कि विधायक अभय सिंह, राकेश प्रताप सिंह और मनोज कुमार पांडेय को उनकी सांप्रदायिक विभाजनकारी नकारात्मकता और किसान विरोधी, महिला विरोधी, युवा विरोधी, कारोबारी विरोधी , नौकरीपेशा विरोधी और पीडीए विरोधी विचारधारा का समर्थन करने के कारण निष्कासित कर दिया।

पार्टी की इस कार्रवाई के बाद विधायक मनोज पांडेय ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर भगवान राम को गाली देने का आरोप लगाया और कहा कि भगवान राम को गाली देने वाले लोग स्वीकार्य नहीं हैं। हम ऐसी राजनीति नहीं कर सकते, जहां हमारे आराध्य को गालियां देकर राजनीति की रोटियां सेंकी जाती हों। उल्लेखनीय है कि मनोज पांडेय ने कुछ अर्सा पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में भाजपा की सदस्यता ली थी। मनोज पांडेय ने कहा, सपा ने तो बहुत देर कर दी, हमने तो 18 मई 2024 को ही अपनी रणनीति बना ली थी। जब हमने गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में भाजपा की सदस्यता ले ली थी। मनोज पांडेय रायबरेली की ऊंचाहार सीट से विधायक हैं। उन्होंने लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी छोड़ी थी। राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग के बाद से वह भाजपा के खेमे में आ गए थे।

मनोज पांडेय ने कहा, हमें आस्था से खिलवाड़ स्वीकार नहीं है। हमने कई बार पार्टी नेतृत्व को यह बात बताई। जिसने मां सीता को गाली दी, भगवान राम को गाली दी, वह पार्टी में महासचिव बना दिया गया। जब दूसरे दिन रामचरितमानस जलाई तो उसे विधान परिषद सदस्य बना दिया गया। मैंने उस समय से इसका विरोध किया। पार्टी के सामने अपनी बात रखी। जिस राजनीति में हमारी आस्था से खिलवाड़ होगा, न तो वह राजनीति हमें स्वीकार है। न ऐसा कोई पद या ऐसी बेमानी प्रतिष्ठा।

# ईरान पर अमेरिकी हमले से बढ़ी 150 परिवारों की चिंता



मुरादाबाद, 23 जून (एजेंसियां)। ईरान पर अमेरिकी हमले के बाद मुरादाबाद मंडल के 150 परिवारों की चिंता बढ़ गई है। इसमें 100 के करीब छात्र और 50 लोग धार्मिक यात्रा पर गए हुए हैं। परिजनों का कहना है कि उसने बमुश्किल बात हो पा रही है। अमरोहा और संभल के सैकड़ों परिवारों के बच्चे या बुजुर्ग ईरान में फंसे हैं।

रविवार को ईरान पर अमेरिका ने हमला किया, जिससे इन परिजनों की रातों की नींद और दिन का चैन छीन लिया। मंडल के कई बच्चे ईरान के तेहरान, मशहद और कुम शहर में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं। ईरान में व्हाट्सएप न चल पाने की वजह से इन परिजनों की उनके बच्चों से बातचीत भी ठीक तरह से नहीं हो पा रही है। ईरान में फंसे करीब 150 लोगों के परिवारजन पूरे दिन अपनों की खैरियत जानने के लिए परेशान रहे। मंडल से अधिकतर लोग तीर्थयात्रा और पढ़ाई के सिलसिले में ईरान गए हुए हैं। ईरान में हवाई सेवा बंद होने की वजह से उनकी वापसी नहीं हो पा रही है।

डिप्टीगंज के रहने वाले मो. महताब ने बताया कि उनका बेटा ईरान में पढ़ाई कर रहा है। रविवार की सुबह जब अमेरिकी हमले की खबर सुनी तो दिल दहल गया। काफी देर तक बेटे से संपर्क करने की कोशिश करते रहे। नेटवर्क की दिक्कत के चलते बात नहीं हो पाई। हालांकि, दोपहर में बेटे का फोन आया तो उसकी खैरियत मिली। बेटे ने बताया कि वह कुम में है और वहां के हालात सामान्य हैं। सिरसी के मौलाना इजहार ने बताया कि तीर्थयात्री और छात्र भारतीय दूतावास के संपर्क में हैं। उन्हें ऑपरेशन सिंधु की मदद से वहां से निकालने की तैयारी है। फिलहाल दूतावास ने सभी को सुरक्षित स्थानों पर ठहराया है। भारत सरकार की ओर से लगातार निगरानी की जा रही है।

परिजनों ने रविवार को ईरान और शहर के लोगों की सलामती की दुआएं मांगीं और सरकार से अपील की कि फंसे लोगों को जल्द से जल्द सुरक्षित भारत लाया जाए। लोगों का कहना है कि ईरान में मुरादाबाद, अमरोहा और संभल से करीब 150 लोग मौजूद हैं, जिनमें 40 से अधिक तीर्थयात्री और लगभग 100 छात्र-छात्राएं हैं। अमरोहा के नौगांवा सादात के रहने वाले रजा की पत्नी और उनकी साली तीर्थयात्रा पर ईरान गईं हुई हैं। उन्हें जिस दिन भारत वापस लौटना था, उसी रात इजराइल ने ईरान पर हमला कर दिया था। इसके बाद ईरान ने अपनी हवाई सेवा बंद कर दी। दोनों बहनें मशहद शहर में ही फंस गईं।

रजा ने बताया कि अमेरिकी हमले की जानकारी सुबह साढ़े पांच बजे ही मिल गई थी। इसके बाद से पूरे दिन पत्नी का हाल जानने के लिए परेशान रहे। लगातार सब खैरियत होने की दुआएं भी करते रहे। शाम के करीब चार बजे पत्नी का फोन आया, तब जाकर राहत मिली। उनकी पत्नी ने जानकारी दी कि मशहद में पूरी तरह से शांति है। घबराने की बात नहीं है। इसी तरह संभल की रहने वाली नाजिया, जो तेहरान यूनिवर्सिटी से पढ़ाई कर रही हैं उन्होंने भी मैसेज कर अपने घरवालों को आश्वस्त किया कि वह लोग पूरी तरह से सुरक्षित हैं और स्थानीय प्रशासन की ओर से सुरक्षा के सभी बंदोबस्त किए जा रहे हैं।

# अयोध्या के राम मंदिर में पुजारियों की होगी भर्ती



अयोध्या, 23 जून (एजेंसियां)। अयोध्या राम मंदिर ट्रस्ट ने अर्चकों (पुजारियों) के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। भगवान श्रीराम और 14 अन्य मंदिरों का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है और सभी मंदिरों में देवी-देवताओं की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न हो गई है। अब इन मंदिरों में दैनिक रूप से श्रृंगार पूजन एवं भगवान के भोग की व्यवस्था की जानी है। इसके लिए प्रशिक्षित पुजारी की कमी को पूरा करने के लिए ट्रस्ट पुजारियों के प्रशिक्षण का दूसरा चरण शुरू कर रहा है। इसके लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के मुताबिक, पुजारी की नौकरी के लिए अभ्यर्थी 26 जून से 30 जून तक आवेदन कर सकते हैं। एक पत्रक के माध्यम से जानकारी दी गई है कि श्रीरामजन्मभूमि मंदिर-परिसर में विराजमान सभी देवालयों में दैनिक अर्चना विधि के लिए एवं अन्य कहीं भी सुयोग्य अर्चक उपलब्ध कराने की दृष्टि से अर्चित प्रशिक्षण उपक्रम आयोजित किया जा रहा है। देशभर के इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं।

ट्रस्ट के धार्मिक समिति के सदस्य गोपाल जी राव ने बताया कि आवेदन करने वालों के लिए कुछ शर्तें रखी गई हैं। आवेदक की उम्र 20 से से 30 साल के बीच होनी चाहिए। साथ ही पारंपरिक गुरुकुल शिक्षा प्राप्त हो और अयोध्या परिक्षेत्र में रहने वाले लोगों को वरीयता दी जाएगी। आवेदकों को पहले 6 माह की श्री रामानंदीय दीक्षा दी जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट भोजन और आवास की व्यवस्था भी करेगा। विद्वान आचार्य द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा और प्रशिक्षित अर्चक को प्रमाण पत्र भी जारी किया जाएगा। ट्रस्ट ने बताया गया कि प्रशिक्षण के दौरान अर्चकों को 2000 रुपये मासिक छात्रवृत्ति भी दी जाएगी और अंतिम प्रक्रिया के तहत प्रशिक्षण के बाद निर्धारित चयन प्रक्रिया में आने वाले उत्कृष्ट अर्चकों का चयन किया जाएगा।

इसके पहले राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले प्रशिक्षण वर्ग के पहले चरण में 20 अर्चकों को 6 महीने तक रामानंद संप्रदाय की शिक्षा दीक्षा के तहत प्रशिक्षित किया गया था। देश से लगभग 15 प्रशिक्षकों को अर्चक के रूप में राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने मंदिर परिसर में शामिल कर लिया है। राम मंदिर ट्रस्ट को अभी और अर्चकों की आवश्यकता है, जिसको लेकर द्वितीय चरण के प्रशिक्षण वर्ग को जुलाई माह से प्रारंभ करने की तैयारी है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के द्वारा गठित धार्मिक समिति में ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देवगिरी को अध्यक्ष नामित किया गया है, इसके साथ ही महासचिव चंपतराय, ट्रस्ट के सहयोगी गोपाल जी राव, हनुमत निवास मंदिर के महंत मिथिलेश नंदनी शरण और महंत डॉक्टर रामानंद दास के साथ दिल्ली के दो आचार्यों को भी शामिल किया गया था।

# यूपी विधानसभा से तीन साल में रद्द हुई 6 विधायकों की सदस्यता

लखनऊ, 23 जून (एजेंसियां)। जून के महीने की शुरुआत में उत्तर प्रदेश के विधायक अब्बास अंसारी को तीन साल पुराने भड़काऊ भाषण के मामले में दो साल की कैद की सजा सुनाई गई थी।

इसके बाद उनकी यूपी विधानसभा से सदस्यता चली गई। गैंगस्टर से नेता बने मुख्तार अंसारी की पिछले साल बांदा जेल में मौत हो गई थी। मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी योगी कैबिनेट में शामिल मंत्री ओम प्रकाश राजभर के नेतृत्व वाली सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (एसबीएसपी) के मऊ सदर विधायक थे।

सुभासपा का पहले समाजवादी पार्टी से गठबंधन था लेकिन वो गठबंधन टूट गया है और सुभासपा आज एनडीए में है। अब्बास की अयोग्यता के बाद, 403 सदस्यीय यूपी सदन ने फरवरी-मार्च 2022 के विधानसभा चुनावों के बाद से अब तक निर्लंबित होने वाले विधायकों की संख्या 06 तक पहुंच गई है। हाल के वर्षों में अयोग्यता का ये आंकड़ा काफी ज्यादा है, जबकि अभी भी यूपी विधानसभा का दो साल का कार्यकाल बचा हुआ है।

सजा होने पर विधायकों और सांसदों की सदस्यता जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 8 के तहत अयोग्य घोषित किया जाता है, जिसके तहत कुछ मामलों में दोषियों को छह साल के लिए अयोग्य घोषित किया जाता है, जिसमें दो या अधिक वर्षों की जेल की सजा वाले किसी भी अपराध के लिए दोष सिद्धि भी शामिल है। मुख्य विपक्षी दल सपा ने अपने विधायकों की अयोग्यता को बदले की राजनीति बताया है, जबकि भाजपा ने कहा है कि अयोग्यताएं अदालती सुनवाई और दोषसिद्धि के मद्देनजर की गई हैं। सपा प्रवक्ता और घोसी से लोकसभा सांसद राजीव राय ने कहा कि यह कुछ और नहीं बल्कि भाजपा सरकार की सत्ता के अहंकार के कारण हमारे नेताओं के खिलाफ प्रतिशोध की राजनीति है। यह सत्ता का खुला दुरुपयोग है। भाजपा के प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने कहा कि अयोग्यताएं एक प्रक्रिया के तहत हुई हैं। उन्होंने कहा कि क्या सपा हमारे लोकतंत्र और न्यायपालिका पर भरोसा पर भरोसा नहीं है, कि इस तरह के सवाल उठाए हैं।

2017 में भाजपा की सत्ता आने के बाद पूर्व मंत्री और सपा नेता आजम खान के खिलाफ कई मामले दर्ज किए गए। 2022 में आजम खान को 2019 के एक नफरत भरे भाषण मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद अपनी विधानसभा सदस्यता खोनी पड़ी। चुनाव अधिकारी अनिल कुमार चौहान की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया था। आजम खान पर आरोप था कि उन्होंने संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों के लिए अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया, उन्हें धमकाया और दंगा भड़काने की कोशिश की। इस सीट पर 2022 दिसंबर में चुनाव हुए तो आकाश सक्सेना ने जीत हासिल की थी।

नवंबर 2022 में, 2013 मुजफ्फरनगर दंगों से जुड़े एक मामले में दो साल की कैद की सजा सुनाए जाने के एक महीने बाद सैनी को अयोग्य घोषित कर दिया गया था। सैनी को तब अयोग्य घोषित किया गया था जब राष्ट्रीय लोक दल (आरएलडी) के प्रमुख जयंत चौधरी ने यूपी विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना को एक पत्र लिखकर पूछा था कि जब सपा विधायक आजम खान के मामले में तुरंत कार्रवाई की गई थी, तो दोषी विधायक की सीट अभी तक खाली क्यों नहीं घोषित की गई। दिसंबर 2022 के उपचुनाव में सपा समर्थित रालोद उम्मीदवार मदन भैया ने सैनी की पत्नी और भाजपा उम्मीदवार राजकुमारी सैनी को 22,143 से अधिक मतों से हराया।

फरवरी 2023 में आजम खान के बेटे अब्दुल्ला को 15 साल पुराने एक मामले में दो साल की कैद की सजा सुनाए जाने के बाद विधानसभा से अयोग्य घोषित कर दिया गया था, जिसमें अब्दुल्ला और उनके पिता पर मुरादाबाद में पुलिस द्वारा चेकिंग के लिए उनके वाहन को रोके जाने के बाद यातायात को अवरुद्ध करने का मामला दर्ज किया गया था।

जिस घटना के लिए दोनों नेताओं के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था, वह जनवरी 2008 में पड़ोसी रामपुर जिले में सीआरपीएफ कैंप पर हुए आतंकी हमले के एक दिन बाद हुई थी, जिसमें सात जवानों और एक रिक्शा चालक की जान चली गई थी।

अदालत ने दोनों को भारतीय दंड संहिता की धारा 341 और 353 तथा आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम के तहत दोषी ठहराया था। अब्दुल्ला को विधानसभा से अयोग्य ठहराए जाने का यह दूसरा मामला है। इससे पहले 2020 में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने उनके चुनाव को रद्द कर दिया था जिसके बाद उन्हें अयोग्य घोषित किया गया था। मई 2023 के उपचुनाव में यह सीट भाजपा की सहयोगी अपना दल (सोनीलाल) के उम्मीदवार शफीक अहमद अंसारी ने सपा की अनुराधा चौहान के खिलाफ 8,724 वोटों से जीतीं थी।

जून 2024 में सोलंकी उनके छोटे भाई रिजवान और तीन अन्य को 2022 में कानपुर के जाजमऊ इलाके में एक महिला को परेशान करने और उसकी जमीन हड़पने के प्रयास में उसके घर में आग लगाने के आरोप में सात साल कैद की सजा सुनाई गई थी। चार बार विधायक रहे सोलंकी के खिलाफ 2022 से अब तक आठ मामलों में मामला दर्ज किया जा चुका है, जिसमें यूपी गैंगस्टर्स एक्ट और जालसाजी के आरोप शामिल हैं। इसके बाद सोलंकी को विधानसभा से अयोग्य घोषित कर दिया गया था। नवंबर 2024 में हुए उपचुनाव में इरफान सोलंकी की पत्नी सपा उम्मीदवार नसीम सोलंकी ने सीसामऊ सीट से भाजपा के सुरेश अवस्थी को 8,564 वोटों से हराया।

# 2027 चुनावों के लिए बसपा ने बदली रणनीति

### मायावती ने मैदान में सक्रिय की 600 टीमें



लखनऊ, 23 जून (एजेंसियां)। बीते कई चुनावों में दयनीय प्रदर्शन करने वाली बसपा 2027 के चुनावों के लिए अभी से तैयारी में जुट गई है। मायावती इसकी सीधी निगरानी कर रही हैं। डेढ़ साल बाद होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए बहुजन समाज पार्टी गांव-गांव जाकर अपना जनाधार बढ़ा रही है। पार्टी की करीब 1600 टीमें गांवों में पोलिंग बूथ और सेक्टर कमेटियां बनाकर लोगों को जोड़ रही हैं। पार्टी का कहना है कि पदाधिकारी भी नामित किए जा रहे हैं, जो लोगों को बसपा की नीतियों और विपक्ष की साजिशों से अवगत करा रहे हैं।

पार्टी अध्यक्ष मायावती के निर्देश पर भाईचारा कमेटी और ओबीसी कमेटी लगातार काम कर रही हैं। पार्टी नेताओं का मानना है कि जिस तरह वर्ष 2007 में भाईचारा कमेटियों के जरिए समाज के सभी वर्गों के लोगों का गठबंधन स्थापित करते हुए सरकार बनाई गई थी, उसी फार्मूले पर अगले विधानसभा चुनाव की तैयारी करनी है। इसके तहत गांव-गांव जाकर कमेटियों का गठन करना पहली प्राथमिकता है। जिसके लिए हर विधानसभा क्षेत्र में चार टीमें बनाई जा चुकी हैं।

पार्टी का मानना है कि बसपा नेताओं की नहीं, कार्यकर्ताओं की पार्टी है। चार बार रही बसपा सरकार में गुमनाम चेहरों को भी इसी तरह पार्टी ने सियासी पहचान दी थी। इसी वजह से पूरा फोकस विधानसभा स्तर पर बूथ कमेटियों, भाईचारा कमेटी और ओबीसी समाज को जोड़ने पर है। फिलहाल पार्टी तराई और अवध के इलाकों में फोकस कर तेजी से संगठन का विस्तार कर रही है। पार्टी के चीफ नेशनल कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद बिहार चुनाव के बाद यूपी में भी सक्रिय हो सकते हैं। फिलहाल बसपा सुप्रीमो के निर्देश पर आकाश आनंद बिहार चुनाव की तैयारियों में जुटे हैं। जिसके बाद उन्हें यूपी में भी सक्रिय किया जा सकता है। फिलहाल यूपी और उत्तराखंड के संगठन की समीक्षा और उससे जुड़े फैसले बसपा सुप्रीमो खुद ले रही हैं।

बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने कहा, बसपा नेताओं की नहीं, कार्यकर्ताओं की पार्टी है। समाज के सभी वर्गों के आपसी भाईचारे की बदौलत हमने सरकार भी बनाई है। बसपा सुप्रीमो के निर्देश पर गांव-गांव जाकर कार्यकर्ताओं के जरिए संगठन को मजबूत किया जा रहा है। बसपा ऐसी नर्सरी है, जो नेता बनाती है। पहले बड़ा मुकाम हासिल करने वाले नेता अपने बेटे-बेटियों के चक्कर में दूसरे दलों में चले गए थे।



# भारत ने पाकिस्तान से सेंधा नमक के आयात पर लगाया प्रतिबंध

**नई दिल्ली, 23 जून (एजेंसियां)।**

भारत ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान से सेंधा नमक के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया है। इस कदम ने पाकिस्तान के नमक व्यापार को गहरा झटका दिया है, क्योंकि भारत उनके लिए सबसे बड़ा और स्थायी बाजार था। अब पाकिस्तान को अपने नमक को चीन और अन्य देशों में निर्यात करना पड़ रहा है, लेकिन भारत जैसा लाभ मिलना मुश्किल हो गया है। पाकिस्तान के पंजाब में खेवड़ा की सेंधा नमक खदान दुनिया की सबसे बड़ी नमक खदानों में से एक है। यहां कई प्रोसेसिंग यूनिट्स हर साल लाखों टन नमक का उत्पादन करती हैं, जिसमें

### चीन और अन्य देशों में करना पड़ रहा है निर्यात

भारत सबसे बड़ा ग्राहक था। 2024 में लगभग 3.5 लाख टन नमक भारत को निर्यात हुआ था, जिसकी कीमत 12 करोड़ डॉलर के करीब थी। भारत के बैन के बाद यह बाजार पूरी तरह बंद हो गया है, जिससे कारोबारियों को भारी नुकसान हुआ है। पाकिस्तान ने चीन को अपने नमक निर्यात में तेजी लाने की कोशिश की है। 2025 की पहली तिमाही में चीन को नमक निर्यात 40 फीसदी बढ़कर 136.4 करोड़ किलो हो गया, जिसकी कीमत लगभग 18.3 लाख डॉलर थी। हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि चीन का बाजार स्थायी नहीं है क्योंकि चीन खुद भी नमक उत्पादन में सक्षम है और भारत जैसा बड़ा मुनाफा देना मुश्किल है।

### मिड-साइज़ लग्जरी कार एस 90 की बिक्री बंद

**नई दिल्ली।** स्वीडिश ऑटो कंपनी वोल्वो ने अपनी मिड-साइज़ लग्जरी कार एस 90 की बिक्री बंद कर दी है। अक्टूबर 2021 में फेसलिफ्ट वर्जन के रूप में लॉन्च की गई वाल्वो एस 90 केवल बी5 माइल्ड-हाइब्रिड पेट्रोल वेरिएंट में आती थी, जिसमें 2.0 लीटर चार-सिलेंडर इंजन 250 हॉर्सपावर की ताकत देता था। इस कार में बोवर्स एंड विल्किंस साउंड सिस्टम, 360-डिग्री कैमरा, मसाजिंग सीट्स और अडास जैसी कई हाईटेक सुविधाएं थीं, लेकिन बीएमडब्ल्यू और मर्सडीज बेंझ जैसे प्रतिस्पर्धियों के मुकाबले यह फीचर्स और इंजन विकल्पों में पिछड़ गई। समय के साथ इस मॉडल की बिक्री में गिरावट आई, और तकनीकी अपडेट की कमी ने इसे और कमजोर किया। वोल्वो ने अब भारतीय बाजार में अपनी रणनीति बदलते हुए एसयूवी और इलेक्ट्रिक वाहनों पर फोकस किया है। कंपनी 2025 तक ऑल-इलेक्ट्रिक एसयूवी ईएक्स 30 लॉन्च करने की योजना बना रही है और 2026 में फ्लैगशिप मॉडल ईएक्स 90 भी पेश किया जाएगा।

## न्यूज़ ब्रीफ

### व्यापार लाइसेंसिंग प्रक्रिया से दिल्ली पुलिस को हटाने का निर्णय ऐतिहासिकः खंडेलवाल



**नई दिल्ली।** चांदनी चौक से सांसद एवं कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने सोमवार को विभिन्न तरह के व्यापार को लाइसेंसिंग एवं एनओसी प्रक्रिया से दिल्ली पुलिस को हटाने के फैसले का स्वागत किया है। खंडेलवाल ने कहा कि इससे दिल्ली के 4 लाख के लगभग छोटे बड़े व्यवसायों को लाभ मिलेगा। प्रवीण खंडेलवाल ने दिल्ली के मुख्यमंत्री के इस निर्णय को ऐतिहासिक और दूरदर्शी बताते हुए कहा कि यह व्यवसाय सुगमता की दिशा में एक शानदार कदम है। व्यापार लाइसेंसिंग प्रणाली से पुलिस की भूमिका को समाप्त करना पारदर्शी, भ्रष्टाचार-मुक्त और प्रभावी प्रशासन की ओर बढ़ने जैसा हैं, जिससे उद्यमियों को सशक्त बनाया जाएगा और आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी। मुख्यमंत्री का यह निर्णय न केवल अनावश्यक नौकरशाही बाधाओं को समाप्त करेगा, बल्कि पुलिस को भी उनके मुख्य, कर्तव्यों कानून व्यवस्था बनाए रखने, अपराध रोकने और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर पूरी तरह ध्यान केंद्रित करने में सक्षम बनाएगा। सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा-दिल्ली के 4 लाख छोटे बड़े व्यवसायों को मिलेगा लाभ संशोधित व्यवस्था के अनुसार होटल, गेस्ट हाउस, रेस्टोरेंट, मोटल, स्विमिंग पूल, वीडियो गेम पार्लर, डिस्कोथेक, ऑडिटोरियम और मनोरंजन पार्क जैसे व्यवसायों के लाइसेंस और एनओसी अब शहरी स्थानीय निकायों से जारी किए जाएंगे। व्यापारिक समुदाय पुलिस आधारित लाइसेंस प्रणाली में देरी और भ्रष्टाचार के आरोपों से जुड़ी इन मांगों को लंबे समय से उठा रहा था।

### ईरान पर अमेरिकी हमले के बाद कच्चे तेल का भाव 2 फीसदी से ज्यादा उछला



**नई दिल्ली।** ईरान में परमाणु ठिकानों पर अमेरिकी हमले का वैश्विक बाजार पर व्यापक असर देखने को मिल रहा है। अमेरिका की ओर से सप्ताहांत ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमले के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोमवार को कच्चे तेल के भाव में 2 फीसदी से ज्यादा की तेजी दर्ज की गई है, जो 80 डॉलर प्रति डॉलर के करीब पहुंच गया है। आने वाले समय में इसका व्यापक असर भारत में पेट्रोल और डीजल के दाम पर पड़ सकता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में शुरुआती कारोबार के दौरान कच्चे तेल (क्रूड ऑयल) की कीमतों में 2 फीसदी से अधिक की तेजी दिखी है। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड की कीमत 1.92 डॉलर यानी 2.49 फीसदी उछलकर 78.93 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट क्रूड (डब्ल्यूटीआई) 1.89 डॉलर यानी 2.56 फीसदी बढ़कर 75.73 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है। जानकारों का कहना है कि ईरान की संसद ने हाल ही में अमेरिकी हवाई हमलों के जवाब में स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को बंद करने का प्रस्ताव पास किया है।

### गोदरेज प्रॉपर्टीज ने बेंगलुरु में 1,450 से अधिक मकान बेचे




**मुंबई।** गोदरेज प्रॉपर्टीज ने बेंगलुरु में अपनी नई परियोजना में 2,000 करोड़ रुपये से अधिक में 1,450 से अधिक फ्लैट की बिक्री की है। गोदरेज प्रॉपर्टीज ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसने परियोजना के पहले चरण के पेश होने के बाद 2,000 करोड़ रुपये से अधिक में फ्लैट बेचे। यह परियोजना 'बार्का' बेंगलुरु के देवनाहल्ली में गोदरेज एमएसआर सिटी में स्थित है। इस परियोजना को अप्रैल 2025 में पेश किया गया था। कंपनी ने परियोजना के पहले चरण में 22 लाख से अधिक वर्ग फुट में बने 1,450 से अधिक फ्लैट की बिक्री की। गोदरेज प्रॉपर्टीज के एक अधिवकारी ने कहा कि इस टाउनशिप परियोजना गोदरेज एमएसआर सिटी में करीब 56 लाख वर्ग फुट की एक विकास योग्य क्षमता है जिसे कंपनी आने वाले वर्षों में बेचने की योजना बना रही है। गोदरेज देश के अग्रणी रियल एस्टेट डेवलपर में से एक है।

# ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत एशिया में भी बिकवाली का दबाव

**नई दिल्ली, 23 जून (एजेंसियां)।**

मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव और उसमें अमेरिका की एंट्री की वजह से ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान गिरावट के साथ बंद हुए थे। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी कमजोरी के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए थे। वहीं एशियाई बाजारों में बिकवाली का दबाव बना हुआ है।

अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार दबाव बना रहा। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.22 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 5,967.84 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 98.86 अंक यानी 0.51 प्रतिशत की गिरावट के साथ पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल 133.04 अंक यानी 0.32 प्रतिशत लुढ़क कर 42,073.78 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है।

यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान मजबूती से कारोबार करने के बाद अंतिम समय में हुई बिकवाली के कारण मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एफटीएसई इंडेक्स 0.20 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 8,774.65 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसके विपरीत सीएसी इंडेक्स ने 0.48 प्रतिशत की तेजी के साथ 7,589.66 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 293.17 अंक यानी 1.26 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,350.55 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

एशियाई बाजार में बिकवाली का दबाव बना हुआ है। एशिया के 9 बाजार में से 8 के सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं। वहीं सिर्फ एक सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। एशियाई बाजारों में इकलौता शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.15 प्रतिशत की मजबूती के साथ 3,365.07 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

दूसरी ओर, गिफ्ट निफ्टी 226 अंक यानी 0.90 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,903 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह निक्केई इंडेक्स 153.42 अंक यानी 0.40 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 38,249.81 के स्तर पर पहुंचा हुआ है। ताइवान वेटेड इंडेक्स में बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। फिलहाल यह सूचकांक 344.61 अंक यानी 1.56 प्रतिशत टूट कर 21,701.13 अंक के स्तर पर पहुंच गया है। इसी तरह जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 96.32 अंक यानी 1.39 प्रतिशत फिसल कर 6,810.82 अंक के स्तर पर आ गया है। इसके अलावा सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.87 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 1,058.31 अंक के स्तर पर, स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.41 प्रतिशत लुढ़क कर 3,867.48 अंक के स्तर पर, कोस्पी इंडेक्स 0.41 प्रतिशत टूट कर 3,009.48 अंक के स्तर पर और हैंग सेंग इंडेक्स 0.04 प्रतिशत की मामूली कमजोरी के साथ 23,521.72 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।




### डीजीसीए ने खराब मौसम में फ्लाइट ऑपरेशन के बदले नियम




**नई दिल्ली।** देश की विमानन सुरक्षा को और मजबूती प्रदान करने के लिए एविएशन रेगुलेटर डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) ने खराब मौसम में फ्लाइट ऑपरेशन को लेकर एयरलाइन कंपनियों के लिए नए गाइडलाइंस जारी की हैं। नए नियमों के मुताबिक फ्लाइट का टाइम टेबल सुरक्षा से ज्यादा अहम नहीं है। पायलट्स जरूरत पड़ने पर फ्लाइट का रूट बदल सकता है। शेड्यूल्ड और नॉन-शेड्यूल्ड एयरलाइन कंपनियों को अपडेटेड ऑपरेशन सर्कुलर जारी करते हुए नियामक ने कहा कि पायलटों को इंस्ट्रूमेंट से दृश्यता की जांच करनी चाहिए, ताकि खराब मौसम या बारिश में लैंडिंग से पहले सही फैसला लिया जा सके। गीली रनवे या रात में बारिश के दौरान होने वाले भ्रम से बचने के लिए सटीक लैंडिंग आकलन जरूरी होगा। यह सर्कुलर केदारनाथ रीजन में हाल ही में हुई हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं और पिछले महीने श्रीनगर जा रही इंडिगो की फ्लाइट में आए टर्ब्यूलेंस को देखते हुए जारी किया गया है। ऑपरेशन संबंधी अनिश्चितता पर क्लाइमेंट चेंज के बढ़ते प्रभाव का हवाला देते हुए डीजीसीए ने फ्लाइट क्रू को बहुत ज्यादा सतर्कता बनाए रखने की सलाह दी है।

# हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड ने चिली की कोडेल्को टीम का किया स्वागत



**नई दिल्ली, 23 जून (एजेंसियां)।**

**चिली की सरकारी स्वामित्व वाली तांबे की खनन कंपनी कॉर्पोरसियोन नैशनल डेल कोबरे (कोडेल्को) का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार सुबह नई दिल्ली पहुंचा है। चिली के खनन विशेषज्ञों की यह टीम अगले तीन हफ्ते भारत में रहकर हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड (एचसीएल) की विभिन्न इकाइयों का दौरा करेगी।**

कोडेल्को के खनन विशेषज्ञों में एंजेलो जियोवानी ग्यूसेप एगुइलर कैटलानो-भूविज्ञान और अन्वेषण, जोस रामोम अबाटे पेरेज -नवाचार और प्रौद्योगिकी, कार्लोस एबेलार्डो विल्चेस डोनोसो-टेलिंग प्रबंधन, जॉर्ज लुइस एस्पिंडोला लांडा-जियोटेक्निकल इंजीनियरिंग तथा सर्जियो जोनाथन पिचोट हेरिकेज-जियोमेटालर्जी शामिल हैं।

### एचसीएल की विभिन्न इकाइयों का दौरा करेगा चिली का प्रतिनिधिमंडल

एचसीएल के मुताबिक इनकी तीन हफ्ते की यात्रा का उद्देश्य ज्ञान साझा करना और मूल्य संवर्धन के अवसरों का पता लगाना है।

खान मंत्रालय के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चिली के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक फॉन्ट की मौजूदगी में 01, अप्रैल को एचसीएल और कोडेल्को के बीच आदान-प्रदान किए गए ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) के बाद यह पहल की गई है। एमओयू का उद्देश्य अन्वेषण, खनन और खनिज लाभकारीकरण के साथ-साथ कर्मचारी प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण को सुविधाजनक बनाने के लिए ज्ञान और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करना है। इस एमओयू पर एचसीएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक संजीव कुमार सिंह और कोडेल्को के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रूबेन अल्वाराडो विगर ने हस्ताक्षर किए हैं।

### ऑरेकल के कोफाउंडर लैरी दुनिया के दूसरे सबसे अमीर शख्स बने




फोर्ब्स की रियल-टाइम बिलियनेयर्स लिस्ट के मुताबिक दुनिया की सबसे बड़ी डेटाबेस सॉफ्टवेयर कंपनियों में से एक ऑरेकल के को-फाउंडर लैरी एलिसन ने एक हफ्ते में करीब 4 करोड़ डॉलर (3.4 लाख करोड़) जोड़ लिए हैं। 250.9 अरब डॉलर की कुल संपत्ति के साथ एलिसन ने अमेजन के फाउंडर जेफ बेजोस को पछाड़कर फिर दुनिया के दूसरे सबसे अमीर शख्स बन गए हैं। इससे पहले के हफ्ते में भी वह अमीरों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर थे। 80 वर्षीय एलिसन ने जेफ बेजोस (229 अरब डॉलर) और मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग (240 अरब डॉलर) को पीछे छोड़ दिया। दुनिया के सबसे अमीर आदमी एलन मस्क (405.8 अरब डॉलर) अभी भी पहले पायदान पर हैं। एलिसन की संपत्ति में यह तेजी ऑरेकल के शानदार तिमाही नतीजों के बाद कंपनी के शेयरों में आए उछाल की वजह से हुआ है। कंपनी ने 15.9 अरब की कमाई दिखाई और 1.70 डॉलर प्रति शेयर के हिसाब से एडजस्टेड प्रॉफिट पोस्ट किया। एक सप्ताह में कमाए 3.4 लाख करोड़ कंपनी अब अमेरिका में एआई इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए बड़े प्रोजेक्ट्स पर काम कर रही है। आईएमएफ के 2025 के पूर्वानुमान के अनुसार लैरी एलिसन की संपत्ति से कम जीडीपी वाले कई देशों से ज्यादा है।

# इंडोगल्फ क्रॉपसाइंसेज का आईपीओ 26 जून को खुलेगा, प्राइस बैंड 105-111 रुपये प्रति शेयर

**मुंबई, 23 जून (एजेंसियां)।**

**फसल सुरक्षा उत्पाद बनाने वाली कंपनी इंडोगल्फ क्रॉपसाइंसेज लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) निवेशकों के लिए 26 जून को खुलेगा और 30 जून को बंद होगा। कंपनी ने इसके लिए मूल्य का दायरा (प्राइस बैंड) 105-111 रुपये प्रति शेयर तय किया है।**

इंडोगल्फ क्रॉपसाइंसेज लिमिटेड ने सोमवार को आईपीओ प्रेस वर्चुअल मीट में बताया कि 10 रुपये अंकित मूल्य वाले अपने पहले आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के लिए मूल्य का दायरा (प्राइस बैंड) 105-111 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। कंपनी ने कहा कि ये आईपीओ 26 जून को खुलेगा और 30 जून को बंद होगा। इसमें निवेश करने के लिए बड़े (एंकर) निवेशक 25 जून को बोली लगा पाएंगे। यह कंपनी का पहला आईपीओ है।

इंडोगल्फ क्रॉपसाइंसेज लिमिटेड के इस आईपीओ में 160 करोड़ रुपये तक के नए शेयर जारी करने तथा ओम प्रकाश अग्रवाल (एचयूएफ) के 15,40,960 इक्विटी शेयरों और संजय अग्रवाल (एचयूएफ) द्वारा 20,62,643 इक्विटी शेयरों यानी कुल 36.03 लाख शेयरों की बिक्री की पेशकश का मिश्रण है। निवेशक इसके लिए न्यूनतम 135 इक्विटी शेयरों और उसके बाद 135 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोली लगा सकते हैं। सिस्टमैटिक्स कॉरपोरेट सर्विसेज लिमिटेड एकमात्र बुक-रनिंग लीड मैनेजर है और बिगशेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड इस इश्यू का रजिस्ट्रार है। कंपनी की योजना इस आईपीओ से हासिल राशि में से 65 करोड़ रुपये का इस्तेमाल कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं के वित्तपोषण, 34.12 करोड़ रुपये ऋण भुगतान और 14 करोड़ रुपये का उपयोग पूंजीगत व्यय एवं सामान्य कॉर्पोरेट कार्यों के लिए किया जाएगा।




# भारत में पिछले 14 वर्षों में वैश्विक आयात पर निर्भरता 11 फीसदी से घटकर 4 हुई

**नई दिल्ली, 23 जून (एजेंसियां)।**

भारत रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनता जा रहा है। पारंपरिक रूप से रक्षा उपकरणों के लिए विदेशी खरीद पर निर्भर रहने वाले भारत ने पिछले 14 वर्षों में रक्षा आयात पर अपनी निर्भरता काफी कम कर दी है। यह देश की रक्षा रणनीति और नीति में एक बड़ा बदलाव है। एक रिपोर्ट के अनुसार भारत 2010 में रक्षा उपकरणों का सबसे बड़ा आयातक था लेकिन इस मामले में 2024 में यह चौथे स्थान पर खिसक गया। 2010 में भारत दुनिया के कुल रक्षा आयात का 11 प्रतिशत हिस्सा लिया, जिससे यह वैश्विक स्तर पर शीर्ष आयातक बन गया था। 9 प्रतिशत के साथ पाकिस्तान, 6 प्रतिशत पर ऑस्ट्रेलिया और 5 प्रतिशत के साथ दक्षिण कोरिया भी इस सूची में शामिल रहे। सऊदी अरब, संयुक्त राज्य अमेरिका, सिंगापुर और चीन जैसे देशों में प्रत्येक की हिस्सेदारी 4 प्रतिशत थी, जबकि अल्जीरिया और पुर्तगाल प्रत्येक की 3 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। 2024 के आंकड़ों के अनुसार यूक्रेन रक्षा उपकरणों का दुनिया का सबसे बड़ा आयातक बन गया है। इसकी वैश्विक आयात में 18 प्रतिशत हिस्सेदारी है। इस तीव्र वृद्धि का कारण रूस-यूक्रेन युद्ध है, यूक्रेन की सैन्य उपकरणों की मांग को बड़े पैमाने पर बढ़ा दिया है। पोलैंड वैश्विक रक्षा आयात में 5 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ दूसरे सबसे बड़े आयातक के रूप में उभरा है। इसके बाद संयुक्त राज्य अमेरिका 4 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ तीसरे स्थान पर है। भारत अब कतर, सऊदी अरब, दक्षिण कोरिया और ऑस्ट्रेलिया के साथ चौथे स्थान पर है, जिनमें से प्रत्येक की वैश्विक आयात में 4 प्रतिशत हिस्सेदारी है।



### मराठवाड़ा में वाष्पीकरण, कम बारिश से मक्का की खेती हो सकती है प्रभावित: अधिकारी

**छत्रपति संभाजीनगर।** महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र में अनियमित बारिश और नमी के वाष्पीकरण से मक्का की फसल पर असर पड़ सकता है। एक कृषि अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। मराठवाड़ा जिले छत्रपति संभाजीनगर, जालना, बीड, हिंगोली, धाराशिव, लातूर, परभणी और नांदेड़ में इस वर्ष करीब 2,56,650.38 हेक्टेयर भूमि पर मक्का (मकई) की खेती किए जाने का अनुमान है। कृषि विभाग की रिपोर्ट के अनुसार 19 जून तक 98,891.20 हेक्टेयर में बुवाई पूरी हो चुकी थी। जिला कृषि अधीक्षक अधिकारी ने कहा कि मक्का जैसी फसल पर नमी और पानी का असर पड़ सकता है। छत्रपति संभाजीनगर और मराठवाड़ा के अन्य भागों में मक्का की खेती का रकबा बढ़ गया है, जिससे करीब 50,000 हेक्टेयर में कपास की फसल की जगह इसकी खेती की गई है। क्षेत्र के कुछ इलाकों में नमी कम हो रही है, इसलिए मक्के की फसल पर पानी का संकट मंडरा रहा है। उन्होंने कहा कि स्थिति चिंताजनक है लेकिन नियंत्रण से बाहर नहीं है। थोड़ी सी बारिश से नमी वापस आ सकती है और फसल को फायदा हो सकता है।





# जसप्रीत बुमराह ने आलोचकों को दिया करारा जवाब, कहा मैं अपनी राह खुद तय करता हूं, लोगों की बातों से नहीं

**लीड्स ,23 जून (एजेंसियां) ।**

लंबे समय बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी करने वाले जसप्रीत बुमराह ने लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ 5 विकेट लेकर एक बार फिर साबित कर दिया कि वह भारतीय गेंदबाजी आक्रमण की रीढ़ हैं। ऑस्ट्रेलिया में चोटिल होने के बाद बुमराह के भविष्य को लेकर अटकलें तेज थीं, लेकिन उन्होंने मैदान पर वापसी उसी आत्मविश्वास के साथ की, जैसे उन्होंने खेल को छोड़ा था। लीड्स में रविवार को चौथे दिन के खेल की समाप्ति के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में बुमराह ने कहा, मैं अपनी वापसी को लेकर कभी भी घबराया नहीं। लोग क्या लिखते हैं, इस पर मेरा कोई नियंत्रण नहीं है। और ना ही मैं किसी को सिखाना चाहता हूं कि उनके हेडलाइन में मेरा नाम हो या नहीं। मैं जानता हूं कि क्रिकेट हमारे देश में बहुत लोकप्रिय है, और मेरा नाम लगाने से व्यूज़ बढ़ते हैं। लेकिन ये सब मेरे लिए कोई मायने नहीं रखता। अगर मैं इन सब बातों को अपने दिमाग में बिठा लूं, तो मैं अपनी राह से भटक जाऊंगा।

**ना सुनते-सुनते 10 साल हो गए** – बुमराह ने याद दिलाया कि जब उन्होंने क्रिकेट की शुरुआत की थी, तब भी लोग उन्हें लेकर शंका जताते थे। उन्होंने कहा, शुरू में कहा गया कि मैं टीम में नहीं आ पाऊंगा। फिर कहा गया कि छह महीने भी नहीं टिकूंगा। फिर आठ महीनेज्‍ और इस तरह मैंने 10 साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बिता दिए। आईपीएल में भी 12-13 साल से खेल रहा हूं। अब भी लोग कहते हैं कि ये चोट शायद आखिरी होगी। मैं इन सबकी परवाह नहीं करता। मैं अपना काम करता रहूंगा। तीन-चार महीने में एक नई हेडलाइन आएगी, लेकिन मैं खेलता रहूंगा जब तक किस्मत में लिखा है।

**हर मैच में बस अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहता हूं** – अपनी हालिया चोट के बाद बुमराह ने टेस्ट मैचों के चयन को लेकर सतर्कता बरती है। उन्होंने टीम मैनेजमेंट को पहले ही सूचित कर दिया है कि वह पूरी सीरीज के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। कप्तानी से पीछे हटने की यही मुख्य वजह थी। उन्होंने कहा, मेरे लिए यह मायने नहीं रखता कि मैं कितने मैच खेल रहा हूं। उस समय जब मैं मैदान में हूं, मेरा पूरा ध्यान विकेट को पढ़ने, बल्लेबाज को समझने और रणनीति बनाने पर होता है। भविष्य की चिंता में प्रदर्शन पर असर नहीं डालना चाहता। टेस्ट मैच खत्म होने के बाद बाकी सब देखा जाएगा। रात को खुद से करता हूं एक सवाल अपनी सोच को लेकर बुमराह ने एक गहरी बात कही। उन्होंने कहा, रात को मैं खुद से एक सवाल करता हूं – क्या मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया अगर जवाब हां में होता है, तो मैं शांति से सो जाता हूं।

## न्यूज़ ब्रीफ

### मुरादाबाद के आठ ताइक्वांडों खिलाड़ी बने राष्ट्रीय रेफरी




**मुरादाबाद।** जिला ताइक्वांडो स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव शाहवेज़ अली ने बताया कि मुरादाबाद जनपद के आठ ताईक्वांडों खिलाड़ी राष्ट्रीय रेफरी बन गए है। शाहवेज़ अली के अनुसार 13 जून से 16 जून तक भारतीय ताइक्वांडो महासंघ के अंतर्गत उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन द्वारा नेशनल रेफरी फ्रेशर एवं रिफ्रेशर सेमिनार का आयोजन लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में हुआ था। जिसमें जिले के आठ खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था। सोमवार को उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन की ओर से सूचना प्राप्त हुई कि जनपद के आठ ताईक्वांडों खिलाड़ी केशव थापा, अरुण कुमार, प्रियांशु रस्तोगी, हाकिमीन हसीब, यशोदा थापा, वैष्णवी कश्यप, वैभव सक्सेना राष्ट्रीय रेफरी बन गए है । जिला ताइक्वांडो स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव शाहवेज़ अली ने बताया कि इस सेमिनार में सभी प्रतिभागियों को ताइक्वांडो खेल की संपूर्ण जानकारी प्रदान की गई थी, जिसमें ताइक्वांडो खेल के नियम, टेक्नीक, उल्लंघन, स्कोरिंग एवं फ़ाउल आदि के बारे में जानकारी दी गई थी।

### रोमांचक मोड़ पर लीड्स टेस्ट : बुमराह के 5 विकेट के बाद राहुल की सूझबूझ भरी पारी, भारत को 96 रनों की बढ़त

**लीड्स।** भारत और इंग्लैंड के बीच हेडिंग्ले (लीड्स) में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच का तीसरा दिन



जबरदस्त उतार-चढ़ाव से भरा रहा। जसप्रीत बुमराह की अगुवाई में भारतीय गेंदबाजों ने इंग्लैंड को पहली पारी में 465 रन पर समेट दिया, जिसके बाद केएल राहुल की नाबाद 47 रनों की पारी के दम पर भारत ने स्टंप्स तक दूसरी पारी में 2 विकेट पर 90 रन बना लिए हैं। इस तरह भारत की कुल बढ़त 96 रन हो गई है। बुमराह ने किया इंग्लैंड की बल्लेबाजी को ध्वस्त तीसरे दिन इंग्लैंड ने 209/3 से आगे खेलना शुरू किया। ओली पोप ने 106 रनों की लाजवाब पारी खेली, लेकिन प्रसिद्ध कृष्णा ने उन्हें जल्दी चलता कर दिया। इसके बाद कप्तान बेन स्टोक्स 20 रन बनाकर आउट हो गए। हैरी ब्रूक को दो जीवनदान मिले और उन्होंने उसका भरपूर फायदा उठाते हुए 99 रन बनाए, लेकिन अपने शतक से एक रन पहले वह प्रसिद्ध कृष्णा की गेंद पर शार्दुल ठाकुर को कैच थमा बैठे। निचले क्रम में जैमी स्मिथ (40) और क्रिस वोक्स (38) ने अहम योगदान दिया, जिससे इंग्लैंड की टीम 465 रनों तक पहुंच पाई। भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 5 विकेट झटके, जबकि प्रसिद्ध कृष्णा को 3 और मोहम्मद सिराज को 2 विकेट मिले। भारतीय पारी की सधी शुरुआत पहली पारी में 6 रनों की मामूली बढ़त के साथ भारत ने दूसरी पारी की शुरुआत की, लेकिन ओपनर यशस्वी जायसवाल महज 4 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद केएल राहुल और साई सुदर्शन ने संयम के साथ 66 रनों की साझेदारी की।

### रोहित के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 18 साल पूरे हुए

**मुम्बई।** भारतीय एकदिवसीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 18 साल पूरे हो



गये हैं। रोहित ने जून 2007 में आयरलैंड के खिलाफ 20 साल की उम्र में आज ही के दिन डेब्यू किया था। रोहित ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 18 साल पूरे होने पर आभार जताया है। साथ ही सोशल मीडिया में लिखा, हमेशा आभारी, 23.06.07। रोहित की कप्तानी में भारतीय टीम ने दो आईसीसी ट्रॉफी जीती हैं। वह 2023 में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप और एकदिवसीय विश्व कप के फाइनल में पहुंचे थे हालांकी टीम दोनों में ही टीम को हार का सामना करना पड़ा। रोहित ने साल 2024 में भारत को टी20 विश्व कप खिताब दिलाकर आईसीसी ट्रॉफी के 13 साल के सूखे को समाप्त किया और फिर 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी जीत ली। रोहित 2024 में 150 से अधिक टी20 में खेलने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी हैं। इस क्रिकेटर ने सभी प्रारूपों में 499 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 19,700 रन बनाए हैं। उनके नाम एकदिवसीय में सबसे अधिक व्यक्तिगत स्कोर का रिकॉर्ड है, उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ नाबाद 264 रन बनाए थे। टी20 में रोहित अब तक के सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने 159 मैचों में 32.05 की औसत से 4,221 रन बनाए हैं जिसमें 140 से अधिक की स्ट्राइक रेट से सबसे अधिक 5 शतक और 32 अर्द्धशतक शामिल हैं, और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 121 है।

# अब गेंदबाजों पर जिम्मेदारी... इंग्लैंड को आखिरी दिन चाहिए 350 रन, भारत को 10 विकेट की दरकार



**लीड्स, 23 जून (एजेंसियां)।** इंग्लैंड को भारत ने लीड्स में खेले जा रहे टेस्ट सीरीज के पहले मैच में जीत के लिए 371 रनों का लक्ष्य दिया है। चौथे दिन का खेल खत्म होने के समय तक इंग्लैंड ने बिना कोई विकेट खोए 21 रन बना लिए हैं। जैक क्राउली 12 और बेन डकेट 9 रन बनाकर क्रीज पर टिके हैं। अब आखिरी दिन इंग्लिश टीम को जीत के लिए 350 रन जबकि भारत को 10 विकेट चाहिए। मैच के चौथे दिन भारत की दूसरी पारी 364 रनों पर सिमट गई। उसके लिए केएल राहुल ने 137 रन की पारी खेली, जबकि ऋषभ पंत ने ताबड़तोड़ अंदाज में 118 रन मारे।

विकेटकीपर बल्लेबाज और उपकप्तान ऋषभ पंत भारत के लिए एक टेस्ट की दोनों पारियों में शतक लगाने वाले पहले विकेटकीपर बने, जबकि ओवरऑल 7वें बल्लेबाज। इस तरह से भारत ने इंग्लैंड 371 रनों का लक्ष्य दिया, जबकि उसके पास पहली पारी में 6 रनों की बढ़त थी। इससे पहले भारत की दूसरी पारी की शुरुआत में यशस्वी जायसवाल केवल 4 रन बनाकर ब्रायडन कार्स का शिकार बने। इसके बाद केएल राहुल ने शानदार शतक जड़ते हुए 247 गेंदों में 137 रनों की बेहतरीन पारी खेली, जिसमें 18 चौके शामिल थे। वह भी ब्रायडन कार्स द्वारा बोल्ड हुए। राहुल को पहले साई सुदर्शन का साथ मिला, जिन्होंने 48 गेंदों में 30 रन बनाए और जैक क्राउली द्वारा स्टोक्स की गेंद पर कैच आउट हुए। कप्तान शुभमन गिल ने 16 गेंदों में 8 रन बनाए और ब्रायडन कार्स का तीसरा शिकार बने। इसके बाद ऋषभ पंत (विकेटकीपर) ने अपनी स्वाभाविक आक्रामक शैली का प्रदर्शन करते हुए 140 गेंदों में 118 रन बनाए, जिसमें 15 चौके और 3 छक्के शामिल थे। उन्हें शोएब बशीर ने जैक क्राउली के हाथों कैच आउट कराया।

मध्य क्रम में करुण नायर ने 54 गेंदों में 20 रन का योगदान दिया और क्रिस वोक्स की गेंद पर खुद ही कैच आउट हुए। रवींद्र जडेजा ने निचले क्रम में कुछ महत्वपूर्ण रन जोड़े और 40 गेंदों में 25 रन बनाकर नाबाद रहे, जिसमें 2 चौके और 1 छक्का शामिल था। निचले क्रम के बल्लेबाज सस्ते में आउट हुए, जिसमें शार्दुल ठाकुर (4), मोहम्मद सिराज (0), जसप्रीत बुमराह (0) और प्रसिद्ध कृष्णा (0) शामिल थे, इन सभी को इंग्लैंड के गेंदबाजों ने जल्दी आउट कर दिया। इससे पहले इंग्लैंड ने पहली पारी में 100.4 ओवरों में सभी विकेट खोकर 465 रन बनाए, जबकि भारत को 6 रनों की लीड लेने से नहीं रोक सका था।

इंग्लैंड की पारी की शुरुआत खराब रही जब जैक क्राउली सिर्फ 4 रन बनाकर जसप्रीत बुमराह का शिकार बने। हालांकि, बेन डकेट (62) ने पारी को संभाला और ओली पोप ने शानदार शतक जड़ते हुए 137 गेंदों में 106 रन बनाए, जिसमें 14 चौके शामिल थे। जो रूट (28) ज्यादा देर नहीं टिक पाए। हैरी ब्रूक ने आक्रामक बल्लेबाजी की और 112 गेंदों में 99 रन बनाकर शतक से चूक गए, उनकी पारी में 11 चौके और 2 छक्के शामिल थे।

कप्तान बेन स्टोक्स (20) और जेमी स्मिथ ने 40 रन का उपयोगी योगदान दिया। निचले क्रम में, क्रिस वोक्स ने 38 और ब्रायडन कार्स ने 22 रन बनाकर कुल स्कोर को मजबूत किया। भारत के लिए जसप्रीत बुमराह सबसे सफल गेंदबाज रहे, जिन्होंने 5 विकेट चटकाए। प्रसिद्ध कृष्णा ने भी प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए 3 विकेट लिए। मोहम्मद सिराज ने 2 विकेट हासिल किए। पारी में कुल 34 अतिरिक्त रन दिए गए, जिसमें 8 बाई, 18 लेग बाई, 1 वाइड और 7 नो-बॉल शामिल थे।

# मैथ्यूज और फ्लेचर ने दिलाई वेस्टइंडीज को जीत सीरीज 1-1 से बराबर



**ओवल (बारबाडोस),23 जून (एजेंसियां) ।**

वेस्टइंडीज ने रविवार को कप्तान हेली मैथ्यूज की नाबाद अर्धशतकीय पारी (63*) और अफी फ्लेचर व करिश्मा रामहरक की घातक गेंदबाजी के दम पर दक्षिण अफ्रीका को छह विकेट से हराकर तीन मैचों की टी20 सीरीज 1-1 से बराबर कर ली। अब सीरीज का निर्णायक मुकाबला सोमवार को खेला जाएगा।

अफ्रीकी बल्लेबाज़ों की धीमी शुरुआत टॉस हारकर पहले बल्लेबाज़ी करने उतरी दक्षिण अफ्रीकी टीम की शुरुआत अच्छी रही। कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट और ताजमिन ब्रिट्स ने पहले विकेट के लिए 30 रन जोड़े। वोल्वार्ड्ट ने कुछ आकर्षक चौके लगाए लेकिन 16 रन बनाकर पवेलियन लौट गईं। हेली मैथ्यूज ने मरिज़ाने कैप को बिना खाता खोले आउट कर बड़ा झटका दिया। इसके बाद फ्लेचर ने कसी हुई गेंदबाजी करते हुए ब्रिट्स (14) को आउट किया और फिर नादिन डि क्लार्क (19) का भी विकेट लिया। करिश्मा रामहरक ने भी दो विकेट झटके। आखिरी ओवरों में अनेरी डर्कसेन (21*) और कराबो मेसो ने टीम को 113 रन तक पहुंचाया। मैथ्यूज ने संभाली पारी 114 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज की शुरुआत भी अच्छी रही। किआना जोसेफ ने दो चौके लगाकर लय दी, जबकि मैथ्यूज धीरे-धीरे सेट होती गईं। जोसेफ के आउट होने के बाद कुछ विकेट जल्दी गिरे – हेक्टर (3), कैंपबेल (7), और हेनरी (3) जल्द पवेलियन लौट गईं। हालांकि मैथ्यूज ने एक छोर संभाले रखा। आखिरी के ओवरों में जब टीम को 16 गेंदों में 12 रन चाहिए थे, तब उन्होंने खाका पर छक्का और चौका लगाकर मैच को लगभग खत्म कर दिया। अंत में जानिलिया ग्लासगो ने विजयी रन लगाए।

### स्कोरकार्ड

**दक्षिण अफ्रीका:** 113/6 (डर्कसेन 21*, फ्लेचर 2/13, रामहरक 2/25)

**वेस्टइंडीज:** 116/4 (मैथ्यूज 63*, म्लाबा 2/17)

वेस्टइंडीज ने 6 विकेट से मैच जीतकर सीरीज 1-1 से बराबर की।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### विश्व को कच्चे ...

की आशंका गहरा गई है। ईरानी संसद से पारित होने के बाद इस पर आखिरी निर्णय ईरान की सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल द्वारा लिया जाएगा। लेकिन यह संकेत मिल रहा है कि तेहरान अपने जवाबी कदमों पर नरमी बरतने वाला नहीं है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमलों के बाद पैदा हुआ तनाव अब वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा को सीधे चुनौती दे रहा है। उस पर ईरानी सासंद के फैसले ने कच्चे तेल की कीमतों में 5 डॉलर तक की तत्काल वृद्धि की संभावना बढ़ा दी है। ऐसे में अगर यह समुद्री मार्ग बंद होता है, तो तेल कीमतों में बेतहाशा वृद्धि से दुनियाभर में महंगाई और आर्थिक अस्थिरता फैल सकती है। यह हालात वैश्विक मंदी की ओर ले जा सकते हैं। ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमत पहले ही शुक्रवार तक 77 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच चुकी थी, जो कि जून के मध्य से अब तक 10 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। जानकारों का कहना है कि रविवार देर रात (यूके समयानुसार) जब वैश्विक बाजार खुलेंगे, तब इसमें और उछाल आ सकता है।बीते कुछ वर्षों में भारत ने खाड़ी के देशों से तेल की निर्भरता काफी कम कर दी है। भारत ने तेल आपूर्ति के स्रोतों में विविधता लाई है। रूस, अमेरिका, ब्राजील, और पश्चिम अफ्रीका जैसे देशों से तेल आयात किया जाता है, जो होर्मुज जलडमरूमध्य पर निर्भर नहीं हैं। उदाहरण के लिए, रूस से तेल स्वेज नहर, केप ऑफ गुड होप या प्रशांत महासागर के रास्ते आता है। इसके अलावा भारत सरकार इसी माह से हर दिन रूस से 20-22 लाख बैरल प्रतिदिन तेल का आयात कर रहा है। हाल ही में केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने कहा था कि भारत के पास 74 दिनों का तेल का स्टोरेज है। ऐसे में अगर आपातकाल की स्थिति आती भी है तो भारत इस हालात को संभाल लेगा।भारत ने तेल आयात के लिए 40 देशों से स्रोत विकसित किए हैं, जो पहले 27 थे। सरकार तेल की कीमतें 105 डॉलर प्रति बैरल से अधिक होने पर ईंधन पर उत्पाद शुल्क की समीक्षा कर सकती है, ताकि जनता को राहत दी जा सके। भारत ने 2019 में होर्मुज में टैंकरों पर हमले के बाद नौसेना तैनात की थी और कूटनीतिक रास्ते अपनाए थे, जो संकट के समय फिर से उपयोग में लाए जा सकते हैं।ईरान पर हुए अमेरिकी हमले के बाद रूस ईरान के समर्थन में खुल कर आ गया है। रूस ने अमेरिकी हमले की कड़ी निंदा की है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची से मुलाकात के बाद कहा कि रूस ईरान को हरसंभव मदद देगा। इसके बाद क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा कि इस तनावपूर्ण स्थिति में तेहरान जो भी मदद मांगेगा, रूस देने को तैयार है। उन्होंने कहा कि ईरान को किस तरह की मदद चाहिए, यह फैसला तेहरान को करना है। पेसकोव ने कहा कि हमने ईरान को मध्यस्थता की पेशकश की है। यह हमारी तरफ से एक ठोस मदद है। ईरान को जो भी जरूरत होगी, हम उसके अनुसार मदद करने को तैयार हैं।

इस तरह रूस ने ईरान और इजराइल के बीच चल रहे तनाव को लेकर अपना पक्ष बिल्कुल साफ कर दिया है। पेसकोव ने कहा कि रूस का यह रुख भी ईरान के लिए समर्थन का एक अहम तरीका है। हमने इस मुद्दे पर खुलकर अपना पक्ष दुनिया के सामने रखा है। यह भी ईरान के प्रति हमारे समर्थन का संकेत है। पेसकोव ने यह भी बताया कि हाल ही में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुई बातचीत में ईरान का मुद्दा कई बार उठा है।

### हिंदुओं के धैर्य...

उन्होंने चेतावनी दी कि अगर यह चलन नहीं रोका गया, तो हमारे धर्म और आस्था को बचा पाना मुश्किल हो जाएगा।पवन कल्याण ने कहा कि वह कट्टरपंथी नहीं हैं, बल्कि एक प्रतिबद्ध हिंदू हैं। वह ईसाई और इस्लाम धर्म का भी सम्मान करते हैं और बस यही चाहते हैं कि हमारे भी विश्वास का सम्मान किया जाए। उन्होंने भारत की ताकत को धर्म (या धार्मिक मूल्यों) में बताया और कहा कि तमिलनाडु में हिंदू सम्मेलनों पर उठाए जा रहे सवाल बहुत खतरनाक हैं और इससे समाज में बेवजह का विभाजन पैदा हो रहा है। पवन कल्याण ने धर्मनिर-पेक्षता के दोहरे मापदंडों पर तीखी आलोचना की। उन्होंने कहा, ईसाई को ईसाई और मुसलमान को मुसलमान होने की आजादी है, लेकिन जब कोई हिंदू अपने धर्म की बात करता है, तो उसे सांप्रदायिक कह दिया जाता है। यही नकली धर्मनिरपेक्षता है।

पवन कल्याण ने कहा कि हिंदुओं के धैर्य को उसकी कमजोरी न समझा जाए। उन्होंने कहा, अगर आप मेरी आस्था का सम्मान नहीं कर सकते, तो कम से कम उसका अपमान भी न करें। पारंपरिक मुरुगन भक्त की पोशाक में आए कल्याण ने कंद षष्ठी कवचम् जैसे पवित्र भजनों का मजाक उड़ाने पर दुख जताया और इसे गलत बताया। उन्होंने सभी से एकजुट होकर धर्म की रक्षा करने का आग्रह किया और विश्वास जताया कि बदलाव जरूर आएगा।इस कार्यक्रम में भाजपा नेता के. अन्नामलाई ने कहा कि यह सम्मेलन राजनीतिक नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य सवाल उठाना और अधिकारों की मांग करना है। उन्होंने कहा, हम किसी के दुश्मन नहीं हैं, हम बस अपने धर्म के लिए न्याय चाहते हैं। कार्यक्रम का समापन कंद षष्ठी कवचम् के सामूहिक पाठ के साथ हुआ, जिससे इसकी भक्ति भावना और सांस्कृतिक एकता का संदेश सामने आया।

### पश्चिम बंगाल में...

मंदिर के लिए प्रसाद बनाने का ठेका मुसलमानों को दे दिया। सरकार के इस फैसले से सम्पूर्ण हिंदू समाज में भीषण आक्रोश व्याप्त है। हिंदुओं का कहना है कि पुरी के मूल जगन्नाथ मंदिर में गैर हिंदुओं का प्रवेश तक वर्जित है, लेकिन उसी जगन्नाथ मंदिर के प्रतिकृति स्वरूप दीघा में बने मंदिर में प्रसाद बनाने का ठेका ममता सरकार मुसलमानों को देकर मंदिर की पवित्रता का अपमान कर रही है।

### मोदी की ऊर्जा ...

शशि थरूर ने दावा किया कि भारत की कूटनीति की सफलता इस बात से साबित होती है कि कोलंबिया ने अपने पहले दिए गए बयान (जिसमें पाकिस्तान में नागरिक मौतों पर संवेदना जताई गई थी) को वापस लेकर भारत के आत्मरक्षा के अधिकार को समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि अमेरिका में भी भारतीय पक्ष को सहानुभूति मिली, जबकि वहां पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल भी मौजूद था। अमेरिकी अधिकारियों ने भारत के इस दृष्टिकोण का समर्थन किया कि लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे आतंकी संगठनों के खिलाफ ठोस कार्रवाई होनी चाहिए।

शशि थरूर की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब कांग्रेस पार्टी मोदी सरकार की विदेश नीति की आलोचना कर रही है, विशेषकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से भारत-पाकिस्तान युद्धविराम में मध्यस्थता के दावे को लेकर। थरूर की पार्टी के भीतर कई बार आलोचना हो चुकी है कि वे सरकार की कुछ विदेश नीति पहलों का समर्थन करते हैं। पिछले हफ्ते तिरुवनंतपुरम में उन्होंने कहा था कि उनकी पार्टी नेतृत्व से कुछ मुद्दों पर असहमति है, लेकिन वह इस पर अभी कुछ नहीं बोलेंगे। भारत सरकार ने 33 वैश्विक राजधानियों में सात बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों को भेजा ताकि दुनिया को यह बताया जा सके कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ भारत का यह जवाब जायज और संयमित था। थरूर ने लिखा, हमने विस्तार से बताया कि भारत का सैन्य कदम आतंकियों के खिलाफ केंद्रित था, और नागरिकों या पाकिस्तानी सेना को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया गया। यह एक संतुलित और नैतिक प्रतिक्रिया थी।

### आम आदमी पार्टी ...

भाजपा के जीवन गुप्ता को तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। उपचुनाव में आपा को 35179 वोट मिले। कांग्रेस के भारत भूषण आशु को 24542 मत मिले। भाजपा के जीवन गुप्ता को 20323 वोट मिले। शिअद के परउपकार सिंह घुम्मण 8203 वोट ही ले पाए। वहीं 793 लोगों ने नोटा का बटन दबाया।गुजरा में कडी विधानसभा सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीट है, जो भाजपा विधायक कर्सन सोलंकी के निधन के बाद खाली हुई। भाजपा के राजेंद्र चावड़ा ने उपचुनाव में जीत दर्ज कर ली है। उन्होंने कांग्रेस के रमेश चावड़ा को 39452 वाटों से हराया। आपा के जगदीश चावड़ा तीसरे नंबर पर रहे। गुजरात की ही विसावदर सीट पर आम आदमी पार्टी के पूर्व राज्य अध्यक्ष गोपाल इटालिया ने जीत दर्ज कर ली है। उन्होंने भाजपा उम्मीदवार किरीट पटेल को 17554 वोटों से हराया। यह सीट आपा विधायक भूपेंद्र भायाणी के इस्तीफे के बाद खाली हुई थी। कांग्रेस उममीदवार के नितिन रणपरिया तीसरे नंबर पर रहे। भाजपा यहां 2007 से जीत नहीं दर्ज कर पाई है।पश्चिम बंगाल की कालीगंज सीट पर हुए उपचुनाव में तृणमूल कांग्रेस ने बड़ी जीत दर्ज की है। टीएमसी उम्मीदवार अलीफा अहमद ने 1,02,759 वोट हासिल कर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा के आशीष घोष को 50,049 वोटों से हरा दिया। भाजपा उम्मीदवार को 52,710 वोट मिले। वहीं, कांग्रेस के काबिल उद्दीन शेख को सिर्फ 28,348 वोट मिले और वह तीसरे स्थान पर रहे।

### एक तो ...

इजराइल ने कहा, ईरान द्वारा पिछले तीन दशकों से की जा रही आक्रामकता को नजरअंदाज करना पूरी तरह अस्वीकार्य है।सोनिया गांधी ने एक अंग्रेजी अखबार में लिखे लेख में इजराइल-ईरान युद्ध में ईरान का पक्ष लिया और मोदी सरकार को जिम्मेदार होने की सलाह दी (यह सलाह वे अपने बेटे को नहीं देतीं)। सोनिया ने अपने लेख में मोदी को यह भी नसीहत दी कि वे इजराइल के खिलाफ बुलंद आवाज में बोलने का साहस करें। ईरान मसले पर सोनिया ने भारत पर चुप रहने का आरोप लगाया और कहा कि ईरान भारत का मित्र रहा है जबकि इजराइल के साथ रणनीतिक संबंध हालिया हैं।सोनिया ने मोदी सरकार पर स्वतंत्र फिलिस्तीन की कल्पना करने वाले दो राष्ट्र सिद्धांत को समर्थन करने वाली विदेश नीति को त्यागने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि इजराइल ने ईरान की संप्रभुत्ता का उल्लंघन किया है और एकतरफा कार्रवाई कर रहा है। इजराइल के पीएम नेतन्याहू पर उन्होंने लगातार शांति भंग करने और आतंकवाद को बढ़ावा देने का आरोप भी लगाया। ईरान के पक्ष में बोलते हुए सोनिया ने कहा कि 1994 में ईरान ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग में कश्मीर मुद्दे पर प्रस्ताव रोकने में मदद की थी।जबकि असलियत यह है कि ईरान ने कश्मीर मुद्दे पर भारत के रुख पर हमेशा गोलमोल रवैया अपनाया है। कई बार उसने सोशल मीडिया के माध्यम से गलत बयानबाजी की है। उसने कश्मीर में आत्मनिर्णय के अधिकार का समर्थन किया है। इसके अलावा कई बार उसने भारत के मुस्लिम समुदाय का जिक्र करते हुए मोदी सरकार को कटघरे में खड़े किया। ईरान भारत का प्रतिबद्ध दोस्त कभी नहीं रहा। जबकि इजराइल लगातार पाकिस्तान के खिलाफ भारत का समर्थन देता आ रहा है चाहे वह सीमा पार आतंकवाद का मसला हो या पाकिस्तान में घुसकर बदला लेने की भारतीय कार्रवाई हो।भारत कभी चुप नहीं रहा। शांति के पक्ष में भारत सरकार हमेशा मुखर रही है। चाहे वह यूक्रेन-रूस जंग हो या इजराइल-ईरान युद्ध। भारत ने प्रत्येक फोरम पर शांति की बात की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साइप्रस दौरे के दौरान भी दोहराया कि इस शताब्दी में युद्ध से समस्या का हल नहीं निकाला जा सकता। हर समस्या का समाधान शांति से ही हो सकता है।

BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345



शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें।

# श्रीमद् भागवत कथा के संबंध में ध्यान फाउंडेशन की बैठक सम्पन्न

**हैदराबाद, 23 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** ध्यान फाउंडेशन हैदराबाद द्वारा आगामी 1-7 जुलाई तक एसएनसी कन्वेंशन में आयोजित की जाने वाली श्रीमद् भागवत कथा के संबंध में सेवकों एवं कार्यकर्ताओं की बैठक अत्तापुर स्थित एंबियंस फोर्ट के क्लब हाउस में सम्पन्न हुई जिसमें कथा को भव्यता प्रदान करने के लिए विचार विमर्श किया गया।

बैठक में बताया गया कि ध्यान फाउंडेशन हैदराबाद द्वारा अश्विनी गुरुजी की प्रेरणा से ध्यान फाउंडेशन गौशाला शमशाबाद तथा ध्यान फाउंडेशन श्याम बाबा नंदीशाला यादाद्रि के सहायतार्थ श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन आगामी 01 से 7 जुलाई, 2025 तक अत्तापुर पिलर नंबर 268 के पास स्थित एसएनसी कन्वेंशन सेंटर में अपराह्न 3:30 से सायं 7.00 बजे तक किया जाएगा। गोवत्स परम पूज्य राधाकृष्णजी महाराज अपनी ओजस्वी वाणी में भक्तों को कथा का रसपान कराएंगे।



उक्त सभा में कथा के आयोजन के संबंध में विस्तृत विचार विमर्श किया गया। साथ ही महाराजश्री द्वारा कथा के संदर्भ में बनाया गया वीडियो उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को सुनाया गया। यह वीडियो संबंधित ग्रुप्स में भेजने का सभी से आग्रह किया गया, ताकि ज़्यादा से ज़्यादा संख्या में भक्तों को इस ज्ञान यज्ञ में शामिल होने का अवसर मिले। भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में श्रीमद् भागवत कथा में पधारने का आग्रह किया गया।

सभा में आर के बंग, अनिल अग्रवाल, ओम प्रकाश अग्रवाल, महेंद्र डाकोतिया, दीपक विजयवर्गी (ध्यान फाउंडेशन), नितेश विजयवर्गी, महेंद्र खेतान, साकेत अग्रवाल, मनोज मित्तल, लोकनाथ मारू, प्रवीण नावंदर, सुरेश बंसल, नितिन अग्रवाल, प्रदीप सौंथलिया, अनिल विजयवर्गी, दीपक विजयवर्गी (एंबियन्स फोर्ट), शंकर अग्रवाल, आशीष विजयवर्गी, राजेश करवा, दिनेश डागा, दीपक गोयल, श्री-गोपाल डोडिया, चन्द्र मोहन अग्रवाल, सिद्धार्थ गिल्डा, विनय नावंदर, दीपक केरश्या, मीनाक्षी विजयवर्गी, सरिता विजयवर्गी उपस्तिथ थे ।




## रिलायंस फाउंडेशन ने बालकम्पेट येल्लम्मा मंदिर को एक करोड़ रुपए दान किए

**हैदराबाद, 23 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक-अध्यक्ष, परोपकारी और शिक्षाविद् नीता एम. अंबानी ने शहर के बालकम्पेट स्थित देवी रेणुका येल्लम्मा मंदिर को भक्तों के लिए 'नित्य अन्न दान योजना' के लिए एक करोड़ रुपए दान किए हैं।

रविवार को दान की पुष्टि करते हुए मंदिर के अधिकारियों ने कहा कि बालकम्पेट येल्लम्मा मंदिर की परम भक्त नीता अंबानी ने 13 जून को सीधे मंदिर के बैंक खाते में राशि ट्रांसफर कर दी है।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित



**हैदराबाद, 23 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जामबाग डिविजन के पार्षद राकेश जयसवाल के नेतृत्व में मोअज्जम मार्केट चौराह के पास बलिदान दिवस के अवसर पर भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस महत्वपूर्ण अवसर को चिह्नित करने के लिए जामबाग डिवीजन के हिंदी नगर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में एक पौधा लगाया गया। कार्यक्रम में बंगारू सुधीर, अमर सिंह, आधारी राज कुमार, अध्यक्ष, जामबाग मंडल,रघुनाथ, महेंदर, जय तिवारी, वेंकट रेड्डी, अरुण जगपथ, जनार्दन, सतीश हुंडिया, श्री किरण, नवीन, बलराज, बी. श्रीकांत, अज्जू, भानु प्रकाश और कई समर्पित भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।



राधे राधे ग्रुप द्वारा नियमित अन्नदान के अंतर्गत सोमवार को नामपल्ली स्थित पाब्लिक गार्डन, पिलर नं. ए1265 के समीप जरूरतमंद लोगों में अल्पाहार सेवा की गई। इस अवसर पर राधे राधे ग्रुप के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# पित्ती ट्रस्ट एवं अग्रवाल सेवा दल का 146 वां निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर सम्पन्न

**हैदराबाद, 23 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** बदरीविशाल पन्नालाल पित्ती ट्रस्ट एवं अग्रवाल सेवा दल द्वारा श्री राजस्थानी नव जागृति मंच अत्तापुर के सहयोग से 146वां निशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर रामबाग अत्तापुर स्थित श्री निकेतन हाई स्कूल में संपन्न हुआ। जिसका 413 से अधिक लोगों ने लाभ लिया।

अग्रवाल सेवा दल के अजीत गुप्ता द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, मेगा मेडिकल कैंप में किम्स सनशाइन हॉस्पिटल बेगमपेट, जनरल फिजिशियन, कार्डियलजी, हड्डी रोग, ईसीजी, 2डी इको, बीएमडी, बीपी जांच, आरबीएस की सेवा दी। जिसमें डॉ. शशिधर, डॉ. पूजिता, नर्सिंग स्टाफ शिवम्मा, आशीष, स्वप्ना श्री, गौतम (2डी इको), मोहन (बीएमडी),विपणन विभाग के सहायक प्रबंधक जगदीश कुमार गौड़ और जयंत ने सहयोग दिया। अवसर पर रेनबो अस्पताल के पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजी डॉ भव्या, डॉ.प्रियंका, इको तकनीशियन गणेश, स्टाफ नर्स माधवी, लोकन्या, मार्केटिंग मैनेजर-इरफान सिद्दीकी ने सेवा दी। एलसीएस साधुराम नेत्र अस्पताल दोमलगुडा द्वारा निशुल्क नेत्रों की जांच की गई। जिसमें 106 लोगों को चश्मे तथा 8 रोगियों को मोतियाबिन्द के ऑपरेशन हेतु व्यवस्था की गई।



शिविर में साधुराम नेत्र चिकित्सालय के ऑप्टोमेट्रिस्ट अजीत, भगवान, विजयलक्ष्मी, भास्कर, नरसिंह ने सहयोग दिया।

सामान्य चिकित्सक डॉ. अखिल्स क्लिनिक, डॉ.अखिल सुगंधी (रुमेटोलॉजी), डॉ. मीनल खिरैया सुगंधी (एमबीबीएस डिप्लोमा मधुमेह) एवं दंत की सेवा एसएनआर डेंटल डॉ. निखिल ने दी। श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति 2 रोगी को सेवा प्रदान की तथा 2 के डायलिसिस की व्यवस्था की गई। शिविर संयोजक एवं अग्रवाल सेवा दल के प्रदीप अग्रवाल, सुधीर गुप्ता, सुरेंद्र गोयल. विनय सी अग्रवाल, कैलाश केडिया, निखिल राणासरिया, स्थानीय भागीदार श्री राजस्थानी नवजागृति मंच अत्तापुर के अध्यक्ष सुरेश कुमार मोदी, मंत्री श्रीकांत पाराशर, कोषाध्यक्ष लक्ष्मीकान्त व्यास, संयोजक मनीष कुमार अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, गोविंद राज अग्रवाल, श्याम अग्रवाल, श्रीकांत मित्तल, सुनील कुमार भूत, उपाध्यक्ष श्रवण कुमार व्यास, प्रकाश भाटी, विजय कुमार गोलर प्रजापत, लोकेश पित्ती, महेश शर्मा, अँकुर बंसल, अरुण पाराशर, मूलचंद शर्मा, अशोक शर्मा, राजेश शर्मा, संजय गुप्ता, बाबूलाल जोशी, पन्ना लाल शर्मा, रामप्रसाद रिणवा, पवन कुमार नालपुरिया, दिनेश शर्मा, प्रेम कुमार तोषनीवाल, गणपत सिंह राज पुरोहित, राम अवतार गुप्ता, बद्री प्रसाद सरायवाला, नंदा अग्रवाल, कुसुम गुप्ता, ज्योति शर्मा, रीना अग्रवाल, अलका दाधीच, राम अग्रवाल, कुमार सरावगी, राजेश करवा. स्वयंसेवक जितेंद्र गोयल, सतीश गर्ग, सुनैना नरसरिया, रितु गर्ग, बबीता गर्ग, निर्मला केडिया, नवीन सौथलिया, प्रीति सोंथालिया. समाज सेवी, शंकर लाल यादव, घनश्याम यादव, अरुण डाकोति, पित्ती इंजीनियरिंग के सदस्य ने अपना सहयोग प्रदान किया। शिविर में कुल 413 लोगों ने लाभ लिया।

# अग्रवाल मानव सेवा मंच का 190वां स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

**हैदराबाद, 23 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल मानव सेवा मंच का 190वां स्वास्थ्य जांच शिविर सम्पन्न हुआ। इस स्वास्थ्य जांच शिविर के प्रयोजक वंदना शोपिंग मॉल (वनस्थलीपुरम) के तुलसी राम बंसल थे। और स्थानीय सहयोग-गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी गुरुद्वारा अकालसर साहिब और अग्रवाल समाज तेलंगाना वनस्थलीपुरम शाखा रहे। प्रचार-प्रसार संयोजक श्याम सुंदर अग्रवाल द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार उक्त 190वें स्वास्थ्य जांच शिविर के प्रारम्भ में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार संत सिंह और वंदना शोपिंग मॉल के तुलसी राम जी ने भारत माता, गुरु नानक देव जी और श्री अग्रसेन महाराज के छायाचित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर दीपक प्रज्जवलित किया । मंच के प्रधान संयोजक विनोद अग्रवाल, संयोजक विष्णु गुप्ता, प्रचार- प्रसार संयोजक श्याम सुंदर अग्रवाल, संयोजक उमाशंकर गोयनका सह संयोजक, जयप्रकाश अग्रवाल, डॉ आषीश तोदी, अजय गुप्ता, राजकुमार अग्रवाल, सुरेश गोयल, जीतेन्द्र गोयल और वनस्थलीपुरम शाखा अध्यक्ष विमल सराफ, विजय अग्रवाल, संजय धन्नावत, परमेश्वर गुप्ता, घनश्याम अग्रवाल और अन्य सदस्य, गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सचिव सरदार सुखपाल सिंह जी, कोषाध्यक्ष सरदार अवतार सिंह और प्रबंधक कमेटी के अन्य सदस्य, भारत विकास परिषद तेलंगाना के महासचिव श्री शिव रामाकृष्णा की उपस्थिति ने शिविर को सफल बनाया।



शिविर में केयर अस्पताल, मलकपेट हैदराबाद के डाक्टरों ने रक्तचाप, सुगर टेस्ट, ईसीजी, सामान्य रोगों से संबंधित रोगियों, हड्डी से संबंधित रोगियों, महिला संबंधित रोगियों, बच्चों संबंधित रोग के रोगीयों, हृदय रोग से संबंधीत रोगियों का निरीक्षण कर निदान किया। एलसीएच साधुराम आई हास्पिटल, दमलगुड्डा, हैदराबाद के नेत्र विशेषज्ञों ने नेत्र रोगियों का परिक्षण करके नेत्र संबंधित समस्याओं का निदान किया। 6 रोगीयो का मोतियाबिंद के लिए चिन्हित किया गया उनका निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन संधन परीक्षण के बाद एलसीएच साधुराम आई हास्पिटल दोमलगुडा, हैदराबाद में होगा। एशियन ईनटी केयर सेंटर बेगमपेट के डॉ. छावा अन्जनेयेलू के नेतृत्व में विशेषज्ञ के द्वारा नाक, गले और कान से ग्रस्त रोगियों को अपनी सेवा प्रदान की । श्री प्रियंका डेंटल क्लिनिक, बेगमपेट अबिड्स हैदराबाद के डॉ. आषीश तोदी ने दांतों के रोगियों को सेवा प्रदान की। ओम एक्युप्रेशर क्लिनिक हैदरगुड़ा, हैदराबाद के डॉ. ओमप्रकाश अग्रवाल ने रोगियों को प्राकृतिक विधि एकुप्रेशर से अपनी सेवा प्रदान करके लाभ प्रदान किया।

बाल गोविन्द राय हेल्थ केयर सेंटर, अत्तापूर, हैदराबाद के सरदार गोबिंद सिंह ने अपनी पूरी टीम के साथ प्राकृतिक विधि फिजियोथैरेपी और एक्युपचंर द्वारा रोगीयों को सेवा प्रदान की । नारायण सेवा संस्थान, कोठी द्वारा कृत्रिम अंग प्रदान करने हेतु पंजीकरण करने के लिए शिविर में भाग लिया। भारत विकास परिषद की टीम ने रोगियों का हेमोगलोबिन परिक्षण किया।

उक्त शिविर मे भवानी ग्रुप, इंदरबाग, कोठी, हैदराबाद की पूरी टीम ने निःशुल्क औषधियों का वितरण किया। इस भव्य स्वास्थ्य जांच शिविर में 207 स्थानीय लोगों ने सेवा का लाभ उठाया। शिविर में अकालसर गुरुद्वारा साहिब के पाल सिंह और अन्य सेवादारों ने सहराणीय सहयोग देकर शिविर के आयोजन को सफल बनाया । समापन में मंच के प्रचार-प्रसार संयोजक श्याम सुंदर अग्रवाल ने शिविर के सफल आयोजन के लिए जूडे सभी संबंधित पक्षों का धन्यवाद ज्ञापन किया।

# एनआईआईएमएच में त्रैमासिक हिंदी कार्यशाला का आयोजन

**हैदराबाद, 23 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राजभाषा कार्यान्वयन समिति के मार्गदर्शन और परिषद मुख्यालय के निर्देशानुसार, राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा संपदा संस्थान, हैदराबाद में सोमवार दि. 23 जून को त्रैमासिक हिंदी कार्यशाला का आयोजन संस्थान के सम्मेलन कक्ष में डॉ. गोलि पेंचल प्रसाद, प्रभारी सहायक निदेशक के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यशाला की संरचना और क्रियान्वयन में डॉ. अशफाक अहमद, अनुसंधान अधिकारी (यूनानी) एवं हिंदी प्रभारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।




कार्यशाला के प्रथम सत्र का शुभारंभ डॉ. गोलि पेंचल प्रसाद द्वारा वक्ताओं तथा प्रतिभागियों के स्वागत भाषण से हुआ। इस अवसर पर डॉ. अशफाक अहमद ने हिंदी में मौलिक पुस्तक लेखन हेतु राजभाषा गौरव पुरस्कार योजना विषय पर विस्तृत और प्रेरणादायक व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हिंदी में मौलिक लेखन हेतु प्रोत्साहित करते हुए पुस्तक लेखन की प्रक्रिया, मानदंडों एवं राजभाषा विभाग की प्रोत्साहन योजनाओं की जानकारी साझा की।द्वितीय सत्र में डॉ. संतोष माने, अनुसंधान अधिकारी (आयुर्वेद), ने प्रेस विज्ञप्ति अथवा समाचार विज्ञप्ति तैयार करने की विधि विषय पर गहन प्रस्तुति दी। उन्होंने हिंदी में प्रभावी पत्रकारिता लेखन, तकनीकी रिपोर्ट लेखन तथा दैनिक कार्य में हिंदी के सहज प्रयोग पर सारगर्भित सुझाव प्रदान किए।कार्यशाला में संस्थान के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने दोनों सत्रों के व्याख्यानों को गंभीरतापूर्वक सुना और वक्ताओं से विषयवस्तु से संबंधित ज्ञानवर्धक जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के अंत में हिंदी सहायिका द्वारा प्रतिभागियों के प्रति आभार प्रकट किया गया। प्रभारी सहायक निदेशक की अनुमति से राष्ट्रगान के साथ कार्यशाला का समापन हुआ।

# अंतरराज्यीय ध्यान भटकाने वाले गिरोह का पर्दाफाश

## 40 लाख की नकदी बरामद

**हैदराबाद, 23 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अफजलगंज पुलिस थाने के गुप्तचरों ने अंतरराज्यीय ध्यान भटकाने वाले गिरोह के सरगना जया कुमार (मानवी, कर्नाटक राज्य) को अपराध सं. 177/2025, धारा 318(4), 303(2) के तहत गिरफ्तार किया और नकद 40,00,000/- एवं एक हुंडई क्रेटा कार जब्त की।





पुलिस ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि गिरोह के सरगना जया कुमार और उसके दो साथी उदय उर्फ रेड्डी (फरार) और संदीप उर्फ रघु के साथ मिलकर पीड़ितों को आधे दाम पर असली सोना दिलाने के नाम पर लालच देकर उनका ध्यान भटकाने और अपराध करने के लिए एक अंतरराज्यीय गिरोह बनाया था। 12.05.2025 को मुनुकुंतला निरंजन, पुत्र एम. अंजैया, उम्र 46 वर्ष, व्यवसाय: रियल एस्टेट व्यवसायी, निवासी भारत नगर कॉलोनी, चौटुप्पल, यदाद्री भुवनागिरी से एक शिकायत प्राप्त हुई। जिसमें कहा गया कि 20.03.2025 को एक अज्ञात नंबर से फोन आया, जिसमें एक व्यक्ति ने अपना परिचय दिया और कहा कि सोना आधे दाम पर बिक्री के लिए उपलब्ध है। नियमित फोन कॉल पर, वह अपने साथी सह दोस्त धर्मेंद्र के साथ पेड्डा अंबरपेट में उक्त व्यक्ति रेड्डी और उसके सहयोगी रघु से भी मिले और सोना खरीद का सौदा तय किया। तदनुसार, 12.05.2025 को सुबह 10 बजे उक्त व्यक्तियों ने शिकायतकर्ता को नकदी के साथ दिलसुखनगर आने के लिए कहा। उक्त व्यक्तियों के निर्देश पर, शिकायतकर्ता और उनके दोस्त धर्मेंद्र एक बैग में 65 लाख रुपये नकदी के साथ अपनी कार से चदरघाट आए। फिर वे उन्हें 14:30 बजे पुतलीबौली एक्स रोड, अफजलगंज ले गए। वहां वे ईरानी चाय के सामने ऑटो स्टैंड के पास रघु से मिले, पुतलीबौली में और वहां उन्होंने 65 लाख रुपये नकद और सोने का नकली बैग वाले बैग बदल लिए। तुरंत रघु अपने दो साथियों के साथ बिना नंबर प्लेट की दो बाइकों पर सवार होकर मौके से निकल गया। जब शिकायतकर्ता ने बैग की जांच की, तो यह देखकर चौंक गया कि बैग में सोने की जगह पत्थरों से लिपटी साड़ियाँ थीं। तुरंत उन्होंने रेड्डी के फोन नंबर पर कॉल किया, लेकिन वह बंद था और उन्हें पता चला कि उनके साथ धोखाधड़ी हुई है। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में एक विशेष टीम का गठन किया गया और प्रयास शुरू किए क्योंकि इस मामले में अपराधियों का कोई सुराग या पहचान नहीं थी। टीमों ने तकनीकी, सीसीटीवी फुटेज के साथ-साथ क्षेत्रीय पूछताछ के माध्यम से अज्ञात अपराधियों के सुराग एकत्र किए। दि. 22.06.2025 को लगभग 10:30 बजे, मुख्य गिरोह के नेता जया कुमार को सीबीएस के पास से गिरफ्तार कर लिया गया और शिकायत की ठगी की गई राशि के 40 लाख रुपये की शुद्ध नकदी और एक हुंडई क्रेटा कार भी जब्त की गई। जिसका इस्तेमाल अपराध को अंजाम देने में किया गया था। इस मामले में गिरोह के अन्य फरार सदस्यों को पकड़ने के प्रयास जारी हैं। इस मामले का पता डॉ. बी. बाला स्वामी, आईपीएस, डीसीपी, पूर्वी जोन, जे. नरसैया, एडीसीपी, पूर्वी जोन, एम. मटियाह, एसीपी सुल्तान बाजार डिविजन की करीबी निगरानी में चला और पीएस अफजलगंज यानी एन रवि, एसए-चओ, बी. रवि किरण, डिटेक्टिव पुलिस निरीक्षक, डीएसआई पी. राम किशन, क्राइम स्टाफ: एचसी मोहम्मद यासीन शरीफ, श्रीकांत बिडला, पीसी जे.जितेंद्र, मोहम्मद सुलेमान, जी श्रीकांत और विशाल कुमार की टीम द्वारा गिरफ्तारी की गई। उपरोक्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा किए गए अच्छे कार्य की सराहना की गई तथा उन्हें उचित पुरस्कार दिया जाएगा।

# राष्ट्रीय बौद्धिक दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान ने मनाया योग दिवस

## सांस्कृतिक कार्यक्रम और कवि सम्मेलन आयोजित




**हैदराबाद, 23 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राष्ट्रीय बौद्धिक दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान, सिकंदराबाद (तेलंगाना) के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में नगर से 45 किलो मीटर दूर स्थित कान्हा शांति वनम हैदराबाद जो 2 हज़ार एकड़ भूमि क्षेत्र में फैला हुआ है जिसमें 4 एकड़ भूमि पर भव्य रूप से निर्मित क्षेत्र के एक भव्य हॉल में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री, भारत सरकार माननीय श्री डी. आर. वीरेंद्र कुमार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हर साल 21 जून को दुनियाभर के लोग अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाते हैं। योग करने से व्यक्ति में एक नयी शक्ति का संचार होता है, जो आपके हर बॉडी पार्ट को हेल्दी रखने का काम करता है। इसके साथ ही ये आपके शरीर के 7 चक्रों को भी प्रभावित करता है। उन्होंने आगे कहा कि दिव्यांगता, जिसे विकलांगता भी कहा जाता है। शरीर के किसी अंग का सामान्य रूप से काम न करना है। यह एक ऐसी स्थिति है जिसमें व्यक्ति की शारीरिक या मानसिक क्षमताएँ सीमित हो जाती हैं, जिससे उसे दैनिक जीवन की गतिविधियों को करने में कठिनाई होती है। दिव्यांगता कई प्रकार की हो सकती है, जैसे शारीरिक, मानसिक, संवेदी और बौद्धिक। प्रात:काल में दिव्यांगजनों द्वारा मंत्री जी के सम्मुख योग प्रदर्शन कार्यक्रम संपन्न हुए। इस कार्यक्रम का मुख्य उद् देश्य था एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग। विशेष रूप से बौद्धिक विकलांग व्यक्तयों के सशक्तिकरण के लिए तर्कसंगत संस्थान द्वारा समन्वित (दिव्यांगजन) इस कार्यक्रम में अनेक विद्वानों ने अपने विचार-ोत्तेजक विचार प्रस्तुत कर दिव्यांगजनों का हौसल और हिम्मत बढ़ायी। नगरद्वय के कवियों की 44 वर्षीय सक्रिय और लोकप्रिय संस्था गीत चाँदनी के सहयोग से सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच कवियों ने अपनी कविताओं का पाठ कर श्रोताओं को ख़ूब आनंदित किया। गीत चाँदनी के अध्यक्ष व गीतकार श्री चंपालाल बैद, संस्था के कार्यदर्शी व कवि गोविंद अक्षय और दिव्यांगना कवयित्री डॉ. दुर्गेश नंदिनी आदि ने अपने कविताओं का पाठ कर श्रोत-ाओं से ख़ूब वाहवाही लूटी। इस कार्यक्रम में संपूर्ण देश के दिव्यांगजन और उनके पारिवारिक सदस्यगणों ने हज़ारों की संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और कार्यक्रम को गौरवान्वित किया। देश के 14 राज्यों के दिव्यांग कलाकारों ने बेहतरीन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों को प्रस्तुत कर श्रोताओं का मन मोह लिया।

# प्रदूषण-मुक्त विवाह महोत्सव का आयोजन




**हैदराबाद, 23 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** कवि संतोष कुमार मिश्र माधुर्य के सुपुत्र का प्रदूषण-मुक्त शुभ विवाह नामपल्ली स्थित हिंदी प्रचार सभा हैदराबाद के सभागृह में रविवार, 22 जून, 2025 को संपन्न हुआ।

गीत चाँदनी और संबद्ध संस्थाओं के कविगण, लेखक, हिंदी प्रेमी, शुभचिंतक, इष्ट मित्र और बड़ी संख्या में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी गौरवमयी उपस्थिति से इस प्रदूषण-मुक्त विवाह महोत्सव की मुक्तकंठ से प्रशंसा की और इसे गौरवान्वित किया। इस प्रदूषण-मुक्त विवाह महोत्सव में कवियों ने वर-वधू विजय नारायण मिश्र (सोनू) और कोमल मिश्रा को अपनी काव्यमय कविताओं से हार्दिक बधाई, शुभकामनाएँ और आशीर्वाद प्रदान किया।

कविता पाठ करने वाले कवियों में सर्वश्री संत कुमार मंडल जागृति, शिव कुमार तिवारी कोहिरी, गोविंद अक्षय, खलीश हैदराबादी, संतोष कुमार मिश्र माधुर्य आदि के नाम सम्मिलित हैं। कवयित्री रत्नकला मिश्रा, डॉ. प्रेमलता श्रीवास्तव, सत्यनारायण काकड़ा, दीपक चिंडालिया वाल्मीकि, डी. प्रेमराज, ठाकुर दिनेश सिंह, विश्वनाथ पेंढारकर, अनिल कुमार गुप्ता ने भी नये दूल्हे और नयी दुल्हन को अपना आशीर्वाद, बधाई और शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर समाज सेवा में अग्रणी निर्दोष समाज सेवी संस्था के अध्यक्ष डॉ. रामकुमार तिवारी, कवि पंडित अनुज कुमार तिवारी, श्रीमती उषा मिश्रा, आरती मिश्रा, अनिता मिश्रा, अखिलेश मिश्रा आदि ने अपनी उपस्थिति से इस विवाह महोत्सव का गौरव बढ़ाया।

# विश्व जागृति मिशन का गुरु पूर्णीमा महोत्सव 29 को



**हैदराबाद, 23 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** विश्व जागृति मिशन हैदराबाद मंडल के तत्वावधान में विश्व विख्यात संत परमपूज्य सद्गुरुदेव श्रध्देय श्री सुधांशुजी महाराज द्वारा संस्थापित अमृतधाम आश्रम, मंचिरेउला ग्राम, गंडीपेट रोड, नारसिंगी हैदराबाद में गुरु पूर्णीमा महोत्सव आगामी रविवार दि. 29 जुन 2025 को सुबह 10:31 से दोपहर 2.00 बजे तक हर्षोल्लास और श्रध्दापुर्वक मनाया जायेगा ।प्रेस को जारी विज्ञप्ति के अनुसार विश्व जागृति मिशन हैदराबाद मंडल के सत्संग व मीडिया प्रभारी राजकुमार दायमा नें बताया कि वैसे तो सभी जानते हैं इस वर्ष गुरु पुर्णीमा 10 जुलाई को है, लेकिन यह पर्व गुरु और शिष्य के रिश्ते को और अधिक प्रगाढ बनाता है, इस पुनीत पावन शुभ अवसर पर शिष्यों को गुरुदेव से आशीर्वाद प्राप्त करनें का सुनहरा अवसर प्राप्त होता है । इस दिन शिष्य अपने सद्गुरु के पास आध्यात्मिक क्षेत्र में उन्नति प्राप्त करने का आशीर्वाद प्राप्त करता है । गुरु -पूर्णीमा-महोत्सव संपूर्ण वर्ष का लेखा-जोखा गुरु के प्रति श्रध्दा, समर्पण, कर्तव्य, निष्ठा और श्रध्दा का परिचय प्रदान करने तथा गुरुवर से भक्ति-शक्ति को रीनीवल कर सुपथ मार्ग को सरल सहज करनें के लिए महोत्सव को मनाया जाता है ।हम सब के लिए यह परम सौभाग्य का अवसर है की गुरू-पूर्णीमा-महोत्सव के इस पावन पवित्र शुभ अवसर पर परम श्रध्देय महाराज श्री एवं ध्यान गुरू डॉ. अर्चिका दीदी के पावन सान्निध्य में मुख्य कार्यक्रम नई दिल्ली में शक्ति टेंट गोल्डन डेकोर निकट जापानी पार्क रोहीणी सेक्टर 12 में विशेष गुरु -पूर्णीमा सत्र का शुभारंभ ऑनलाइन और ऑफलाइन होने जा रहा है जिसका विवरण 7 जुलाई को सायंकाल विशेष सत्संग रहेगा और 8 और 9 जुलाई को गुरु मंत्र सिध्दि साधना और 9 जुलाई को दिव्य शक्तिपात क्रिया कराई जायेगी और 10 जुलाई को मुख्य गुरू-पूर्णीमा-महोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण महोत्सव में हैदराबाद मंडल से भी सैकडो गुरूभाई और गुरूबहनें सम्मिलित होने नई दिल्ली जा रहे है । इसी श्रृंखला में विश्व जागृति मिशन हैदराबाद मंडल परीवार 29 जुन रविवार को मंचिरेउला ग्राम नारसिंगी स्थित अमृतधाम आश्रम के विशाल प्रांगण में गुरु-पुर्णीमा-महोत्सव सुबह ठीक 10:31 बजे से दोपहर ठीक 2 बजे तक मनाया जाएगा। जिसमें सुबह 10:31 को गुरु पूजन और चरण पादुका पूजन होगा। तत्पश्चात गुरु चरण पादुका स्तोत्र का सामूहिक पठन होगा । भजन-संकीर्तन , वीडिओ सत्संग का कार्यक्रम 11:30 से रहेगा । दोपहर 12:30 बजे पूज्य महाराज श्री का पावन संदेश आशीर्वचन आशीर्वाद रूप में नई दिल्ली से फोन द्वारा लिया जाएगा । तत्-पश्चात 12:45 को गुरु वंदना और गुरु आरती की जाएगी । दोपहर ठीक 1.00 बजे से भंडारा-महाप्रसाद का आयोजन किया जाएगा ।समस्त गुरु भाई और गुरु बहनों से व समस्त सत्संग धर्म प्रेमी, गुरु प्रेमी सज्जनों को मिशन के राष्ट्रीय प्रधान प्रेमसिंह राठौर और हैदराबाद मंडल के महामंत्री अशोक कुमार अग्रवाल नें सविनय निवेदन किया है कि वह इस महत्वपूर्ण महोत्सव में ज्यादा से ज्यादा संख्या में सहपरीवार व ईष्ट मित्रों सहित समयानुसार सम्मिलित होकर गुरु -पूर्णीमा-महोत्सव का लाभ उठाकर जीवन सफल बनाए और गुरुवर जी के प्रति अपना समर्पण सहयोग सुनिश्चित कर सुपथ मार्ग पर चलकर पूण्य अर्जित कर जीवन सफल बनाए ।

# 48 घंटे में 35.45 लाख की ट्रेन चोरी का पर्दाफाश

## आरोपी पकड़ा गया, सामान बरामद

**हैदराबाद, 23 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) और स्थानीय अपराध शाखा (एलसीबी) ने एक तेज और कुशल कार्रवाई में, हीरे और सोने के आभूषणों के साथ-साथ कुल 35.45 लाख की चोरी के मामले को 48 घंटे के भीतर सुलझा लिया।

यह घटना इंदौर-दौंड एक्सप्रेस में हुई, जहाँ एक वरिष्ठ नागरिक और इंदौर निवासी ने 20 जून 2025 को सुबह जल्दी उठने पर पाया कि उसका हैंडबैग गायब है। बैग में हीरे का कंगन, हीरे का हार, अंगूठियाँ, सोने की घड़ी, सोने की चेन और 50,000 नकद सहित कुल 40 लाख के कीमती गहने थे। 73 वर्षीय वृद्ध महिला अपने पति के साथ इंदौर से लोनावला जा रही थी। वे लोनावला में एक धार्मिक भागवत समारोह में भाग लेने जा रहे थे। रात को दोनों बुजुर्ग दंपत्ति खाना खाकर सो गए। महिला हमेशा हैंडबैग को बगल में रखती थी। उसी स्थिति में वह सो भी गई। सुबह जब ट्रेन करीब साढ़े सात बजे लोनावला पहुंचने वाली थी, तब उसकी नींद खुली। उसने तुरंत भारतीय रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 पर फोन किया। वह और उसका पति परेशान होकर रोने लगे। जीआरपी लोनावला में एफआईआर दर्ज कराई गई है। जीआरपी, आरपीएफ और रेलवे अधिकारियों ने अलग-अलग टीमें बनाकर अलग-अलग स्टेशनों पर भेजीं, जहां ट्रेन रुकी। ट्रेन का रूट इंदौर, देवास, उज्जैन, नागदा, खा-चरोद, रतलाम, मेघनगर, दाहोद, गोधरा, वडोदरा, सूरत, वसई रोड, भिवंडी रोड, कल्याण, कर्जत, लोनावला, चिंचवाड़, पुणे और दौंड से होकर गुजरता है। स्टेशन के सभी सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए हैं। पता चलाकि एक व्यक्ति कल्याण में ट्रेन से उतरा और समय पर स्टेशन से बाहर नहीं आया।

आगे उसे ट्रैक किया गया। एक संभावित स्थान पर वह बहुत सतर्क था और पुलिस और कैमरों से बचने की कोशिश कर रहा था। आगे की जांच में पता चला कि वह आदतन चोर था और पिछले 15 दिनों से जमानत पर था। पुलिस ने उसके ठिकानों पर छापा मारा और सभी कीमती सामान बरामद किए। इस सुराग के आधार पर, जांचकर्ताओं की एक टीम ने आरोपी महेश अरुण घाग उर्फ विक्की का पता लगाया, जो मुंबई के चेंबूर का रहने वाला है। चोरी की गई पूरी संपत्ति को सफलतापूर्वक बरामद कर परिवार को सौंप दिया गया है। यह मामला भारतीय रेलवे और महाराष्ट्र राज्य पुलिस की यात्री सुरक्षा और त्वरित आपराधिक प्रतिक्रिया के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है।




घांसी बाजार मंडल में श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया। अवसर पर नितेश कुमार अग्रवाल डिवीज़न अध्यक्ष ने कार्यक्रम में ध्वजारोहान किया ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रमेश अग्रवाल, मेघा रानी अग्रवाल, पवन मिश्रा, आकाश अग्रवाल, नरेश अवस्थी, मुकेश कुमार, विवेक संघी संगीता, बरखा वर्मा,चंदना जैन मनीष शर्मा, पीयूष शर्मा,संजू सेन, किशन लाल, अधीर सिंह, जय प्रकाश अग्रवाल , सुनील विजयवर्गी, विकास गुप्ता, विकास गाड़िया, गोवर्धन लाल, वैभव शर्मा, उमेश कुमार अग्रवाल, लक्ष्मीकांत पांडे और अन्य उपस्थित थे।





सनतनगर में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया तथा पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर दयानंद, चंद्रशेखर, माधवी, डिवीजन अध्यक्ष नरेश डिवीजन जनरल सेक्रेटरी सुधाकर, सत्यनारायण तथा क्रांति सीनू, सुमन, शैफरोन डायरेक्टर सपना गुप्ता अन्य उपस्थित थे।

## बिजली के तारों की रुकावट के कारण हरिता हरम के पेड़ काटे गए

**मंचेरियाल , 23 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।**बिजली विभाग के अधिकारी हरीथा हराम (हरित तेलंगाना) के लक्ष्य को धता बता रहे है वे बिजली के तारों में बाधा बन रहे हरे पेड़ों को अंधाधुंध काट रहे है वे बिजली के तारों को छूने वाली शाखाओं को ही नही बल्कि पूरी शाखाओं को काटकर स्टंप में बदल रहे हैं पिछली बीआरएस सरकार ने गांवों को हरा-भरा बनाने के उद्देश्य से तेलंगाना के लिए हरीथा हराम कार्यक्रम शुरू किया था।

## सर्राफ़ा बाज़ार



(24 कैरेट गोल्ड)

सोना : 1,02,580/- (प्रति 10 ग्राम)

चाँदी : 1,10,595/- (प्रति किलोग्राम)

## शेयर मार्केट



बीएसई : 81,896.79 -511.38 -0.62% ↓

एनएसई :24,971.90 -140.50 (-0.56%) ↓

DAILY शुभ लाभ Classifieds FIND BUY SELL

**CHANGE OF NAME**
I, Army No- 15420448F, Rank -NK/DVR, Name - LALASABALI KALADAGI, residing at Vill & PO- Gaddankeri, Teh & Dist- Bagalkot, State- Karnataka, PIN-587102. I have to change my Son name from SHAYAAN ALI KALADAGI to SHAYAAN ALI LALASABALI KALADAGI for all purpose vide affidavit dated: 21/06/2025.

**CHANGE OF NAME**
I, Army No- 15420448F, Rank -NK/DVR, Name - LALASABALI KALADAGI, residing at Vill & PO- Gaddankeri, Teh & Dist- Bagalkot, State- Karnataka, PIN-587102. I have to change my Mother name from - FATIMA to PATIMA KALADAGI for all purpose vide affidavit dated: 21/05/2025.

**CHANGE OF NAME**
I, KHUSHBOO DEVI is legally wedded spouse of No 15220695L, Rank- NK, Name- SILIP KUMAR YADAV, Residing at Vill - Khiradih, PO-Dumaria Buzurg, Teh- Gogri, Dist: Khagaria, Bihar, PIN-851216. I have to change my Name KHUSHBOO KUMARI to KHUSHBOO DEVI for all purpose vide affidavit dated: 21/05/2025.

**CHANGE OF NAME**
I, Service No. JC 313565H Sub APPALANAIDU TIRLANGI, R/o.Vill:Peerusaheb Peta, PO:Dusi, Teh:Amadavalasa, Dist:Srikakulam, Andhra Pradesh-532484 hereby declare that my daughter name is to be changed from SIRISHA to TIRLANGI SIRISHA vide affidavit dt:23-6-2025 before G.Shobha, Advocate and Notary, Brahmanwadi, Begumpet, Hyderabad.

**CHANGE OF NAME**
I, Service No. JC 313565H Sub APPALANAIDU TIRLANGI, R/o.Vill:Peerusaheb Peta, PO:Dusi, Teh:Amadavalasa, Dist:Srikakulam, Andhra Pradesh-532484 hereby declare that my son name is to be changed from AKHIL to TIRLANGI AKHIL vide affidavit dt:23-6-2025 before G.Shobha, Advocate and Notary, Brahmanwadi, Begumpet, Hyderabad.

**CHANGE OF NAME**
I, T AMMAJI spouse of Service No. JC 313565H Sub APPALANAIDU TIRLANGI, R/o.Vill:PeerusahebPeta, PO:Dusi, Teh:Amadavalasa, Dist:Srikakulam, Andhra Pradesh-532484 have changed my name from T AMMAJI to TIRLANGI AMAJI vide affidavit dt:23-6-2025 before G.Shobha, Advocate and Notary, Brahmanwadi, Begumpet, Hyderabad.

**CHANGE OF NAME**
I, SUBHADRA REDDY Spouse of Service No. IC 18674A Colonel (Retd) TEKULAPALLI NARASIMHA REDDY, R/o. 2-25-51/51, Flat No.51, Sector A, AWHO Colony, Near Bowenpally Market Yard, Gunrock, Sikh Village, Secunderabad-500009, Telangana have changed my name from SUBHADRA REDDY to TEKULAPALLI SUBHADRA REDDY vide affidavit dt:23-6-2025 before CVN Ramakrishna, Advocate and Notary, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME**
I, Service No. IC 18674A Colonel (Retd) TEKUZAPALLI NARASIMHA REDDY, R/o.Flat No.51, Sector A, AWHO Colony, Near Bowenpally Market Yard, Gunrock, Sikh Village, Secunderabad-500009, Telangana have changed my name from TEKUZAPALLI NARASIMHA REDDY to TEKULAPALLI NARASIMHA REDDY vide affidavit:23-6-2025 before CVN Ramakrishna, Advocate and Notary, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME & DOB**
मैं, पोट्टेपोगु हनुमानथु, मेरा पुत्र आर्मी नंबर 15795753एन हवलदार पोट्टेपोगु काशयया, निवासी 10-66, मुंडलापाडु, वेंकटपुरम, क्रिस्टमसेट्टीपल्ले, प्रकाशम जिला, आंध्र प्रदेश-523357. मेरे पुत्र के रिकॉर्ड में मेरा नाम हनुमंथु है और जन्मतिथि 01-07-1961 है जो गलत है। मेरा सही नाम पोट्टेपोगु हनुमांथु और सही जन्मतिथि 01-01- 1951 है। एफिडेविट न. 42AA 383411 दि:18-6-2025. है।

**CHANGE OF NAME & DOB**
मैं, मरियम्मा पोट्टेपोगु, मेरा पुत्र आर्मी नंबर 15795753एन हवलदार पोट्टेपोगु काशयया, निवासी 10-66, मुंडलापाडु, वेंकटपुरम, क्रिस्टमसेट्टीपल्ले, प्रकाशम जिला, आंध्र प्रदेश-523357. मेरे पुत्र के रिकॉर्ड में मेरा नाम पी मरियम्मा है और जन्मतिथि 01-07-1968 है जो गलत है। मेरा सही नाम मरियम्मा पोट्टेपोगु और सही जन्मतिथि 01-01-1966 है। एफिडेविट न. 42AA 383412 दि:18-6-2025. है ।

# प्रजावाणी आवेदन की फील्ड स्तर पर जांच कर शीघ्र निराकरण किया जाए : वेंकटेश

कुमरमभीम आसिफाबाद, 23 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)। जिला कलेक्टर वेंकटेश दोत्रे ने कहा कि प्रजावाणी कार्यक्रम में प्राप्त आवेदनों की फील्ड स्तर पर जांच कर शीघ्र निराकरण करने के लिए कदम उठाए जाएं। सोमवार को जिला केंद्र में एकीकृत जिला कलेक्टरेट भवन कॉन्फ्रेंस हॉल में अतिरिक्त जिला कलेक्टर दीपक तिवारी, एम. डेविड और आसिफाबाद राजस्व मंडल अधिकारी लोकेश्वर राव ने आवेदकों से आवेदन प्राप्त किए। काकज नगर नगर पालिका के अंबिकी ने अपनी पेंशन बहाल करने की मांग करते हुए एक आवेदन प्रस्तुत किया, जिसमें कहा गया कि उन्हें 4 साल से पेंशन नहीं मिल रही है। पेंचिकलपेट मंडल के चेडवई गांव के बोड़े बावजी ने जमीन की बहाली की मांग करते हुए एक



आवेदन प्रस्तुत किया, जिसमें कहा गया कि हालांकि उन्होंने अपने बेटे और पोते को महीनों पहले पट्टा दिया था, लेकिन वे उनके रखरखाव का ध्यान नहीं रख रहे हैं। आसिफाबाद शहर के शिवकेशव मंदिर क्षेत्र की वैरागडे लक्ष्मी ने अपनी 2 एकड़ कृषि भूमि के लिए किसान आश्वासन की मांग करते हुए एक आवेदन प्रस्तुत किया है। पेंचिकलपेट मंडल के एलुरु गांव के कोप्पुला रोहित ने अपने गांव में मी-सेवा केंद्र की स्थापना और रोजगार का प्रावधान करने की मांग करते हुए एक आवेदन प्रस्तुत किया है। बेज्जुर मंडल के मुंजमपल्ली गांव की निकोडे लक्ष्मीबाई ने गांव के बाहरी इलाके में अपनी जमीन के लिए मालिकाना हक जारी करने की मांग करते हुए एक आवेदन प्रस्तुत किया है। रेबेना मंडल के नंबाला गांव की अंगला संबय्या ने पुलिकुंटा गांव के बाहरी इलाके में अपनी जमीन को निषिद्ध सूची से हटाने की मांग करते हुए एक आवेदन प्रस्तुत किया है। आसिफाबाद मंडल के गोविंदपुर के ग्रामीणों ने उन्हें आवंटित इंदिराम्मा घरों के लिए बंदोबस्ती विभाग द्वारा किए गए निर्माण कार्य के लिए उचित कार्रवाई करने और न्याय दिलाने की मांग करते हुए एक आवेदन प्रस्तुत किया है। रेबेना मंडल के गंगापुर गांव की दुर्गम रुकुंबाई ने एक आवेदन प्रस्तुत कर अनुरोध किया कि उसके बेटे ने उसके पति के नाम की जमीन का हक उसके नाम पर कर दिया है और अब वह उसका भरण-पोषण नहीं कर रहा है, इस मामले में कार्रवाई की जाए।

इस अवसर पर बोलते हुए जिला कलेक्टर ने कहा कि प्रजावाणी कार्यक्रम के दौरान प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समन्वय करके शीघ्र हल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आवेदनों को लंबित नहीं रखा जाना चाहिए और आवेदनों के समाधान का विवरण संबंधित आवेदकों को बताया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिले में वनमहोत्सवम कार्यक्रम के तहत संबंधित विभागों को आवंटित लक्ष्यों को 100 प्रतिशत पूरा किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिले में 51 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है और चूंकि वर्तमान में बारिश हो रही है, इसलिए रोपण के लिए उपयुक्त समय देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों और वन विभागों से पौधे लेने और जहां भी आवश्यक हो, सरकारी कार्यालयों के परिसर में और खाली जगहों पर पौधे लगाने और उनकी सुरक्षा करने के लिए कदम उठाए जाने चाहिए। इस कार्यक्रम में संबंधित अधिकारियों और आवेदकों ने भाग लिया।

# नशा मुक्त जिला बनाने के लिए लोगों और युवाओं को सहयोग करना चाहिए : एसपी कांतिलाल



कुमरमभीम/आसिफाबाद , 23 जून(शुभ लाभ ब्यूरो)। आज से प्रत्येक सोमवार और गुरुवार को जिले भर के प्रत्येक थाना क्षेत्र में स्कूली और कॉलेज के छात्रों और प्रत्येक थाना क्षेत्र की दो ग्राम पंचायतों में नशाखोरी के बारे में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। नशे को जड़ से खत्म करना हम सबकी जिम्मेदारी है।युवा और लोगों को नशे की लत में नहीं पड़ना चाहिए और अपना जीवन बर्बाद नहीं करना चाहिए।एसपी कांतिलाल पाटिल आईपीएस ने कहा कि लोगों को कोमुराम भीम आसिफाबाद जिले को नशा मुक्त जिला बनाने के लिए युवा पुलिस विभाग और अन्य विभागों का सहयोग करना चाहिए। जिला पुलिस कार्यालय से आज एक बयान जारी कर इस बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि युवाओं को मारिजुआना जैसे नशे की लत में नहीं पड़ना चाहिए और अपना उज्ज्वल भविष्य बर्बाद नहीं करना चाहिए, क्योंकि नशे का न केवल व्यक्ति पर बल्कि परिवार, समाज और देश पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। एसपी ने बताया कि संबंधित थानों में उपनिरीक्षक, सर्किल में सर्किल इंस्पेक्टर, जिला कला जत्था और जिला महिला टीमें जिले भर में स्कूलों और कॉलेजों में विद्यार्थियों और ग्राम पंचायतों में लोगों पर नशे के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूकता कार्यक्रम चला रही हैं। आसिफाबाद मंडल में आज आयोजित हुए कार्यक्रम..1. आसिफाबाद - कोसरा एमपीपीएस स्कूल

2. वानकिडी - प्राथमिक विद्यालय गोयगांव
3. केरामेरी - एमपीपी स्कूल लकमापुर
4. जैनूर - एमपीपी स्कूल अड्डासरा,
5. सिरपुर यू- एमपीपी एस नट्टर बी
6. लिंगापुर- नझवड़ लिंगापुर
7. रेबेना - एमपीपीएस रल्लापेट
8. तिरयानी आश्रम स्कूल

आज कागजनगर मंडल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित1. कागजनगर टाउन - विवेकानन्द जूनियर कॉलेज कागजनगर

2. कागजनगर ग्रामीण - जेडपीएचएस चिंतागुडा
3. इसगाँव - प्राथमिक विद्यालय
4. दहेगाम नझवड़ स्कूल
5. पेंचिकलपेट जेडपीएचएस स्कूल चेडवई
6. कौताला - एमपीपीएस बालेपल्ली, टाटीनगर
7. सिरपुर टी - एमपीपी एस भूपालपट्टनम, लक्ष्मीपुर
8. चिंताला मानेपल्ली - एमपीपी एस करजल्ली
9. बेजूर - एमपीपी एस लम्बाडीगुडा

उपर्युक्त विद्यालयों या महाविद्यालयों में छात्रों को नशीली दवाओं के सेवन से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूकता कार्यक्रम एसआई और सीआई द्वारा आयोजित किए गए। एसपी ने कहा कि अगर कोई बुरी आदतों या नशे का आदी है, तो उसे तुरंत 1908 या 8712670551 पर संपर्क करना चाहिए।

# किनवट में फ्लैग मार्च आयोजित

किनवट, 23 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)। मराठवाडा विभाग में सब से अधिक जंगल क्षेत्र किनवट में है वन्य जीवोकी तस्करी,सागौन की तस्करी, अवैध लकडी कटाई पर रोक लगाने के हेतु से वनविभाग अब और अधिक सक्रिय हो गया है किनवट वनविभाग व पैनगंगा अभयारण्य खरबी के संयुक्त रुप से किनवट शहर मे रोड शो आयोजित कर इस अभियान का मतलब नागरिकोमे वनसंरक्षण के प्रति जागरुकता और वन कर्मियो का मनोबल बढाना साथ ही तस्करोके मन मे भय निर्माण करने का उद्देश है वन विभाग द्वारा



आयोजित रोड शो किनवट शहर के संवेदनशील तथा प्रमुख इलाको जैसे गंगानगर, सुभाष नगर,हमाल कॉलोनी के साथ ही शहर के प्रमुख मार्गो से वर्दी धारी वन कर्मियो का अनुशासित काफीला गुजरा तो लोगो का ध्यान आकर्षित हुआ था यह रोड शो न केवल वन विभाग के अनुशासन और सजगता का प्रदर्शन था बल्की अवैध रुप से पेडो की कटाई करने वालो के लिए एक स्पष्ट चेतावणी भी थी यह वन संरक्षण की लडाई मे किसी भी हालत मे पिछे नही हटने का संदेश दिया गया है इस क्षेत्र के लोगो से वन्य जीवो और प्राकृतिक संसाधनो की रक्षा के लिए आगे आने की आवाहन इस दौरान की इस रोड शो उप वनसंरक्षक केशव वाबले के मार्गदर्शन मे सहायक वनसंरक्षक जी डी गिरी, वनपरिक्षेत्र अधिकारी प्रमोद राठोड,धीरज मदने के नेतृत्व निकाली ग ई हालही मे हुए वन रक्षक पर तस्करो ने हमला किया था प्रशासन घटना को लेकर भेट देकर उसे हिम्मत देना जरुरी था लेकीन वैसा हुआ नही जिससे कर्मचारी यो मे नाराजगी दिखाई दे रही थी इस रोड शो वनरक्षक, वनमजूर एवं वनविभाग के अधिकारी, कर्मचारी सहभागी हुए थे।

## रामदुगु लक्ष्मण को सीपीआई जिला सचिव नियुक्त किया

गयारामदुगु, 23 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)। गयारामदुगु लक्ष्मण को एक बार फिर सर्वसम्मति से सीपीआई जिला सचिव चुना गया। उन्हें मंचेरियल में आयोजित सीपीआई कांग्रेस में चुना गया था।



मित्तपल्ली वेंकटस्वामी, पूर्णिमा,मेकाला दासू, रेगुंटा चंद्रशेखर,जोगुला मल्लैया, वीरभद्रैया, बी. सुदर्शन, आई. लिंगैया, कनकुरी नागेश, मित्तपल्ली श्रीनिवास, कलिंदर अली खान, दगम मल्लेश, लिगम रवि, रेगुंटा चंद्रकला और चिप्पा नरसैय्या को कार्यकारी सदस्य के रूप में चुना गया।

# डॉ.शमा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि दी गई



तानूर, 23 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)। जनसंघ के संस्थापक देश की एकता और अखंडता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले महापुरुष की पुण्यतिथि सोमवार को भैंसा जिनिंग में बड़े धूमधाम से मनाई गई।इस कार्यक्रम मे प्रजाट्रस्ट के अध्यक्ष भोसले मोहनराव पटेल ने कार्यकर्त्ताओ के साथ डॉ शमा प्रसाद मुखर्जी के चित्रपट को पूजा अर्चना कर फूलमालाएं अर्पण कर नमन किया.और श्री पटेल ने कहा डॉ शामा प्रसाद मुखर्जी भारतीय जनता पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं के लिए मार्गदर्शक का का वर्धन थे. प्रजा ट्रस्ट के अध्यक्ष भोसले मोहनराव पटेल के साथ इस बलिदान दिवस कार्यक्रम में शामिल पुस्तकालय के सदस्यों ने माननीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पुण्यतिथि के अवसर पर स्थानीय भैंसा जिनिंग कॉटन फैक्ट्री में श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की और उनकी सेवाओं को याद किया गया। एक देश एक संविधान, उसी तरह समान अधिकार प्राप्त होने की बात कही श्री पटेल ने कहा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी कहते थे कि देश में सभी क्षेत्रों में राजनीति में समाज में देश में सभी धर्मों और जातियों में न्याय आवश्यक है. उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के मंत्र पर चलते हुए देश में सभी धर्मों और जातियों को समान अधिकार दिलाने का काम किया है। इसी तरह भारत देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत एक दशक से 81 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को हर महीने मुफ्त राशन देने का योजना अमल मे लाकर बिना किसी भेदभाव के इस योजना से सभी धर्मों और जातियों को सम्मान देने का कार्य किया है आज इस देश के 81 करोड़ गरीब परिवार इस योजना का लाभ ले रहे है.इस कार्यक्रम मे भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# श्यामा प्रसाद मुखर्जी की आकांक्षाओं को प्राप्त करने का प्रयास : गौड़

मंचेरियाल, 23 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)। जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि के अवसर पर जिला भाजपा कार्यालय में जिला अध्यक्ष नागुनुरी वेंकटेश्वर गौड़ के नेतृत्व में मनाया गया। इसमौके पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया,



नागुनुरी वेंकटेश्वर गौड़ ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी की आकांक्षाओं को प्राप्त करने का प्रयास करेंगे,श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने एक देश में दो झंडे और दो संविधान नहीं होने चाहिए के नारे के साथ धारा 370 को खत्म करने के लिए संघर्ष किया, मुखर्जी एक महान नेता हैं जिन्होंने देश के हितों के लिए जनसंघ की स्थापना की और लोगों के लिए संघर्ष किया,उन्होंने कहा कि सभी भाजपा नेताओं मुखर्जी की आकांक्षाओं को जारी रखने लिया कहा है तत्पश्चात नेताओं कार्यकर्ता को साथ मिलकर भाजपा कार्यालय प्रांगण में पौधा लगाए. इस कार्यक्रम में पेद्दापल्ली पुरुषोत्तम, दुर्गम अशोक, पट्टी वेंकट कृष्णा, बियाला सतीश राव, अकुला अशोक वर्धन, एनागंडुला कृष्णा मूर्ति, गजुला मुकेश गौड़, तुला अंजनेयुलु, जोगुला श्रीदेवी, कर्रे लच्चना, अमीरी सेट्टी राज कुमार, पल्ली राकेश, वैद्य श्रीधर, नागुला राजन्ना, मेरिडीकोंडा श्रीनिवास, रेड्डीमल्ला अशोक,राकेश रेनवा, तरूण सिंह, चिरंजीवी और नेताओं कार्यकर्ताओं अधिक संख्या में उपस्थित हुए।

# ब्लड डोनेशन कैम्प आयोजित



मंचेरियाल, 23 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)। मारवाड़ी युवा मंच, मंचेरियाल शाखा द्वारा 22 जून को श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर के हॉल मे ब्लड डोनेशन कैम्प किया गया। सभी ने बढ़ चढकर इस रक्तदान महोत्सव मे भाग लिया। कुल 54 यूनिट संग्रहित किया गया। अध्यक्ष भरत लड्डा ने मारवाड़ी प्रगति समाज के अध्यक्ष श्री श्यामसुन्दर जी बल्दवा का धन्यवाद दिया जिन्होने हॉल निःशुल्क दिया।

अध्यक्ष भरत लड्डा ने इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी एवं अमृत ब्लड बैंक वालों का धन्यवाद दिया जिन्होंने अपनी अपनी टीम के साथ इस कार्यक्रम को सफल बनाया।

इस कार्यक्रम मे मंच के सभी साथियों ने पूर्ण सहयोग देकर इसे सफल बनाया। अध्यक्ष - भरत लड्डा मंत्री - आनंद झंवर कोषाध्यक्ष - अमित केडिया रक्त संयोजक - पवन तिवारी मुकेश।

# सिगरेट उधार नहीं देने पर नाबालिग लड़के ने की महिला की हत्या



चंद्रपुर/ आसिफाबाद, 23 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)। चंद्रपुर जिले के राजुरा शहर के रमाबाईनगर इलाके में एक चौंकाने वाली घटना हुई है। पता चला है कि एक नाबालिग लड़के ने किराना दुकान चलाने वाली महिला की सिर्फ इसलिए बेरहमी से हत्या कर दी क्योंकि उसने उसे उधार में सिगरेट नहीं दी। इस घटना से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है और पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी नाबालिग लड़के को हिरासत में ले लिया है।15 जून की सुबह रमाबाईनगर में हनुमान मंदिर के पास रहने वाली कविता रायपुर की हत्या का मामला सामने आया। कविता इसी इलाके में किराना दुकान चलाती थी। पुलिस जांच में पता चला कि 14 जून को एक नाबालिग लड़का उसकी दुकान पर आया और उधार में सिगरेट मांगी। कविता ने उसे उधार में सिगरेट देने से साफ इनकार कर दिया। इसी बात को आधार बनाकर लड़के ने उस रात खौफनाक वारदात को अंजाम दिया।रात को कविता के घर पर कोई नहीं था, यह देखकर यह नाबालिगअपराधीलड़का घर में घुस आया। उसने कविता पर धारदार हथियार से कई वार किए और उसकी हत्या कर दी। यह चौंकाने वाली घटना अगली सुबह सामने आई। कविता के बेटे द्वारा थाने में शिकायत दर्ज कराने के बाद पुलिस ने तुरंत जांच शुरू कर दी।पुलिस ने मामले की विस्तृत जांच की।

# खाद्य उत्पादकों के लिए रायतु भरोसा योजना : धोत्रे

कुमरमभीम/आसिफाबाद, 23 जून(शुभ लाभ ब्यूरो)। जिला कलेक्टर वेंकटेश धोत्रे ने एक बयान में कहा कि सरकार ने रायतु भरोसा योजना के माध्यम से खाद्य उत्पादकों को आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि किसानों के खातों में मानसून फसल निवेश निधि जमा होने से किसान खुश हैं और सरकार ऋतु भरोसा निधि प्रदान करके किसानों के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कृषि को उत्सव बनाने और किसानों के साथ खड़े होने के संकल्प के



साथ ऋतु भरोसा योजना को महत्वाकांक्षी रूप से लागू कर रही है। उन्होंने कहा कि इस बार बारिश के जल्दी आने से किसान 70 प्रतिशत कपास की फसल उगा रहे हैं और किसान ऋतु भरोसा निधि से बीज और खाद खरीद रहे हैं। उन्होंने बताया कि निवेश सहायता के तहत सोमवार तक जिले के 15 एकड़ तक के 1 लाख 31 हजार 287 किसानों के खातों में 240 करोड़ 60 लाख 63 हजार 664 रुपये जमा हो चुके हैं।

उन्होंने बताया कि सरकार ने सीजन शुरू होने से पहले किसानों के खातों में ऋतु भरोसा निधि जमा कर दी है, जिससे किसान कर्ज के बोझ से बचकर धान, ज्वार, कंडी और पेसरा जैसी अन्य फसलों की खेती करने के लिए तैयार हैं।

# छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी आगे आना चाहिए : कलेक्टर

कुमरमभीम/आसिफाबाद, 23 जून(शुभ लाभ ब्यूरो)। जिला कलेक्टर वेंकटेश दोत्रे ने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी आगे आना चाहिए। सोमवार को जिला केंद्र स्थित एकीकृत जिला कलेक्टरेट भवन परिसर में जिला युवा खेल विभाग द्वारा आयोजित ओलंपिक डे रन रैली का ध्वज-रोहण कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए जिला कलेक्टर ने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि खेलों के माध्यम से



अनुशासन के साथ-साथ शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत होने से पढ़ाई में एकाग्रता बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को ऐसा खेल चुनना चाहिए जो आर्थिक रूप से व्यवहार्य हो और पढ़ाई में आगे बढ़कर जिले का नाम रोशन करें। ओलंपिक डे रन रैली जिला केंद्र स्थित चिल्ड्रन पार्क, कोमुराम भीम चौक, अंबेडकर चौरास्ता और बस स्टैंड से होकर गुजरी।

# किनवट में श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित

किनवट, 23 जून (शुभ लाभ ब्यूरो) भारतीय जनसंघ के संस्थापक महान शिक्षणतज्ञ, प्रखर राष्ट्रवादी विचारक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की बलिदान दिवस निमित्त किनवट शहर मे लोकार्पण जनसंपर्क कार्यालय पर आयोजित समारोह में विधायक भिमराव केराम समेत पदाधिकारियो ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर अभिवादन किया गया तदपश्चात सेवा, सुशासन, गरीब



कल्याण के 11 साल संकल्प से सिध्दी तक कार्यशाला आयोजित कार्यक्रम मे विधायक भिमराव केराम ने विश्व नेता तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत करने के लिए मेहनत व सरकार के 11 साल की महान कार्य की जानकारी देते हुए कहा प्रत्येक कार्यकर्ता ओ तक यह पहुंचाना की आवश्यकता है इस समय भाजपा के वरिष्ठ नेता राघु मामा ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन कार्य पर प्रकाश डाले भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष स्वागत आयनेनीवार,पूर्व नगराध्यक्ष आनंद मच्छेवार, दिनकर चाडावार, दिपक नेमानीवार, अनिल तिरमनवार, श्रीनिवास नेमानीवार, रमेश बट्टीवार, सतीश बिराजदार, विश्वास कोल्हरीकर, बालकृष्ण कदम,एड माज बडगुजर,शिवा आंधले,शिवा क्यातमवार, राजेंद्र भातनासे, आकाश भंडारे, गौरव इटकेपेलीवार, नरेंद्र सिरमनवार, कृष्णा पाटील,धीरज नेमानीवार, जगदीश तिरमनवार, कृष्णा कलकुटलवार, राहुल दारगुलवार, संतोष कनाके, प्रशांत मोरे, सुनील मच्छेवार, जय वर्मा समेत पदाधिकारी व कार्यकर्ते उपस्थित थे।



इंसानियत की खिदमत संस्था द्वारा सोमवार दि. 23 जून को रविन्द्र भारती में आयोजित एक भव्य समारोह में सेंट्रल पीस एंड वेलफेयर कमेटी के पदाधिकारियों का उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मान किया गया। सम्मान पाने वालों में- ऑल जोन जनरल सेक्रेटरी श्रीकिशन शर्मा, सेंट्रल जोन अध्यक्ष शशिकांत अग्रवाल, साउथ वेस्ट जोन अध्यक्ष मोअज़्ज़म अली, नॉर्थ जोन अध्यक्ष आर. उमेंनदर कुमार एडवोकेट,, वेस्ट जोन की अध्यक्ष तेजो विजय कुमारी, ईस्ट जोन अध्यक्ष नारायण रेड्डी, साउथ ईस्ट जोन अध्यक्ष ख्वाजा गाजुद्दीन, साउथ जोन अध्यक्ष ख्वाजा मुईजुद्दीन शामिल हैं।

# तेलंगाना कैबिनेट ने चौटुप्पल से संगारेड्डी तक 201 किमी आरआरआर को मंजूरी दी

**हैदराबाद, 23 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राजस्व मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी ने घोषणा की कि तेलंगाना सरकार ने चौटुप्पल से संगारेड्डी तक 201 किलोमीटर क्षेत्रीय रिंग रोड (आरआरआर) के लिए अपनी मंजूरी दे दी है।



राज्य मंत्रिमंडल की बैठक सोमवार 23 जून को डॉ. बीआर अंबेडकर तेलंगाना राज्य सचिवालय में हुई।

बैठक के दौरान, आंध्र प्रदेश सरकार की पोलावरम-बनकाचेरला लिंक परियोजना (पीबीएलपी) का विरोध करने और आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम 2014 के अनुसार आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के बीच संपत्तियों के वितरण पर एक राज्य स्तरीय उच्च स्तरीय समिति बनाने का प्रस्ताव पारित किया गया।कैबिनेट ने कालेश्वरम परियोजना के डिजाइन के दौरान विशेषज्ञ सेवानिवृत्त इंजीनियरों द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट, राज्य सरकार की राय कि क्या परियोजना को कैबिनेट उप-समिति की मंजूरी मिली थी और क्या उन्हें पूरा करने के लिए बजट में प्रावधान थे, को भी कालेश्वरम परियोजना में अनियमितताओं की जांच के लिए न्यायमूर्ति पीसी घोष आयोग को सौंपने का निर्णय लिया है।कैबिनेट में यह भी निर्णय लिया गया है कि राज्य भर के सभी जिला कलेक्ट्रेट में 'तेलंगाना थल्ली' की नई प्रतिमा स्थापित की जाएगी।

कैबिनेट बैठक के दौरान 'तेलंगाना खेल नीति' के मसौदे को भी मंजूरी दी गई।खेल एवं युवा मामलों के मंत्री वक्ति श्रीहरि ने कहा कि तेलंगाना स्पोर्ट्स हब बोर्ड ऑफ गवर्नेंस के गठन का निर्णय कैबिनेट की बैठक के दौरान लिया गया और प्रत्येक कलेक्टर फंड से 10 प्रतिशत धनराशि खेल विकास पर खर्च की जाएगी।उन्होंने यह भी कहा कि खेलों में आरक्षण बढ़ाने का निर्णय लिया जा रहा है तथा राज्य भर में आवश्यक बुनियादी ढांचे के साथ-साथ खेल कोर्ट पर भी कैबिनेट बैठक में चर्चा की गई।

पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री पोन्नम भाभाकर ने कहा कि बैठक के दौरान पलामुरु क्षेत्र (अविभाजित महबूबनगर जिला) में एक आईआईआईटी स्थापित करने का निर्णय भी लिया गया, ताकि अगले 6 वर्षों में उस संस्थान में 1,080 सीटें सृजित की जा सकें।

# केटीआर के हस्तक्षेप से मलेशियाई जेल से रिहा हुए तेलंगाना के तीन लोग सुरक्षित घर लौटे

**हैदराबाद, 23 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

मलेशिया में कैद तेलंगाना के तीन और निवासी सुरक्षित वापस आ गए हैं। यह भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव (केटीआर) के प्रयासों से संभव हुआ है।



निजामाबाद जिले के काडेम मंडल के लिंगपुरा गांव के राचकोंडा नरेश और गुंडा श्रीनिवास तथा दस्तूराबाद मंडल के मुन्याल गांव के यमुनुरी रविंदर को सोमवार को मलेशियाई हिरासत से रिहा कर दिया गया। यह उन छह तेलंगाना निवासियों में से शेष तीन की वापसी का प्रतीक है, जिन्हें मलेशिया में गलत तरीके से जेल में डाला गया था।पिछले महीने, पहले तीन व्यक्तियों को वापस लाया गया था, और अब, बीआरएस के वरिष्ठ नेता और खानपुर निर्वाचन क्षेत्र के प्रभारी भुक्या जॉनसन नाइक द्वारा निरंतर कूटनीतिक और जमीनी प्रयासों के माध्यम से, शेष तीन को रिहा कर दिया गया है।केटीआर के निर्देशों पर काम करते हुए जॉनसन नाइक मलेशिया गए, भारतीय और मलेशियाई दूतावासों के साथ समन्वय किया, कानूनी सलाहकार नियुक्त किए और उनकी रिहाई और भारत वापस आने का पूरा खर्च उठाया। भावनाओं से अभिभूत, रिहा हुए व्यक्तियों ने गहरी कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने कहा, जब हमें लगा कि मलेशियाई जेलों में हमारा जीवन समाप्त होने वाला है, तो केटीआर ने हमें उम्मीद दी।

# तेलंगाना कैबिनेट में जगह की मांग को लेकर कुरुमा यादव समुदायों ने किया अनोखा विरोध प्रदर्शन



**हैदराबाद, 23 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना सरकार में कैबिनेट पद की मांग को लेकर कुरुमा और यादव समुदाय के सदस्यों ने सोमवार 23 जून को गांधी भवन में एक अनोखा विरोध प्रदर्शन किया। वे दोनों समुदायों के प्रतिनिधियों के लिए मंत्री पद की मांग करते हुए मवेशियों को लेकर कांग्रेस मुख्यालय पहुंचे।गांधी भवन में कुछ देर तक हंगामा होता रहा, जिसके बाद पुलिस ने हस्तक्षेप किया और प्रदर्शनकारियों को शांत किया। प्रदर्शनकारियों ने नारे लगाए और झंडे के साथ अपने ज्ञापन की प्रतियां भी पकड़ी हुई थीं। उन्होंने मांग की, तेलंगाना कैबिनेट में गोल्ला समुदाय का प्रतिनिधित्व होना चाहिए।12 जून को कुरुमा और गोल्ला समुदायों के सदस्यों ने तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क को एक ज्ञापन सौंपकर राज्य मंत्रिमंडल में अपने-अपने समुदायों के प्रतिनिधियों के लिए मंत्री पद की मांग की।अलेरू के विधायक और सरकारी सचेतक बीरला इलैया ने मांग का नेतृत्व करते हुए इन समुदायों के निष्पक्ष राजनीतिक समावेश की आवश्यकता पर बल दिया, जिनकी कुल जनसंख्या राज्य में लगभग 2.8 मिलियन है।12 जून को, अयिलय्या के नेतृत्व में, चरण कौशिक यादव, लोकेश यादव, गौरी सतीश, वेणुगोपाल यादव, शिवकुमार और गज्जी भास्कर सहित गोल्ला और कुरुमा समुदायों के कांग्रेस नेताओं ने गांधी भवन में तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के अध्यक्ष महेश कुमार गौड़ और प्रजा भवन में उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क से मुलाकात की।उन्होंने एक ज्ञापन प्रस्तुत कर सरकार से आग्रह किया कि वह उनके समुदाय के सदस्यों को कैबिनेट और पार्टी में पद आवंटित करे।गांधी भवन में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए अयिलय्या ने कहा, सरकार और पार्टी पदों पर पिछड़े वर्गों (बीसी) के साथ न्याय किया गया है, लेकिन गोल्ला और कुरुमा समुदायों की उपेक्षा की गई है। राज्य में 22 लाख गोल्ला और 600,000 कुरुमा हैं।समुदायों ने एक कैबिनेट मंत्री पद, एक एमएलसी, पांच निगम अध्यक्ष, पांच आयोग सदस्य, एक पीसीसी कार्यकारी अध्यक्ष, तीन उपाध्यक्ष, आठ महासचिव और पांच जिला कांग्रेस अध्यक्ष पदों की मांग की है।महेश कुमार गौड़ ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि कांग्रेस पार्टी गोल्ला और कुरुमा नेताओं के लिए पार्टी पदों पर अवसर सुनिश्चित करेगी, उन्होंने उनकी चिंताओं को दूर करने और उन्हें उचित प्रतिनिधित्व प्रदान करने का वादा किया।

आज का अल्पाहार
राधे राधे ग्रुप
हैदराबाद



चि. रुद्र वसानी
(सुपुत्र : ऋषभ वसानी - आँचल अग्रवाल)
के जन्मदिवस के अवसर पर
वितरण स्थल : मेट्रो पिल्लर नं. A-1265, पब्लिक गार्डन रोड
SATISH KUMAR GUPTA 92465 05234
JAGAT NARAYAN AGARWAL 92465 35311
MAHESH AGARWAL 98490 98502

# तेलंगाना ने रायथु भरोसा योजना के तहत किसानों को 8,284.66 करोड़ वितरित किए

**हैदराबाद, 23 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना सरकार ने खरीफ सीजन के लिए रायथु भरोसा (किसान आश्वासन) योजना के तहत 67.01 लाख किसानों के बैंक खातों में सीधे 8,284.66 करोड़ रुपये हस्तांतरित किए हैं , कृषि मंत्री टी. निरंजन रेड्डी ने सोमवार को घोषणा की।इस योजना के तहत पात्र किसानों को कृषि व्यय को पूरा करने के लिए प्रति एकड़ 6,000 रुपये की वित्तीय सहायता दी जा रही है। इस पहल का उद्देश्य चालू खरीफ सीजन के दौरान किसानों पर पड़ने वाले वित्तीय बोझ को कम करना है।निधि हस्तांतरण चरणों में किया जा रहा है : चरण 1 : 2 एकड़ तक की भूमि वाले किसानों को पहले धनराशि दी गई। चरण 2 : 3 से 4 एकड़ तथा उसके बाद 7 एकड़ तक के स्वामित्व वाले किसानों को कवर किया गया। चरण 3 (चल रहा) : 15 एकड़ तक भूमि वाले किसान अब इसका लाभ प्राप्त कर रहे हैं।कृषि मंत्री के अनुसार , सोमवार को ही अतिरिक्त 513.83 करोड़ जारी किए गए। उन्होंने आश्वासन दिया कि शेष किसानों को, चाहे वे कितने भी एकड़ में खेती करते हों, खेती के तहत वास्तविक भूमि के आधार पर वित्तीय सहायता मिलेगी ।मंत्री निरंजन रेड्डी ने किसानों को सशक्त बनाने और समय पर वित्तीय सहायता सुनिश्चित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। यह योजना राज्य में ग्रामीण आजीविका और कृषि उत्पादकता को समर्थन देने की व्यापक पहल का हिस्सा है।

आज का अल्पाहार
राधे राधे ग्रुप
हैदराबाद



श्री सतीशकुमार-श्रीमती आशा गुप्ता
के वैवाहिक वर्षगांठ के अवसर पर
वितरण स्थल : मेट्रो पिल्लर नं. A-1265, पब्लिक गार्डन रोड
JAGAT NARAYAN AGARWAL 92465 35311
MAHESH AGARWAL 98490 98502




# वेरीफास्ट ऐप के साथ पासपोर्ट सत्यापन में तेलंगाना पुलिस शीर्ष पर

**हैदराबाद, 23 जून (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

डिजिटल प्लेटफॉर्म वेरीफास्ट के सफल कार्यान्वयन के साथ , तेलंगाना राज्य पुलिस पासपोर्ट सत्यापन के लिए भारत में शीर्ष प्रदर्शन करने वाले पुलिस बल के रूप में उभरी है। एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि तेलंगाना के खुफिया महानिदेशक (डीआईजी) बी शिवधर रेड्डी को पासपोर्ट सेवा दिवस के अवसर पर केंद्र सरकार द्वारा नई दिल्ली में सम्मानित किया जाएगा। पासपोर्ट सेवा दिवस 23 जून को मनाया जाता है। तेलंगाना पुलिस ने पासपोर्ट सत्यापन में



सबसे तेज़ औसत टर्नअराउंड समय दर्ज किया है, जो अक्सर तीन कार्य दिवसों से कम समय में जांच पूरी कर लेता है। सिस्टम की गतिशील पुनर्निर्धारण सुविधा ने राज्य भर के अधिकांश पुलिस स्टेशनों में शून्य बैकलॉग भी सुनिश्चित किया है।वेरीफास्ट ने सत्यापन में लगने वाले समय को काफी कम कर दिया है, जिससे पारदर्शिता, दक्षता और नागरिक संतुष्टि बढ़ी है। यह फील्ड सत्यापन अधिकारियों, पुलिस निरीक्षकों/एसीपी और पासपोर्ट सत्यापन प्रकोष्ठों द्वारा बहु-स्तरीय सत्यापन को सक्षम बनाता है। यह आवेदकों को तत्काल एसएमएस अपडेट और पृष्ठभूमि जांच के लिए खुफिया प्रणालियों के साथ सहज एकीकरण की अनुमति देता है। यह सभी प्रमुख प्लेटफ़ॉर्म पर भी काम करता है: एंड्रॉइड, आईओएस, विंडोज और लिनक्स।

सर्वे भवन्तु सुखिनः
मानव सेवा-माधव सेवा
AGARWAL SAMAJ (Regd.) TELANGANA
301, Raghav Ratna Towers, Chirag Ali Lane, Abids, Hyderabad - 500 001 (TS)
Email : agarwalsamajtelangana.gmail.com | Website : www.agarwalsamajtelangana.com

CHANGE IN THE PLACE / VENUE OF ELECTION

The election notification dated 11-06-2025 for the **election of Office beares of Agarwal Samaj-Telangana for 2025-2027** stands corrected.

Due to logistic reasons beyond our control, the venue/place for casting of votes and counting of votes / elections of Office-Bearers of Agarwal Samaj – Telangana has been changed from Agarwal Siksha Samiti premises to **Dreamland Gardens, 152, Rani Bagh, Anna Nagar, Secunderabad**. Voting will be by secret ballot from 11.00 am to 03.00 pm on Sunday, 29-06-2025, followed by counting of votes at 05.00 pm on the same day

For AGARWAL SAMAJ, TELANGANA
Dr. Mohan Gupta
Election Officer
Mukund Lal Agarwal
Member, Election Committee
Mahender Gupta
Member, Election Committee
Date : 23-06-2025
Place : HYDERABAD

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.